माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 13 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 87, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति 14
राजामौली की फिल्म में महेश संग विदेशी अदाकारा 13

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर ₹ 5/- प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start 20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## सोनिया हो सकती हैं कांग्रेस से राज्यसभा उम्मीदवार

▸ हिमाचल या राजस्थान से उच्च सदन भेजे जाने की चर्चा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के साथ सीट बंटवारे और राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के नामों पर सोमवार को चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी व पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन के नाम संभावित उम्मीदवारों में प्रमुख हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी को राजस्थान या हिमाचल प्रदेश से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है। संख्या बल के हिसाब से दोनों प्रदेशों से कांग्रेस को राज्यसभा की एक-एक सीट मिलेगी। सोनिया गांधी के इस बार लोकसभा लड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में कहा था कि यह आखिरी बार है, जब वह आम चुनाव लड़ रही हैं। अगर सोनिया गांधी को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया जाता है, तो उनके संसदीय जीवन में पहली बार होगा कि वह उच्च सदन में जाएंगी। सोनिया गांधी 1999 से लोकसभा सदस्य रही हैं।

## कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारी रिहा

नई दिल्ली, एजेंसी

कतर ने जेल में बंद भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया है, जिन्हें कथित रूप से जासूसी के एक मामले में पिछले साल अक्टूबर में मौत की सजा सुनाई गई थी। इनमें से सात भारत लौट आए हैं। रिहाई से 46 दिन पहले उनकी मौत की सजा को अलग अलग अवधि की कारावास सजा में तब्दील किया गया था।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई की अपनी यात्रा के बाद 14 फरवरी को कतर की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि रिहा किए गए आठ भारतीय नागरिकों में से सात



▸ सात भारत लौटे, अगस्त 2022 में जासूसी के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

भारत लौट आए हैं और देश अपने नागरिकों की रिहाई तथा उनकी घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है।'

मंत्रालय ने कहा, 'रिहा किए गए आठ भारतीयों में से सात भारत लौट आए हैं। हम इनकी रिहाई और घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं।' कैप्टन (सेवानिवृत्त) नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर (सेवानिवृत्त) पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, और सुगुनाकर पकाला और नाविक (सेवानिवृत्त) रागेश को सजा सुनाई गई थी। तिवारी दोहा में ही रुके हैं।

### रिहाई में डोभाल ने निभाई अहम भूमिका

नौसेना के पूर्व कर्मियों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को मृत्युदंड को कम कर दिया था और पूर्व नौसैन्य कर्मियों को अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। भारतीय नागरिकों को जासूसी के एक कथित मामले में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था। अपीलीय अदालत ने मौत की सजा को कम करने के बाद उन्हें उनकी जेल की सजा के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया था। यह पता चला है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारतीय नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने में कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत में भूमिका निभाई थी।

### केंद्रीय मंत्रियों ने बताई कूटनीतिक जीत

पूर्व नौसैनिकों की रिहाई को केंद्रीय मंत्रियों ने भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत बताया। स्मृति ईरानी ने पूर्व नौसैनिकों का स्वागत करते हुए कहा, 'जैसे ही हमारे नौसेना के दिग्गज भारतीय धरती पर लौटे तो उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उनके शब्द प्रधानमंत्री के प्रभावशाली नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत के राजनयिक कौशल को रेखांकित करते हैं।' अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मतलब दुनिया भर में भारत के लोगों के जीवन और स्वतंत्रता की गारंटी है।'

## नीतीश सरकार शक्ति परीक्षण में पास, विपक्ष ने किया वॉकआउट

### समर्थन में 129 वोट पड़े, राजद में टूट, तीन सदस्यों ने सरकार के पक्ष में की वोटिंग

पटना, एजेंसी

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने विधानसभा में मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन सदस्यों के साथ से विश्वास मत शून्य के मुकाबले 129 से जीत लिया।

विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब डेढ़ बजे विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर 2 घंटे से अधिक हुई चर्चा के बाद मतदान कराया गया, लेकिन मतदान से पहले ही राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। प्रस्ताव के पक्ष समर्थन में 129 मत पड़े। इससे पहले सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 125 के मुकाबले 112 मत से पारित हो जाने के कारण आसन पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी बैठे थे। इसलिए वह मतदान नहीं कर सके।



शक्ति परीक्षण से पहले विधानसभा पहुंचे नीतीश कुमार अभिवादन स्वीकारते हुए।

### राजद के लोग सत्ता में रहकर कमाई कर रहे थेः नीतीश

विश्वास मत पर हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने उनके मंत्रिमंडल में रहे राजद कोटे से रहे मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, "जब राजद के साथ हम सरकार बनाए थे तो शुरू में सब ठीक था, लेकिन बाद में पता चला कि वो लोग सरकार में रहकर कमाई कर रहे हैं। आज तक मेरी सरकार में ऐसा कभी नहीं हुआ।" उन्होंने कहा कि राजद ने सरकार में बहुत गलत काम किया। वह इसकी जांच कराएंगे।

हजारी जदयू के विधायक हैं। सरकार के पक्ष में राजद के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव ने भी मतदान किया। वहीं सत्ता पक्ष के एक विधायक दिलीप राय सदन में अनुपस्थित थे। 243 सदस्यीय बिहार विधान सभा में राजग के 128 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 78, जदयू के 45, हम के 04 और 01 निर्दलीय शामिल हैं।

### तेजस्वी का नीतीश पर तंज, बोले- ना पलटने की गारंटी मोदी जी लेंगे

बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया तो तेजस्वी यादव ने भाजपा और जदयू को निशाने पर लिया।



विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत में तेजस्वी ने कहा, 'मोदी जी की गारंटी तो बहुत मजबूत गारंटी है। ऐ मोदी की गारंटी वालो, क्या मोदी जी गारंटी लेंगे कि ये फिर से पलटेंगे या नहीं। बताइए। मोदी जी की गारंटी वालों बताओ। खैर हमको इसकी चिंता नहीं है।' नीतीश कुमार से तेजस्वी यादव ने कहा, 'कम से कम एक बार बता तो देते। आप तो कुछ बताए भी नहीं। हम आपको कुछ कहे हैं। आप हमसे कहे होते तो हम बाहर से समर्थन दे दिए होते।'

## अब न दंगा होता है, न सरकारी नौकरी में वसूलीः मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸ भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा का मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ बांगर से मुख्यमंत्री ने की शुरुआत

▸ कहा, 119 चीनी मिलों में 105 मिलें 10 दिन से कम समय में कर रहीं बकाया भुगतान

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुजफ्फरनगर जिले के शुकतीर्थ बांगर से भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरू करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में आए दिन दंगा होते थे। सरकारी नौकरियों में डाका डाला जाता था। मगर अब न कहीं दंगा होता है, न ही सरकारी नौकरी में वसूली।

मुख्यमंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और धनराशि का चेक देते हुए कहा कि पिछले वर्ष का 99 प्रतिशत से ज्यादा गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में क्रियाशील 119 चीनी मिल में से 105 चीनी मिलें 10 दिन से कम समय में गन्ना किसानों का भुगतान कर रही हैं। बाकी बची मिलों पर दबाव बनाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसान की मेहनत का पैसा दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की बड़ी वजह अन्नदाता



किसान हैं। हमारे एजेंडे में किसान सबसे पहले हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर का दंगा कई महीनों तक चला था। उसे कोई नहीं भूल सकता है। 2017 में हमने आपसे सुरक्षा वादा किया था। आज पूरा प्रदेश सुरक्षित है और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। कहा कि पहले की सरकारें सरकारी नौकरियों में डाका डालती थी। अपने भाई, भतीजों और परिवार के लोगों को सरकारी नौकरियों में भरते थे। प्रदेश का नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश में लगभग 60 हजार नागरिक पुलिस आरक्षियों की बिना भेदभाव के भर्ती हो रही है।

### नौ संकल्पों को लेकर चल रही ग्राम परिक्रमा यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा निकाली जा रही ग्राम परिक्रमा यात्रा 9 संकल्पों को लेकर चल रही है। ये संकल्प जल संरक्षण, डिजीटल भुगतान, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, मिलेट्स, ग्रामीण खेल, स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से वंचित किसानों की मदद है। यात्रा के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को सभी 9 संकल्पों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री संजीव कुमार बलियान, प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.1% पर आई

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी आने के कारण इस वर्ष जनवरी में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.10 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में खुदरा महंगाई 5.69 प्रतिशत रही है, जबकि जनवरी 2023 में यह 6.52 प्रतिशत पर रही थी। अगस्त 2023 में यह महंगाई 6.83 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर रही थी।

### अब एम्स में स्मार्ट कार्ड से होंगे सभी भुगतान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अब मरीज या उनके तीमारदारों के साथ लूटपाट की घटनाएं नहीं हो पाएंगी। दरअसल, एम्स ने स्टेट बैंक की सहायता से एम्स ने एक स्मार्ट कार्ड विकसित किया है, जिससे सभी तरह का भुगतान किया जा सकेगा। इस स्मार्ट कार्ड के जरिए न सिर्फ मरीज और उनके तीमारदार किसी भी मद में भुगतान कर सकेंगे, बल्कि दूर दराज से पैसा भी ऑनलाइन मंगवा सकेंगे।

## आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले की जांच करेगी एसटीएफ

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) प्री परीक्षा-2023 का पेपर लीक होने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद आयोग ने इस परीक्षा की जांच एसटीएफ से कराने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक परीक्षा की जांच के लिए एक आंतरिक समिति का भी गठन किया है। यह समिति जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंपेगी। मालूम हो कि प्रदेश के 58 जिलों के 387 केंद्रों पर रविवार को समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा-2023 हुई थी। इसमें प्रतापगढ़ जिले के राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज में एक अभ्यर्थी नकल करते रंगे हाथ पकड़ा गया था। इसी मामले में गाजीपुर के एक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने पेपर आउट का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा था। इस परीक्षा में पेपर लीक होने के मामले को लेकर पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।




## महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

मुंबई, एजेंसी

▸ पार्टी के कई नेताओं के साथ भाजपा में हो सकते हैं शामिल



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। चव्हाण ने इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को एक पत्र लिखा है और राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भी भेजा है।

हाल के वर्षों में महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक कई झटके लगे हैं, क्योंकि पार्टी के प्रमुख नेताओं मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी और उल्हास पाटिल सहित कई प्रमुख नेता पार्टी छोड़कर भाजपा, एनसीपी और शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। सूत्रों के मुताबिक चव्हाण वर्तमान विधायकों समेत कुछ बड़े नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

### नेकां की पूर्व नेता शहनाज गनई भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की पूर्व नेता और विधान परिषद की पूर्व सदस्य शहनाज गनई सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और भाजपा महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में गनई ने भाजपा की सदस्यता ली।

## हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी के खिलाफ 2.44 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस

▸ नगर निगम ने 15 फरवरी तक का दिया समय

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी नगर निगम ने बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक के खिलाफ सरकारी संपत्तियों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए सोमवार को दो करोड़ 44 लाख रुपये की वसूली का नोटिस जारी किया। नगर आयुक्त द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि मलिक का बगीचा में अवैध रूप से बनाए गए दो भवनों को ध्वस्त करने के लिए गई प्रशासनिक टीम पर हमला कर मलिक के समर्थकों द्वारा नगर निगम की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। मलिक द्वारा कथित रूप से किए गए नुकसान का प्रारंभिक आकलन 2.44 करोड़ रुपये बताते हुए नगर निगम ने उसे 15 फरवरी तक यह राशि नगर निगम, हल्द्वानी में जमा करवाने को कहा है। ऐसा न होने पर उससे कानूनी तरीके से यह वसूली की जाएगी। मलिक ने ही कथित तौर पर अवैध मदरसा और नमाज स्थल का निर्माण कराया था, जिनके ध्वस्तीकरण के दौरान हिंसा भड़क गई थी।

## रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने राजग में शामिल होने का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

▸ जाट नेता के इस फैसले से पश्चिमी यूपी में बदलेंगे चुनावी समीकरण



राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने सोमवार को भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन राजग में शामिल होने का ऐलान कर दिया। हालांकि जयंत का एनडीए में शामिल होना कई दिनों से तय माना रहा था, लेकिन आधिकारिक पुष्टि का इंतजार था। अब जयंत के राजग में जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी समीकरण भी पूरी तरह बदल जाएंगे।

जयंत चौधरी ने राजग में जाने के सवाल पर पत्रकारों से बात भी की। जब उनसे पूछा गया कि खबर आ रही है कि आप राजग में जा रहे हैं, लेकिन खबर ये भी आ रही हैं कि आपके विधायक नाराज हैं। इस सवाल के जवाब में जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने दल के सभी विधायकों, कार्यकर्ताओं से बात की है और फिर यह फैसला लिया है। इस फैसले के पीछे कोई बड़ी प्लानिंग नहीं रही है या बहुत समय से हम यही सोचे बैठे हों। बहुत कम समय में यह फैसला हमें लेना पड़ा। परिस्थितियों के कारण हमें यह फैसला लेना पड़ा।

बता दें कि बीते दिनों चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने का केंद्र सरकार ने ऐलान किया था। इसका जिक्र करते हुए जयंत चौधरी ने कहा, 'जब भारत रत्न से नवाजा गया है तो यह सिर्फ मेरे परिवार के लिए नहीं, देश के किसानों, गरीबों के लिए सम्मान की बात है।'

## राज्यों में उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति असंवैधानिक नहींः शीर्ष अदालत

नई दिल्ली, एजेंसी



▸ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह सिर्फ एक ओहदा, कोई अतिरिक्त लाभ भी नहीं मिलता

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप-मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है।

पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील से कहा कि उपमुख्यमंत्रियों को केवल दूसरे मंत्रियों से वरिष्ठ माना जाता, लेकिन वे उनसे अधिक वेतन नहीं लेते हैं। इसके बाद वकील ने दलील दी कि उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति सरकारी विभाग में अन्य अधिकारियों के लिए गलत उदाहरण स्थापित कर रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'उनकी नियुक्ति का आधार क्या है। आधार केवल धर्म और समाज का विशेष संप्रदाय है। ऐसे उप मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्ति का कोई अन्य आधार नहीं है।' पीठ ने हालांकि कहा कि एक उप मुख्यमंत्री एक विधायक और एक मंत्री होता है।

### अभी 14 राज्यों में 26 उपमुख्यमंत्री

देशभर के 14 राज्यों में इस समय 26 उपमुख्यमंत्री नियुक्त हैं। 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति का राज्य के नागरिकों से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति से बड़े पैमाने पर जनता में भ्रम पैदा होता है और राजनीतिक दलों द्वारा काल्पनिक पोर्टफोलियो बनाकर गलत और अवैध उदाहरण स्थापित किए जा रहे हैं।

## किसानों का प्रदर्शन आज, देखते ही गिरफ्तारी का आदेश

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून एवं स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर कई राज्यों के किसान दिल्ली की तरफ बढ़ चुके हैं। उनका प्रदर्शन 13 फरवरी को प्रस्तावित है, लेकिन दिल्ली पुलिस ने सभी तरह के धरना, प्रदर्शन, जुलूस व जनसभा पर रोक लगा दी है। सभी सीमाएं सील कर दी गई है और किसानों को देखते ही गिरफ्तार करने का आदेश भी जारी किया गया है।

दूसरी तरफ कुछ किसान नेताओं के साथ चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के मंत्रियों ने बैठक की, लेकिन देररात तक चली यह बैठक बेनतीजा रही।



'दिल्ली कूच' के तहत अपने वाहन से हरियाणा के फतेहाबाद पहुंचे किसान ● एजेंसी

किसान मजदूर मोर्चा ने कहा कि उनका दिल्ली कूच जारी रहेगा। बता दें कि किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वर्ष 2021 की तर्ज पर पुनः आंदोलन करने की धमकी दी थी और 13 फरवरी को संसद का घेराव करने का नोटिस दिया था। उन्होंने देशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई है, जिसके तहत इस बार न सिर्फ उत्तर प्रदेश हरियाणा पंजाब मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के किसान दिल्ली में प्रदर्शन करने

▸ चंडीगढ़ में किसान प्रतिनिधियों की सरकार के साथ बैठक बेनतीजा

के लिए चल चुके हैं, बल्कि दक्षिण भारत के तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के किसान भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने देर शाम बताया कि किसान आंदोलन सहित सभी तरह की आंदोलनकारी गतिविधियों जैसे धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रेलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और धारा 144 पूरी दिल्ली में लागू कर दी गई है। ट्रैक्टर, टेंपो सहित बाहरी वाहनों पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली भर में यदि किसानों का कहीं भी हुजूम नजर आएगा तो उन्हें देखते ही गिरफ्तार करने के भी आदेश दिए गए हैं।

### पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेड्स और सड़कों पर कीलें ठुकवाईं

किसान आंदोलन को रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली राज्यों को लेकर एक रणनीति बनाई है, जिसके तहत किसानों को दिल्ली आने से पहले ही उनको उनके गृह राज्य में ही रोका जाएगा ताकि दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का जमावड़ा न लग सके। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, गाजियाबाद, नोएडा, गाजीपुर, सिंधु बॉर्डर पर भी पुलिस ने कंक्रीट के बैरिकेड्स एवं सड़कों पर कीलें ठुकवा दी है।


शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# उम्मीद: गर्रा नदी पर बनेगा दूसरा पुल, डीपीआर बनना शुरू

## वर्तमान में गर्रा पुल पर रोज लगता है जाम, एंबुलेंस में जा रही मरीज होते हैं परेशान, नए पुल से होगा समस्या का समाधान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


गर्रा पुल शाहजहांपुर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गर्रा नदी पर दूसरा पुल बनाने के लिए डीपीआर बनना शुरू हो गया है। अब मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए जाने वाले मरीजों की एंबुलेंस जाम में नहीं फंसेगी। साथ ही आम जनता को भी जाम से निजात मिलेगी। यही नहीं संकरे पुल के चलते हादसा होने की भी आशंका नहीं रहेगी।

शहर को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी है। गर्रा नदी पर अब एक नहीं बल्कि दो-दो पुल होंगे। वर्तमान में बने पुल के समानांतर दूसरा पुल बनाया जाएगा। शहर की खन्नौत नदी पर दो पुल हो गए हैं। एक पुल पुराना बना हुआ है और दूसरा पुल भी उसी के पास नया बना दिया गया है। खन्नौत नदी पर दूसरा पुल बनने से पहले जाम की स्थिति विकराल हो रही थी। लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार पुल पर जाम लग जाता था और लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहते थे। इसी को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने यहां पुल निर्माण को मंजूरी दी थी। इसके बाद खन्नौत नदी पर नया पुल बनाया गया। इसके बाद यहां जाम की समस्या खत्म हो गई है।

17 जनवरी को खन्नौत नदी के नवनिर्मित पुल का लोकार्पण भी हो गया। पुल के लोकार्पण के मौके पर पहुंचे लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि अब गर्रा नदी पर भी दूसरा पुल बनाना है। लोनिवि और सेतु निगम के अधिकारियों ने बताया कि शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही गर्रा नदी पर राजघाट के पास बना पुराना पुल यातायात का बोझ ठीक से नहीं उठा पा रहा है। हालांकि साल 2015 में ही गर्रा नदी पर दूसरा पुल बनकर तैयार हुआ है। नए पुल का लोकार्पण किया गया। निष्प्रयोज्य पुराने पुल पर वर्तमान में नगर निगम की ओर से वेंडिंग जोन बना दिया गया है। नए पुल पर दोनों ओर से वाहन निकलने की वजह से अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। इसके चलते यहां पर समानांतर दूसरे पुल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

**▸▸ अक्सर जाम में फंसती हैं मेडिकल कॉलेज जाने वाली एंबुलेंस**

**▸▸ लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने दिए थे दूसरा पुल बनाने के निर्देश**

### 11 फरवरी को पुल पर हादसे में छात्र की मौत

11 फरवरी को इसी गर्रा नदी पुल पर हादसे में बीबीए छात्र की मौत हो चुकी है। इसके बाद दूसरे पुल की जरूरत और ज्यादा समझी जाने लगी है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला तारीन टिकली निवासी सायम नईम दिल्ली में बीबीए फाइनल ईयर के छात्र थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह घर लौटे थे। 11 फरवरी की रात वह अपने दोस्त मोहम्मद जैद निवासी खलीलशर्की के साथ कार से बरेली मोड़ पर स्थित होटल में खाना खाने के लिए निकले थे। कार जैद चला रहा था। साइकिल सवार और छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में कार पलट गई और सायम की मौत हो गई थी।

### कैबिनेट मंत्री से चर्चा के बाद शुरू हुई कवायद

खन्नौत नदी पर बनाए गए समानांतर पुल के लोकार्पण के मौके पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक केएन ओझा से गर्रा नदी पर भी समानांतर पुल बनाने के संबंध में चर्चा की। राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित होने के बाद मरीजों को लेकर एंबुलेंस आती-जाती हैं। एकल पुल पर जाम में फंसने से मरीजों को दिक्कत होती है। खासतौर पर राजघाट तिराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम की रेड लाइट जलने पर अक्सर जाम लग जाता है। दो पुल होने से जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

### बसों के अलावा गुजरते हैं भारी वाहन

शाम से सुबह तक रोडवेज बसों के अलावा भारी वाहन भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। गर्रा नदी पार रिहायशी इलाके और बाजार क्षेत्र में वृद्धि होने से यातायात का भार कई गुना बढ़ गया है। पुल पर वाहन आमने-सामने आने से कई हादसे हो चुके हैं। आने और जाने के लिए अलग-अलग पुल होने से हादसों की आशंका भी कम होगी।

> गर्रा नदी पर नया पुल बनाने के लिए डीपीआर बनाने की प्रक्रिया चल रही है। पुल बनाने में कुल कितना खर्च आएगा और काम कब शुरू करके कब खत्म होगा इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की जा रही है। **-केएन ओझा**, परियोजना प्रबंधक सेतु निगम, बरेली

# अवैध प्लॉटिंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नवागत सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता का हित उनके लिए सर्वोपरि होगा। जनता की समस्याओं को सुनकर समय से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अवैध कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके संज्ञान में आया है कि महानगर में अवैध कालोनी काटकर सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही है और शहर की सुंदरता को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध कालोनी काटने वालों पर तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश मिश्र की भांति ही कार्रवाई जारी रहेगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि वह 2015 बैच के अधिकारी हैं।


सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार।

# दिव्यांग हेल्प वेलफेयर की कार्यकारिणी का विस्तार

**शाहजहांपुर।** दिव्यांग हेल्प वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। अध्यक्ष रेखा सिंह ने बताया राजीव कुमार और राम सुधीर पाल को संयुक्त सचिव, धम्मांकुर सुजास को उपाध्यक्ष, शिव कुमार सक्सेना और मनोज सिंह को खेल सचिव, रेनू मिश्रा को महिला सचिव का दायित्व सौंपा गया है। बैठक में महासचिव रनवीर सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, अरविंद रस्तोगी, कैलाश नाथ वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चकरोड पर मिला ग्रामीण का शव, करंट से मौत

संवाददाता, सिंधौली

**▸▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करंट लगने से मौत होने का खुलासा**


शिव बख्श पाल।

**अमृत विचार :** दौलतपुर गांव के बाहर चकरोड पर एक व्यक्ति का शव सोमवार की सुबह मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विद्युत करंट से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी 52 वर्षीय शिव बख्श पाल पड़ोस में स्थित एक झाले पर काम करता था। रविवार की सुबह आठ बजे वह झाले पर काम करने के लिए गया था। वह काम करने के बाद शाम को अपने घर के लिए चल दिया। शिव बख्श रात नौ बजे तक घर नहीं पहुंचे तो परिवार वालों को चिंता हुई। परिवार वालों ने रात में ही उनकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। सोमवार की सुबह सात बजे लोग खेत पर जा रहे थे। लोगों ने गांव के बाहर चक रोड पर पेड़ के निकट शिव बख्श का शव पड़ा देखा। कुछ दूरी पर जानवरों से फसल बचाने के लिए लोहे के तार लगे हुए थे। सूचना मिलने पर मृतक शिव बख्श का बेटा इंद्रजीत मौके पर गया। उन्होंने थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी करंट लगने से मौत हुई है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि खेत में लगे लोहे के तार करंट छोड़ रखा होगा। तार को छूने पर करंट के झटके से उनकी मौत हो गई है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर करंट लगने से मौत हुई है, मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षिका ने पति के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** चौक कोतवाली के मोहल्ला बक्सरिया निवासी प्रगति कटियार ने बताया कि वह यहां पर शिक्षा विभाग में अध्यापिका है। उसकी शादी एक साल पहले अमित कुमार निवासी मोहल्ला दुर्गा प्रसाद थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत के साथ हुई थी। आरोप है शादी के कुछ माह बाद ससुराल वालों ने कहा कि मायके से कार मंगाकर दो। प्रगति मई, जून की छुट्टी में में ससुराल गई तो ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसका आरोप है पति शराब पीकर मारा पीटा करता था व सारा जेवर बेच दिया। छुट्टी खत्म होने के बाद वह मायके चली आई थी। अध्यापिका का आरोप है कि 17 दिसंबर 2023 को उसका पति अमित दोपहर 12 बजे यहां आया। दहेज की मांग को लेकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पति अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मेडिकल कॉलेज के गेट पर जिला बदर ने युवक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**▸▸ युवक पर ताना तमंचा, मची अफरा-तफरी, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** रविवार की रात राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाहर गेट पर जिला बदर अपराधी ने अपने साथियों के साथ एक युवक को पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने तमंचा निकाल लिया तो गेट पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही कार में सवार होकर भाग निकले। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला काशीराम कालोनी निवासी शिवम सक्सेना रविवार की रात नौ बजे राजकीय मेडिकल कालेज के बाहर गेट पर खड़ा था। जिला बदर अपराधी अपने साथियों के साथ कार से मेडिकल कॉलेज गेट पर आया। उसने शिवम से कहा कि हमारा फोन रिसीव क्यों नहीं कर रहे थे। इस बात को लेकर अपराधी उसे गाली देने लगा। विरोध करने पर जिला बदर अपराधी व उसके साथी उसको मारने पीटने लगे। मारपीट होते देख लोगों की भीड़ जुट गई। आरोप है कि इस दौरान जिला बदर अपराधी ने तमंचा निकाल लिया जिससे अस्पताल गेट पर अफरा-तफरी मच गई।

क्षेत्र के लोगों ने पुलिस चौकी अजीजगंज को सूचना दी। चौकी प्रभारी रोहित कुमार सिंह के अस्पताल गेट पर पहुंचने से पहले जिला बदर अपराधी अपने साथियों के साथ कार से भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि जिला बदर अपराधी सुवेग, करन, बादल, सौरभ निवासी अजीजगंज कोतवाली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# पुलिस के खिलाफ भाकियू का फूटा गुस्सा, थाना गेट पर दिया धरना

संवाददाता, सिंधौली


सिंधौली थाने के प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाकियू राष्ट्रीयतावादी गुट के कार्यकर्ता सोमवार सुबह कोतवाली गेट पर पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने वार्ता कर अपेक्षित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने धरना स्थगित किया। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कोतवाली के मुख्य द्वार पर धरना शुरू किया। उनका आरोप था कि पुलिस द्वारा बिगत दिनों कोरोंकुइयां में जुआं पकड़ने के दौरान धांधली की गई। इसके अतिरिक्त कार्यकर्ताओं ने ढकिया रनवास के एक पीड़ित से सिपाही द्वारा रिश्वत लेने का मामला, आदमपुर के वारंटी का तमंचे के साथ चालान का मुद्दा उठाया। खासकर सिपाही द्वारा पीड़ित से की गयी वसूली के मामले पर संगठन के कार्यकर्ता बेहद उग्र दिखे। जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि पुलिस से जुडी शिकायतों से संगठन द्वारा पिछले सप्ताह पुलिस अधीक्षक को भी अवगत कराया जा चुका है। किसान हित में संगठन हर स्तर की लड़ाई को तैयार है। बाद में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता ने धरना स्थल पर पहुंचकर भाकियू नेताओं से वार्ता की। इंस्पेक्टर द्वारा सभी आरोपों की जांचकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद कार्यकर्ता शांत हुए और धरना स्थगित कर दिया गया। इस दौरान हरीराम वर्मा, सबील हसन, रामसनेही शर्मा, अकील आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**▸▸ प्रभारी निरीक्षक ने वार्ता कर दिया कार्रवाई का आश्वासन**

# तिलहर के पूर्व ईओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच शुरू

संवाददाता, तिलहर

**▸▸ बैकलॉग भर्ती घोटाले में 16 साल पहले फंस चुके हैं ईओ**

**अमृत विचार :** सोलह वर्ष पूर्व बैकलॉग भर्ती घोटाले में फंसे तत्कालीन अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध शासन से अब आय से अधिक संपत्ति की जांच शुरू हो गई है। पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान कार्यालय के इंस्पेक्टर रामवीर सिंह ने पत्र भेजकर ईओ तिलहर से पूर्व ईओ के वेतन का ब्योरा मांगा है।

वर्ष 2007 में तिलहर नगर पालिका में तैनात रहे अधिशासी अधिकारी चंद्रिका प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में बैकलॉग भर्ती की गई थी जिसमें तत्कालीन सभासद सोनू खन्ना ने भर्ती के दौरान अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक ही परिवार के दो-दो लोगों की भर्तियां किए जाने, स्थानीय लोगों के बजाय दूसरे जनपद के आवेदकों को वरीयता दिए जाने केआरोप लगाते हुए शासन स्तर से शिकायत की थी। वर्ष 2010 में अधिशासी अधिकारी का यहां से अलीगढ़ स्थानांतरण हो गया था। सभासद की ओर से की गई शिकायत के मामले में शासन स्तर से आए अधिकारियों ने जांच कर रिपोर्ट शासन को भेज दी। अलीगढ़ के अतरौली नगर पालिका परिषद से वर्ष 2014 में चंद्रिका प्रसाद मिश्रा के रिटायर होने के बाद शासन ने उनकी पेंशन पर रोक लगा दी। लंबे समय तक प्रकरण शासन स्तर पर चलता रहा और अब शासन ने उनके विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में जांच शुरू कर दी है।

इस मामले में आगरा के पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान के इंस्पेक्टर रामवीर सिंह ने तिलहर की ईओ को पत्र भेजकर चंद्रिका प्रसाद मिश्रा की तैनाती के दौरान उन्हें दिए गए वेतन का पूरा विवरण उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

> पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान के कार्यालय से पत्र आया है। पत्र के आधार पर जो भी सूचना मांगी गई है भेजी जाएगी। **- कल्पना शर्मा**, ईओ तिलहर

# देशी रायफल समेत गिरफ्तार

**जलालाबाद, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि रविवार की रात दस बजे सूचना मिली कि मगटोरा गांव मे एक व्यक्ति देशी रायफल लेकर घूम रहा है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। पकड़ा गया अभियुक्त लेखपाल निवासी मगटोरा थाना जलालाबाद है। पुंलिस ने देशी रायफल व छह कारतूस बरामद किए हैं। अभियुक्त पर पहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। इधर कलान के उप निरीक्षक हरकेश सिंह ने सोमवार को कुलदीप निवासी वाराखुर्द थाना कलान को पकड़ा। उसके कब्जे से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# सीओ ने स्टेशन पर देखी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


रेलवे स्टेशन पर टीम के साथ भ्रमण करते सीओ जीआरपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ से आए जीआरपी के पुलिस उपाधीक्षक हृषीकेश यादव ने जीआरपी थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने फोर्स के साथ रेलवे स्टेशन परिसर भ्रमण किया और संदिग्ध सामानों की तलाशी ली।

लखनऊ से जीआरपी के पुलिस उपाधीक्षक हृषीकेश यादव सोमवार की दोपहर बाद तीन स्टेशन पर जीआरपी थाने पर पहुंचे। उन्होंने हवालात, कार्यालय, बैरक, मैस आदि का निरीक्षण किया। विवेचना रजिस्टर को देखा और निर्देश दिए कि समय पर विवेचनाओं का निस्तारण किया जाए। अपराधियों के बारे में जानकारी की जाए कि अपराधी जेल में है या जेल के बाहर हैं तो उनकी क्या गतिविधियां है। महिला हेल्प डेस्क को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उपाधीक्षक ने निर्देश दिए कि प्लेटफार्म, सरकुलेटिंग एरिया और टिकट घर के बाहर सिपाहियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने पुलिस फोर्स के साथ प्लेटफार्म, फुट ओवरब्रिज और सरकुलेटिंग एरिया में भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्ध सामानों की चेक किया गया। इस अवसर पर जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां, उप निरीक्षक रजनीश शुक्ला, मोहम्मद जाहिद सिद्दकी, करुणेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**▸▸ विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के दिए निर्देश**

# फरार भाई-बहन के मकान पर चस्पा कराया कुर्की नोटिस

**तिलहर, अमृत विचार :** मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी भाई-बहन के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर डुगडुगी बजाते हुए मकान पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। क्राइम इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि गुरगवां कॉलोनी निवासी गुपेश सिंह और उसकी बहन अंशिका जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित हैं। एसीजेएम द्वितीय शाहजहांपुर के यहां तारीख पर पेश नहीं हो रहे हैं। लंबे समय से गैरहाजिर हैं। कोर्ट की ओर से 8 फरवरी को दोनों आरोपियों को फरार घोषित करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। कोतवाल ने बताया कि इसी मामले में फरार चल रहे दोनों आरोपियों के मकान पर डुगडुगी पिटवाते हुए नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई गई।

# दूसरे दिन भी पुलिस की निगरानी में रहे किसान नेता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


अपने घर पर पुलिसकर्मी के साथ किसान नेता।

**अमृत विचार :** सतवां बुजुर्ग गांव के किसान नेता सचिन मिश्रा दूसरे दिन भी पुलिस निगरानी में रहे। सोमवार को भी पुलिस उनके गांव में तैनात रही और शाम को उन्हें कोतवाली बुलाकर बैठा लिया गया।

सचिन मिश्रा ने बताया कि उनकी पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। इसके बाद भी उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी आजीविका खेती से चलती है। एमएसपी किसानों के लिए बहुत जरूरी है। एमएसपी की मांग को लेकर वह दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में जाना चाहते थे इसलिए पोस्ट कर दी। अब सोमवार को दूसरे दिन भी वह पुलिस निगरानी में हैं। शाम को उन्हें कोतवाली बुलाकर बैठा लिया गया है। बता दें कि बीते दिनों एमएसपी कानून नहीं तो वोट नहीं नारे लिखकर किसान नेता सचिन मिश्रा ने पोस्ट की थी। इसके बाद पुवायां कोतवाली पुलिस ने रविवार शाम उन्हें निगरानी में ले लिया था।

**▸▸ एमएसपी को लेकर सोशल मीडिया पर की थी पोस्ट**

# जान से मारने की नीयत से किया फायर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी अरुण दीक्षित ने बताया कि रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में चौड़ेरा गांव में उसकी परचूनी की दुकान है।

शनिवार रात नौ बजे वह दुकान बंद करके बाइक से घर आ रहा था। रास्ते में रौसर कोठी के पास अपने रिश्तेदार रजत मिश्रा को देखकर रुक गया। इसी बीच रौसर कोठी निवासी मोहन अवस्थी अपने साथी निशांत वर्मा के साथ आया और अरुण को गाली देने लगा। विरोध करने पर मोहन अवस्थी ने तमंचा निकाल लिया और जान से मारने की नीयत से फायर किया। जिसमें वह बाल-बाल बच गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी मोहन अवस्थी व निशांत वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# अतिक्रमण हटाने को व्यापारियों ने मार्च माह तक मांगी मोहलत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/ खुदागंज

**अमृत विचार :** मैनपुरी के बेबर से पीलीभीत तक बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे से अतिक्रमण हटाए जाने के नोटिस मिलने के बाद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल खुदागंज के व्यापारियों ने डीएम से मार्च तक का समय प्रदान करने और मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष कृपाशंकर के नेतृत्व में व्यापारियों ने डीएम कार्यालय में पत्र दिया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के मार्ग में बाधक बन रहे 100 से अधिक भवनों को बुलडोजर से ध्वस्त किया जाएगा। जिसके लिए विभाग द्वारा नोटिस चस्पा कर 13 फरवरी तक भवन मालिकों को स्वयं भवन हटाने के निर्देश दिए गए हैं। बेवर से पीलीभीत तक करीब 183 किलोमीटर मार्ग बनना प्रस्तावित है। दिल्ली की कार्यदायी संस्था आईसीटी को मार्च 2024 तक निर्माण कार्य निर्माण कार्य पूरा करना है। खुदागंज तक सड़क का कार्य हरियाणा की सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। खुदागंज मुख्य बाजार में 153 व लक्ष्मीपुर बांगर में 53 भवनों को हटाया जाना है। खुदागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृपा शंकर रस्तोगी ने बताया कि जो भवन चिह्नित किए गए हैं, उन लोगों को प्रशासन द्वारा पहले ही मुआवजा दिलवाया जाना चाहिए, जिससे वह अपना अन्य किसी व्यवसाय से गुजारा कर सकें। उन्होंने कहा इस मार्ग का निर्माण होने से आने-जाने में तो सुगमता होगी परंतु हाईवे के निकट होने से व्यापार प्रभावित होगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने अतिक्रमण हटाए जाने के लिए मार्च तक का समय दिए जाने का अनुरोध किया है। दिए गए पत्र पर मोहम्मद आजम, तालिब अली, रियासुद्दीन, ओमप्रकाश, राजकुमार, सलीम आदि के हस्ताक्षर हैं।

# लांगहाल को लेकर यात्रियों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**▸▸ निर्माणधीन प्लेटफार्म दो पर ट्रेन के आने पर यात्री हुए नाराज**


प्लेटफार्म एक पर खड़ी लांगहाल मालगाड़ी।

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर लांगहाल मालगाड़ी को खड़ा कर दिया और एक्सप्रेस ट्रेनों को निर्माणधीन प्लेटफार्म पर दो लिया गया। इस दौरान बुजुर्ग महिलाओ व पुरुष तथा बीमार यात्रियों को फुट ओवरब्रिज पर चढ़ने में दिक्कत को लेकर यात्रियों ने पूछताछ कार्यालय और टीएनसी कार्यालय में हंगामा किया। जीआरपी और आरपीएफ ने यात्रियों को समझाकर शांत कराया।

बता दें कि प्लेटफार्म दो और तीन पर निर्माण कार्य चल रहा है। मंडल के अधिकारियों के निर्देश हैं कि प्लेटफार्म दो और तीन पर एक्सप्रेस ट्रेनों को नहीं लिया जाए। जबकि बरेली की ओर जाने वाली ट्रेनों को चार नंबर प्लेटफार्म पर लिया जाता है। प्लेटफार्म एक मुख्य प्लेटफार्म है। लांगहाल मालगाड़ी आए दिन प्लेटफार्म एक पर बनता है। लांगहाल मालगाड़ी बनने में कई घंटे लगते हैं। सोमवार को दो मालगाड़ियों को जोड़कर लांगहाल मालगाड़ी बनाने के लिए पौने तीन बजे काम शुरू हुआ। इस दौरान रात आठ बजे तक लांगहाल मालगाड़ी प्लेटफार्म एक पर खड़ी रही। लखनऊ की ओर जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस का एनाउंस हुआ कि प्लेटफार्म नंबर दो पर आ रही है। प्लेटफार्म दो का नाम सुनकर यात्री नाराज हो गए और पूछताछ कार्यालय और टीएनसी कार्यालय में हंगामा किया। यात्रियों ने कहा कि बुजुर्ग महिला, पुरुष व बीमार यात्रियों को फुट ओवरब्रिज पर चढ़ने में दिक्कत होती है। साथ ही निर्माणाधीन प्लेटफार्म दो पर किसी यात्री के साथ हादसा हो जाए तो कौन जिम्मेदार होगा। जीआरपी और आरपीएफ ने यात्रियों को शांत कराया।

### प्रतीक्षालय में पानी न आने से दिक्कत

**शाहजहांपुर।** स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर वीआईपी कक्ष, प्रथम श्रेणी महिला और पुरुष प्रतीक्षालय है। सोमवार को सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक प्रतीक्षालय में पानी नहीं आया। यात्रियों को परेशानी की सामना करना पड़ा। यात्रियों ने एसएस कार्यालय में जाकर शिकायत की। बताते है कि प्लेटफार्म दो की रेल लाइन पर ठेकेदार कार्य हो रहा था और पानी की पाइप लाइन टूट गई थी। ठेकेदार के कर्मचारी पाइप को ठीक करने में लगे थे और रात आठ बजे के बाद पानी आया। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि पानी की आपूर्ति चालू हो गई है।

दांतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर


डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।



5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली


# निवाजपुर अमृत सरोवर: सूखा तालाब और टूटी चारदीवारी

## दो साल पहले डेढ़ करोड़ की लागत से बना था अमृत सरोवर व सड़कें, देखरेख नहीं होने से हो गया बदहाल, हरियाली भी सूख गई

अमरदीप रस्तोगी, रोजा

**अमृत विचार :** करीब दो साल पहले करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बना अमृत सरोवर देखरेख न होने के कारण अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। अमृत सरोवर के मेन गेट पर लगा भारी भरकर ग्रेनाइट पत्थर व सेल्फी प्वाइंट की लोहे की पट्टियां कोई उखाड़कर ले गया। दीवारों पर दरारें पड़ गई हैं।

▸▸ **इससे पहले भी पड़ चुकी हैं दरारें, धंस चुका था सेल्फी प्वाइंट**

अमृत सरोवर पूरी तरह सूखा पड़ा हुआ है। सरोवर की सीढ़ियों पर रखे भारी भरकम गमले गायब हो गए या टूटे पड़े हैं। दीवारों पर दरारें आ गईं हैं। अमृत सरोवर में लगा छोटा गेट गायब हो गया है। चारदीवारी में लगे लैंप के शीशे टूट गये। चारदीवारी के किनारे लगे पेड़ पानी न मिलने के कारण झाड़ में बदल गए हैं। शाहजहांपुर नगर पालिका से नगर निगम बनने पर अहमदपुर निवाजपुर भी नगर निगम में शामिल हो गया। नगर विधायक कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना पहली बार नगर विकास मंत्री बने और उन्होंने जब गांव का दौरा किया तो लोगों ने कच्चे तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग की थी। इसके बाद मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को तालाब का सौंदर्यीकरण कराने का आदेश दिया था।

नगर निगम ने सर्वे कर इसका एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया था। कुछ समय बाद ही शासन ने तालाब को अमृत सरोवर बनाए जाने तथा आसपास की सड़कों को ऊंचा कर नाले का निर्माण कार्य के लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपये का बजट भी पास कर दिया था। बजट पास होते ही नगर निगम के ठेकेदारों ने अमृत सरोवर के निर्माण कार्य शुरू कर दिया था और चंद माह में बनाकर तैयार कर दिया था। लेकिन अब यह सरोवर दुर्दशा का शिकार हो गया है।



सूखा पड़ा अमृत सरोवर। ● अमृत विचार



अमृत सरोवर की दरकी दीवार। ● अमृत विचार



अमृत सरोवर के गेट पर लगा ग्रेनाइट पत्थर हुआ गायब।

### बरसात में ही खुल गई थी पोल

विगत माह तेज बारिश ने नगर निगम की पोल खोलकर रख दी थी। अमृत सरोवर के एक ओर बनी करीब बीस मीटर सड़क 10 फुट जमीन के नीचे धंस गई थी। जिससे सड़क के किनारे बने ध्रुव पाल, राजकुमार, राजेश व इंद्री के मकानों की नींव की मिट्टी घसकने से मकानों के बैठ जाने का खतरा बन गया था। इतना ही नहीं सड़क के धरातल में चले जाने से अमृत सरोवर की बाउंड्री एक ओर झुक गई थी और जगह-जगह दरारें पड़ गईं थीं। सड़क धंसने की सूचना मिलते ही पार्षद प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान अरुण सिंह मौके पर पहुंच गए थे और उन्होंने इसकी सूचना नगर निगम अधिकारियों को दी थी। नगर आयुक्त के आदेश पर सड़क व चारदीवारी की मरम्मत करवा दी गई थी।

### आचार संहिता लगने से पहले हुआ था उद्घाटन

अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद 5 फरवरी 2022 को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इसका उद्घाटन किया था। विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने से पहले आनन-फानन में नगर निगम ने इसका उद्घाटन करा दिया था। उद्घाटन के दो माह के ही बाद इसकी सीढ़ियों व सेल्फी प्वाइंट में दरारें आ गई थीं, जिन्हें बाद में नगर निगम के ठेकेदार ने लीपापोती कर ठीक करा दिया।



अमृत सरोवर की चारदीवारी में लैंप के टूटे शीशे। ● अमृत विचार

> अमृत सरोवर की दुर्दशा के बारे में जानकारी नहीं है, अधिकारियों से परामर्श के बाद प्रकरण को दिखवाया जाएगा।
>
> -केपी सिंह, नगर आयुक्त

### अमृत सरोवर को केयरटेकर की आवश्यकता



निवाजपुर की पार्षद विजयलक्ष्मी का कहना है कि अमृत सरोवर की देखभाल न होने के कारण आज अपनी दुर्दशा पर रो रहा है। अमृत सरोवर पर केयरटेकर नियुक्त करने के लिए तत्कालीन नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को पत्र लिखा गया था, लेकिन आज तक नगर निगम ने केयरटेकर नियुक्त नहीं किया।

## बच्चों के विवाद में बालिका को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के गांव नरायणपुर गंगा निवासी कीमती सिंह ने बताया कि उसके बच्चों की पड़ोसी रमाकांत के बच्चों से कहासुनी हो गई थी। शनिवार की शाम पांच बजे रमाकांत ने उसकी 10 वर्षीय बेटी महक को पीटकर घायल कर दिया। उसकी बेटी का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी रमाकांत व उसकी पत्नी अर्चना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## गांजा तस्करी में छत्तीसगढ़ में पकड़ा गया खुटार का युवक

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार के गांव कुसुमा निवासी विकास गुप्ता 7 फरवरी को अपने दोस्तों बाराबंकी निवासी रवि कश्यप और लखनऊ के कस्बा राजाजीपुरम के मोहल्ला तालकटोरा निवासी आंचल सक्सेना के साथ प्रांत छत्तीसगढ़ के जिला बालोद के थाना पुरुर क्षेत्र में गए थे।

गांव जगतरा में स्थित दुर्गा मंदिर के पास कोतवाली पुलिस ने गाड़ी को रोक लिया। पुरुर के थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि गाड़ी की तलाशी में डिग्गी में सीट के नीचे गांजा के 10 पैकेट बरामद हुए। जिसमें करीब 60 किलो गांजा मिला। पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया और तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।

## शराब पीकर नहीं चलाएं वाहन यातायात नियमों का करें पालन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का एक दिवसीय शिविर अलग-अलग कार्य क्षेत्रों में लगाया गया। तीसरे एक दिवसीय शिविर में सड़क-सुरक्षा के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

एनएसएस के लक्ष्य गीत से शिविर का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, नशे आदि से दूर रहना चाहिए, यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ज्ञानेश यादव प्रथम, हर्ष पांडेय द्वितीय एवं ध्रुव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में स्वयंसेवियों ने इमली रोड पर रैली निकालकर राहगीरों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. कौसर जमाल और डॉ. समन जहरा जैदी के मार्ग दर्शन में चले शिविर में शाहिद आलम, सनी, शाजिया, सृष्टि, ध्रुव आदि का योगदान रहा।



राहगीरों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते जीएफ कॉलेज एनएसएस छात्र।

▸▸ **यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा**


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली


## ऑपरेशन के लिए 18 मरीजों का चयन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को तिलहर क्षेत्र के ग्राम खैरपुर में निःशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान खैरपुर खालिद खान ने किया। शिविर में 56 मरीजों ने पंजीकरण कराया और जांच के बाद 18 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

मोतियाबिंद के लिए चयनित मरीजों को मेडिकल कॉलेज की बस से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया। यहां सभी चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। शिविर में मरीजों को निःशुल्क आई ड्रॉप और दवाइयां वितरित की गईं। इस मौके पर चिकित्सकों की ओर से लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण को जागरूक किया। अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधा काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरा विधि और फेको विधि से, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर से चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण, जांच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में उपलब्ध है। जोकि एक वर्ष के लिए मान्य है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की चिकित्सक नेत्र टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा मौजूद रहे।



शिविर में जांच करतीं चिकित्सक।

▸▸ **वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताली बंथरा की ओर से लगाया गया शिविर**

## कृषि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को मिले

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को लोधीपुर स्थित उप कृषि निदेशक कार्यालय का निरीक्षण किया। डीएम ने विभिन्न पटलों पर जाकर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। कार्यालय में साफ-सफाई ठीक न पाए जाने पर सफाई कर्मी की फटकार लगाई। कार्यालय के सभी पटलों पर कर्मचारी उपस्थित मिले। योजनाओं से संबंधित पत्रावलियों का रख-रखाव भी ठीक पाया गया। डीएम ने उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र कुमार सिंह को निर्देश दिए कि संबंधित योजनाओं का फ्लैक्स कार्यालय के बहार प्रदर्शित किया जाए ताकि लोगों कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी मिल सके।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, महिला समेत तीन लोग घायल

**कलान, अमृत विचार :** गांव गुदौरा दाऊदपुर निवासी रामरहीस ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि गांव में अपनी जमीन पर बने गड्ढे में वह घूरा डालता था। घूरे की जमीन पर गांव के ही कुछ लोग उपले की बठिया लगाने लगे। उसने विरोध किया तो विपक्षियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बीच विपक्षियों के कुछ और साथी लाठी-डंडे लेकर आ गए और उस पर हमला बोल दिया। बचाने आई भाभी छोटी बिटिया, बेटे श्यामवीर पर भी हमला कर दिया। जिसमें वह लोग लहूलुहान हो गए। रामरहीस ने तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## वार्षिकोत्सव में गूंजे देशभक्ति के नगमे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आमना मेमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। प्रतिभागी बच्चों को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

वार्षिकोत्सव का आरंभ छात्र मोहम्मद यावर ने कुरआन की तिलावत से किया। सालवी और भाव्या ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि एवं अन्य मेहमानों का स्वागत किया। बच्चों ने गीतों और समूह नृत्य से समां बांध दिया। कक्षा पांच के प्रियांशु, फरहान, नवाज, विनायक आदि बच्चों ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को दर्शाते हुए प्रस्तुति दी। साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आमना का तराना, देशभक्ति गीत, वॉटर कंजर्वेशन पर प्रस्तुतियां दीं।

एडीएम संजय कुमार पांडेय ने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया। प्रबंधक अब्दुल्ला ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया। प्रधानाचार्या निकहत नसीम शान ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। नरगिस रईस, नाजिश, कहकशां लोधी, तनवीर बेगम, वसीम, अर्शी, रुमाना आदि को सम्मानित किया गया। प्रोफेसर इफजालुर रहमान खां, नदीम उर रहमान, फैज खां, पार्षद जगदीश सिंह कुशवाहा, मोहम्मद यासीन, वसीम मीनाई, राशिद हुसैन जुगनूं, मशहूद अहमद खां, मासूम अली अंसारी, इकबाल साहिल आदि मौजूद रहे। संचालन अर्शी ने किया।



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

▸▸ **धूमधाम से मनाया आमना मेमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव**

## एक नजर

### मारपीट और छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर दलित उत्पीड़न, मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की।पीड़ित की ओर से दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 10 फरवरी की दोपहर लगभग तीन बजे गांव के कुछ लोग उनकी गैर मौजूदगी में जमीन की नपत करवा रहे थे। जानकारी होने पर उन्होंने विरोध किया तो उनके पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की गई। आरोपी एक महिला को खेतों में खींच ले गए और छेड़छाड़ की। आरोपी जाति सूचक गालियां देते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

### सांसद से की स्वास्थ्य कर्मचारी की शिकायत

**शाहजहांपुर।** जिला अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारी के खिलाफ भाजपा से जुड़े कुछ लोगों ने सांसद से शिकायत की है। जिसमें कहा गया है कि उक्त कर्मचारी का पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। लंबे समय से कार्यरत रहने की वजह से उसका यह हाल है। लोगों ने उसका स्थानंतरण कराए जाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में रमेश यादव, नरेश चंद्र, अनमोल शुक्ला, अनूप मौर्या आदि शामिल थे।

# दिक्कत: कहीं बीमार न कर दे धूल का यह गुबार

## सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गईं सड़कें बनी जी का जंजाल, धूल से लोगों के कपड़े भी हो रहे बदरंग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


धूल के गुबार से बचने के लिए चेहरे को मफलर से ढके एक बाइक सवार।


धूल के गुबार से बचने के लिए मुंह पर हाथ रखे बाइक चालक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर में सीवर लाइन बिछाई जा रही है। इसके लिए मुख्य सड़कों से लेकर गलियां तक खुदी पड़ी हैं। जहां पाइप लाइन डाली गई हैं, उन सड़कों को मिट्टी से पाट दिया गया है। डामरीकरण नहीं कराया गया है। इन सड़कों से धूल उड़ाते निकल रहे चार पहिया वाहन दोपहिया वाहन चालकों, पैदल निकलने वालों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। धूल से लोग सराबोर हो रहे हैं। लगातार धूल फांक रहे लोगों को डर सता रहा है कि कहीं यह धूल उन्हें बीमार न कर दे।

धूल के गुबार का सामना सबसे पहले रोडवेज बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर होता है। यहां पर हर वक्त वाहनों का दबाव रहता है, इसलिए वाहनों से उड़ने वाली धूल से लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत होने लगती है।

इसके बाद लाल इमली चौराहे से घंटाघर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर भी दिनभर धूल उड़ती रहती है। यही हाल खिरनी बाग चौराहे से केरूगंज की ओर जाने वाले मार्ग का भी है। लाल इमली चौराहे से घंटाघर होते हुए केरूगंज को जाने वाले मुख्य मार्ग में लगने वाले जाम से बचने के लिए ज्यादातर लोग खिरनीबाग चौराहे से जेल रोड होते हुए केरूगंज जाने वाले मार्ग से लोग निकलते हैं, लेकिन इन दिनों इन दोनों मार्गों पर डाली गई सीवर लाइन की वजह से धूल ही धूल नजर आ रही है।

टाउनहाल से सदर चौराहे की ओर जाने वाले रोड का भी इन दिनों यही हाल है। उड़ती हुई धूल से राहगीर ही परेशन नहीं हैं बल्कि व्यापारी भी परेशान हैं। दुकानों के काउंटर और दुकान के बाहर खड़े वाहनों पर धूल की मोटी चादर बिछ जाती है। वहीं उड़ती धूल लोगों के फेफड़ों पर भी असर डाल रही है।

इसको लेकर कुछ दिन पहले व्यापारी डीएम को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं लेकिन इसका अभी तक स्थाई समाधान नहीं निकल पाया है। व्यापारियों का कहना है कि धूल न उड़े, इसके लिए खोदी गई सड़कों पर पानी का हल्का छिड़काव होता रहे तो लोगों को राहत मिल सकती है।

### दमा के मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत

लगभग दो वर्ष से शहर में सीवर लाइन डालने जाने की प्रक्रिया चल रही है। शहर की ज्यादातर सड़कें खुद चुकीं हैं और इन सड़कों पर उड़ती धूल सबसे अधिक दमा के मरीजों को परेशान कर रही हैं। आर्थिक रूप से संपन्न लोग तो कार से निकल जाते हैं लेकिन जिन बुजुर्गों को पैदल मार्केट में खरीदारी करनी होती है, उनके लिए सबसे अधिक मुसीबत हो रही है।

> ठेकेदार से जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के लिए कहा गया, धूल न उड़े इसके लिए पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं।
> –**कपिल एम सिंह**, अधिशासी अभियंता, जल निगम

### आंखों में एलर्जी व इन्फेक्शन का भी खतरा

सड़कों पर उड़ने वाली धूल के कारण अस्थमा के मरीज और जिनको एलर्जी है वो तो सीधे तौर पर परेशान होते ही हैं, उनके साथ ही एक सामान्य व्यक्ति भी रोज-रोज धूल का सामना करने पर बीमार पड़ सकता है। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि धूल मिट्टी की वजह से आंखों में एलर्जी व इन्फेक्शन हो सकता है।

# नुक्कड़ नाटक से फाइलेरिया से बचाव की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गांव वालों को खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवा

**अमृत विचार:** एमडी अभियान के तहत जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुनारा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और कहा गया कि फाइलेरिया से बचना है तो फाइलेरिया रोधी दवा खानी होगी। इस दौरान लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन की शपथ दिलाई गई। जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने कहा कि फाइलेरिया एक ऐसी लाइलाज बीमारी है,जिसे हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। यह गंदगी में पनपने वाले फाइलेरिया संक्रमित क्यूलेक्स मादा मच्छर के काटने से बीमारी होती है। इस बीमारी से बचाव के लिए दवा का सेवन जरूरी है। साथ ही संक्रमित मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें और घर में सफाई रखें।

आशा कार्यकर्ता अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएं। यह दवा गर्भवती महिलाओं और बीमार मरीजों को नहीं खिलानी है। इस दौरान गांव वालों ने फाइलेरिया रोधी दवा खाई। इस अवसर प्रधान राकेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।


गांव गुनारा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते कलाकार।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक ने संभावित लोस चुनाव प्रत्याशियों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कांग्रेस की मीटिंग में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- पार्टी पदाधिकारियों से पुराने लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी के लोकसभा पर्यवेक्षक अभय बाजपेयी और पूर्व मंत्री नकुल दुबे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शिव सिंह राणा ने आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में प्रत्याशियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

लोकसभा पर्यवेक्षक ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों, न्याय पंचायत अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों से वार्ता कर चुनाव के संबंध में सुझाव लिए एवं सभी को आगामी चुनाव के लिए बूथ स्तर की कमेटियां गठित करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर की सीट परंपरागत रूप से कांग्रेस की रही है, आज भी यहां की जनता की भावनाएं कांग्रेस से जुड़ी हैं, यदि पार्टी के लोग रूठे कांग्रेसियों को मनाकर कांग्रेस से जोड़ लेंगे तो निश्चित रूप से शाहजहांपुर से कांग्रेस जीतेगी। पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट उत्तर प्रदेश में बदल दिया गया है, जल्द ही नए रूट मैप को जारी कर दिया जाएगा। बड़ी संख्या में प्रदेश से लोग यात्रा में सम्मिलित होंगे। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि शाहजहांपुर में सभी पार्टियों से सबसे ज्यादा आवेदन कांग्रेस पार्टी में आए हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी शाहजहांपुर से चंदौली में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन पहुंचेंगे। बैठक में अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष असफाक उल्ला खां, प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, तनवीर सफदर, धर्मेंद्र दीक्षित, नवाब फैजान अली खान, गायत्री प्रकाश अवस्थी, गौरव त्रिपाठी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी, अर्चना वाल्मीकि, नेहा पांडेय , महेंद्र पाल कठेरिया आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** अल्हागंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। उसे स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक बस लेकर भाग गया।

हरदोई जिले के पचदेवरा थाना के गांव बड़ा गांव निवासी 55 वर्षीय वेद प्रकाश रविवार को अल्हागंज बाजार आया था। वह रात साढ़े आठ बजे अल्हागंज से बाइक से अपने गांव वापस जा रहा था। अल्हागंज -फर्रुखाबाद मार्ग पर बाईपास चौराहे पर रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। चालक मौका पाकर फर्रुखाबाद की ओर भाग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल वेद प्रकाश को स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भाजपा बिना भेदभाव सभी के लिए करती है काम

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

- सेहरामऊ दक्षिणी में की गई ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरूआत
- मां कालिका देवी मंदिर परिसर में आयोजित की गई सभा



मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की 12 फरवरी से एक माह तक की जाने वाली ग्राम परिक्रमा यात्रा के क्रम में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सोमवार को मां कालिका देवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए, जहां सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा लेकर किसानों के साथ कस्बे की विभिन्न गलियों से होते हुए परिक्रमा यात्रा निकाली।

इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने भाजपा की उपलब्धियां को गिनाते हुए बताया कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की नीति पर बिना भेदभाव के काम करती है। सपा-बसपा केवल कुछ गांवों को अंबेडकर ग्राम या लोहिया ग्राम चिह्नित करके उनका विकास करती थी, जबकि भाजपा सबके साथ एक जैसा व्यवहार करती है। सपा-बसपा कार्यकाल में कांवड़ियों पर कहीं पत्थर बरसाए जाते थे, तो कभी कांवड़ यात्रा पर रोक लगाने का प्रयास किया जाता था, जबकि भाजपा कांवड़ियों पर पुष्प बरसा करके उनका उत्साहवर्धन करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक डीबीटी आदि के माध्यम से सीधा पहुंच रहा है। बिचौलिए गायब हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह कर दिखाया। अयोध्या में राम मंदिर के बाद अब मथुरा और काशी की बारी है। राम मंदिर निर्माण के बाद विरोधियों के मुंह पर ताला लग गया है, जो भाजपा पर धर्म की राजनीति का करने का आरोप लगाते थे। महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि भाजपा राज में बहन बेटियां सुरक्षित हैं। प्रदेश में कानून का राज है। अपराधी या तो जेल में हैं या उनका राम नाम सत्य हो गया है। सभा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसानों के साथ कस्बे की विभिन्न गलियों से होते हुए परिक्रमा यात्रा निकाली। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, ददरौल स्वर्गीय विधायक पुत्र अरविंद सिंह, आशीष गुप्ता, आनंद प्रताप सिंह, हरजीत सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह, पृथ्वीराज सिंह, संजीव सिंह, सुमित सिंह भदौरिया, जयवीर सिंह, त्रिवेंद्र सिंह, राजन सिंह सोमवंशी, शशिकांत भट्ट, श्रद्धाय मिश्रा, दीपू मिश्रा, आदि सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# स्वामी दयानंद सरस्वती का जयंती महोत्सव मनाया

संवाददाता, तिलहर


यज्ञ में उपस्थित होकर आहुति देते छात्र व ब्रह्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती का 200 वां जयंती महोत्सव आर्य समाज के तत्वाधान में महर्षि दयानंद शिक्षा सदन में यज्ञ और उपदेश के साथ धूमधाम से मनाया गया।

सोमवार को आर्य समाज के प्रांगण में गुरुकुल महाविद्यालय के प्रवक्ता आचार्य चंदन मित्र और आचार्य अवधेश शास्त्री की मौजूदगी में वैदिक यज्ञ प्रारंभ हुआ। महर्षि दयानंद शिक्षा सदन और गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर के छात्रों एवं ब्रह्मचारियों ने यज्ञ में आहुतियां दीं। यजमान के रूप में प्रधान वेद प्रकाश आर्य, ओम शंकर आर्य, रविंद्र आर्य, दासीराम आर्य, ओमप्रकाश आर्य, लोकेश कुमार, नन्हेलाल गंगवार, गिरीश शर्मा और विद्यालय के शिक्षकों ने भी आहुतियां देकर समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना की।

स्वामी दयानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आचार्य अवधेश शास्त्री ने कहा कि आज से 200 वर्ष पहले गुजरात की धरती पर स्वामी दयानंद सरस्वती ने बालक मूल शंकर के रूप में जन्म लिया था। सच्चे शिव की खोज में घर से निकला बालक मूल शंकर गुरु विरजानंद से शिक्षा प्राप्त करके स्वामी दयानंद सरस्वती कहलाया। उन्होंने वेदों का प्रचार-प्रसार करने का बीड़ा उठाया और आर्य समाज नामक संस्था की स्थापना की। उन्होंने देश को पराधीनता से मुक्त कराकर समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर किया।

आचार्य चंदन मित्र ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने देश के युवाओं को आर्य समाज से जोड़ा और उन्हीं के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन का बिगुल बजाकर देश को आजाद करा दिया गया। देश में व्याप्त कुरीतियों पर सीधा प्रहार करते हुए गुरुकुल शिक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल रुद्रपुर के प्रबंधक प्रणव आर्य, महर्षि दयानंद शिक्षा सदन के प्रबंधक सत्य प्रकाश आर्य, वेद प्रकाश आर्य, ज्योति आर्य, अनुष्का आर्य, नरेंद्र शर्मा, महेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश आर्य सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# थाना परिसर में की गई प्राण प्रतिष्ठा


प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मौजूद एसपी अशोक कुमार मीणा।

**निगोही।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने थाना परिसर में नव निर्मित शिव मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराकर लोकार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा पाठ के साथ पुजारी ने भगवान भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित करवाई।

प्राण प्रतिष्ठा में सीओ सदर अमित चौरसिया, थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के अलावा समस्त स्टाफ व क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को वितरित किए गए स्मार्टफोन, खिल उठे चेहरे

संवाददाता, खुटार



विटोली देवी महाविद्यालय में छात्र छात्रों को स्मार्टफोन वितरित करते डायरेक्टर अंकुर कुमार।

**अमृत विचार:** केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं। सोमवार को खुटार-गोला मार्ग पर स्थित विटोली देवी महाविद्यालय में इस योजना के तहत कॉलेज के डायरेक्टर अंकुर कुमार ने 33 विद्यार्थियों को मोबाइल फोन वितरित किए।

जिसमें कॉलेज के बीए. बीएससी और डीएलएड के छात्रों को इसका लाभ मिला है। छात्रों ने प्रदेश सरकार के साथ ही डायरेक्टर को आभार प्रकट किया। डायरेक्टर अंकुर कुमार ने बताया कि योगी सरकार छात्रों को स्मार्टफोन उपलब्ध करा रही है, जिससे छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई और फॉर्म भरने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा है कि छात्र मोबाइल फोन का उपयोग जरूरी कार्य के लिए ही करें। उधर, छात्रों को स्मार्टफोन मिलने के बाद उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान कॉलेज प्रचार्य के साथ ही सभी अध्यापक मौजूद रहे।

# खेलकूद में विजेता बन बच्चों ने झटके मेडल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते वरिष्ठ उद्यमी अशोक अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** माउंट लिटर जी स्कूल एवं किडजी प्री-स्कूल के संयुक्त वार्षिक खेलकूद नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम हथौड़ा बुजुर्ग में कराए गए। खेलकूद में नन्हें-मुन्नों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया और विजेता बनकर पुरस्कार जीते। आरंभ मुख्य अतिथि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि जीलर्न के टेरिटरी प्रबंधक सतेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्पार्चन से किया।

प्री-नर्सरी वर्ग में हुए खेलकूद में रेवांश राय, मुमताज खान, शिवांश, आयुष, विवान, आईना गुप्ता, अविका वर्मा, अथर्व, कीरत कौर, टिया, सात्विक, कौशल, त्रिशान मिश्रा, अभूध सिंह, अव्यय गुप्ता, अयांश, सोलंकी, पारुल गुलाटी, आयांश पाठक, रुहान आबिद, अद्विका जौहरी, प्रियदर्शी, अनुभव सिंह, अध्ययन मिश्रा, सिद्धार्थ शर्मा, रामवृक्ष खन्ना, अवीर गुप्ता ने पुरस्कार जीते।

इसी तरह जूनियर केजी, सीनियर केजी समेत कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के बीच रोचक खेल कराए गए। विद्यालय की प्रमोटर मंजू गुप्ता, मैनेजिंग ट्रस्टी अभिनव कुमार, प्रधानाचार्य रोशनी गुप्ता, शिव्या श्रीवास्तव, मोहित कुमार, सुशील सक्सेना, ममता पांडेय, प्रगति सैनी, नसरीन, शिवांगी, अनन्या शर्मा, हेमलता कामरा, गीतांजलि मिश्रा, शुभ्रा गुप्ता, भूमिका गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने लोगों को समझाया मतदान का महत्व

**शाहजहांपुर,अमृत विचारः** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई का दूसरा एक दिवसीय शिविर बहादुरपुरा में लगाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता जैसल ने प्रथम सत्र में मतदाता जागरुकता अभियान के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं को मतदाता जागरुकता शपथ भी दिलाई। जबकि द्वितीय सत्र में ऋतु शर्मा और डॉ. रानू दुबे के निर्देशन में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। स्वयं सेविकाओं ने अपने कार्य क्षेत्र में घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों को मतदान के लिए जागरूक किया। श्रेया, प्रांसी, कशिश, शिखा, ज्योति, दीपमाला, ऋषभ आदि का सहयोग रहा।

# स्वस्थ रहने के लिए नियमित करें योगासन

संवाददाता, तिलहर


योगाभ्यास करते शिक्षक व छात्राएं। ● अमृत विचार

- बलवंत सिंह इंटर कॉलेज में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश आयुष विभाग के तत्वाधान में मीरानपुर कटरा स्थित बलवंत सिंह इंटर कॉलेज में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हरिशंकर सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय कुमार यादव और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार सागर की उपस्थिति में योग प्रशिक्षक चिवनाथ पाल ने योग के माध्यम से छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य संवर्धन के लिए उपयोगी योगाभ्यासों, आहार- विहार सहित स्वच्छता आदि के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। योग प्रशिक्षक ने छात्राओं को तनाव प्रबंधन, मासिक धर्म, चयापचय, जोड़ों के दर्द से जुड़ी समस्याओं में लाभप्रद विभिन्न सूक्ष्म व्यायाम ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, बकासन, सर्वांगासन, उत्तानपाद आदि आसनों व प्राणायाम सहित मुद्राओं का अभ्यास कराया व इससे होने वाले विभिन्न लाभों की जानकारी दी।

इस दौरान प्रधानाचार्य दामोदर गंगवार, अध्यापक राजेंद्र, अखिलेश, नरेंद्र, रामगोपाल गंगवार, योगेश गंगवार, राजेश गंगवार, जगपाल गंगवार, नरेश पाल, मुकेश गंगवार, लीना सक्सेना, मधु अग्रवाल, प्रीति मिश्रा, सुमन शर्मा के साथ योग सहायक नमित कुमार मौजूद रहे।

## टंकी पर चढ़ा युवक बमुश्किल उतारा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर से सटे गांव चंदोई में अब एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। उसे बमश्किल नीचे उतारा जा सका। परिजन ने युवक को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया है।

सोमवार को गांव चंदोई में 30 वर्षीय युवक दोपहर तीन बजे पानी की टंकी पर चढ़कर चीखने-चिल्लाने लगा। जब लोगों ने देखा तो भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी आ गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन ने युवक को मानसिक रूप से बीमार बताया है। काफी देर बाद किसी तरह युवक को पुलिस की मदद से नीचे उतारकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया था। फिर उसे सुरक्षित उतार लिया गया था। वह मानसिक रुप से बीमार बताया गया है।

# बाहर से गन्ने की नगद खरीद पर भड़के किसान, बंद कराई तौल, हंगामा

## तीन घंटे किसानों को मनाने में जुटे रहे मिल अधिकारी, सफाई में जिला गन्ना अधिकारी बोले-कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते भ्रामक प्रचार कर रहे

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)


बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल में बाहर से गन्ने की नगद खरीद के विरोध में प्रदर्शन करते किसान।

**अमृत विचार:** किसानों का बकाया भुगतान देने में बीते कई सालों से पिछड़ती रही बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा में अब गन्ने की सीधी खरीद करने पर हंगामा हो गया। अपने भुगतान के लिए चक्कर लगाकर परेशान हो चुके किसानों ने मिल पहुंचकर गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध किया। नारेबाजी करते हुए तीनों कांटों पर तौल बंद करा दी। सूचना मिलने पर पहुंचे चीनी मिल के अधिकारियों ने करीब तीन घंटे तक वार्ता की और फिर सेंटर से गन्ना आने की बात कहते हुए सफाई पेश कर किसी तरह मामला शांत कराया। तब जाकर तौल शुरू हुई। हालांकि किसानों ने अपनी बात पर अडिग होकर जल्द भुगतान की मांग की। इस पर उन्हें फिलहाल आश्वासन देकर काम चलाया गया है।

बरखेड़ा की बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल में इस पेराई सत्र में तीन कांटे लगाए गए हैं। एक कांटे में बैलगाड़ी से पहुंचने वाला गन्ना, दूसरे में मीडियम ट्रैक्टर-ट्रॉली जबकि तीसरे में ट्रॉला व ट्रक में लादकर सेंटर से पहुंचने वाले गन्ने की तौल कराई जाती है। चीनी मिल का मौजूदा पेराई सत्र अंतिम चरणों में पहुंच चुका है। बीते सालों में भी चीनी मिल किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर जनपद की अन्य मिलों के सापेक्ष फिसड्डी साबित होती रही है। इस बार भी भुगतान की स्थिति पिछड़ी हुई है। सोमवार सुबह करीब छह बजे बर्रामऊ गांव निवासी किसान नरेंद्र पाल उर्फ पप्पू गंगवार की अगुवाई में दर्जनों किसान चीनी मिल पहुंचे और तीनों कांटों पर चल रही तौल विरोध प्रदर्शन करते हुए बंद करा दी। उनका कहना था कि एक तरफ चीनी मिल किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं कर रही है।

वहीं, बिचौलियों से गन्ना की सीधी व नगद खरीद का खेल शुरू कर दिया है। आरोप है कि बरखेड़ा क्षेत्र के किसानों के बजाय पूरनपुर समेत अन्य स्थानों से नकद गन्ना खरीदा जा रहा है। जिसे बाद में कागजों में ये दर्शाया जा रहा है कि गन्ना सेंटरों से आया है।

हंगामा और तौल बंद होने की सूचना मिलने पर जीएम केन सुबोध गुप्ता, एचआर हेड अखिलेश्वर उपाध्याय यार्ड इंचार्ज धनराज चौधरी समेत कई मिल अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पहले तो यार्ड परिसर में ही किसानों का मनाने का प्रयास किया जाता रहा लेकिन किसान अपनी मांग को लेकर अडिग थे। प्रदर्शनकारियों में से ही अगुवाई करने वाले कुछ किसानों को शांत कर दफ्तर ले जाकर वार्ता चली। करीब तीन घंटे बाद मिल ने जल्द भुगतान का आश्वासन देते हुए नगद गन्ना न खरीदे जाने की सफाई पेश की। मामला शांत कराया जा सका। फिर यार्ड परिसर में स्थित तीनों कांटों पर तौल शुरू की जा सकी।



> बाहरी गन्ना खरीद के आरोप लगाकर तीन तीन घंटे तक चीनी मिल बंद कराई गई। एक किसान द्वारा अपने निजी पर्ची, सप्लाई टिकट संबंधी समस्या को लेकर यार्ड में बवाल किया जा रहा था। जिसके कारण थोड़ी देर तौल बंद रही, लेकिन मिल निरंतर चलती रही। नगद गन्ना खरीद का भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। यह मात्र अफवाह है इसमें कोई सच्चाई नहीं है।
>
> **–सतीश श्रीवास्तव**, पीआरओ बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल

### किसानों को आशंका 21 तक मिल हो सकती है बंद

किसानों की मानें तो चीनी मिल की ओर से अभी तक मौजूदा पेराई सत्र का चंद दिनों का ही गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। चीनी मिल का मौजूदा पेराई सत्र 20-21 फरवरी तक बंद होने की भी आशंका है। ऐसे में मिल बंद होने के बाद भुगतान लटक जाएगा। इसी आशंका को लेकर उन्हें अब हर बार की तरह बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल पर अपना गन्ना मूल्य भुगतान फंसता दिखाई दे रहा है।



> मिल बाहरी क्षेत्र का गन्ना नकद खरीद कर रही है। उसी गन्ने को क्रय केंद्र का दर्शाया जा रहा है। वर्तमान पेराई सत्र में चंद दिन का ही भुगतान किसानों को किया गया है। अब सत्र समाप्ति की भी तैयारी पूरी कर ली गई है। पेराई सत्र समाप्त होने के बाद गन्ना मूल्य भुगतान के लिए किसानों को और परेशान होना पड़ेगा। इसी को लेकर विरोध जताकर समाधान की मांग की गई है।
>
> **–नरेंद्र पाल** उर्फ पप्पू गंगवार, प्रदर्शन की अगुवाई करने वाले किसान

# चोरी की बाइकों को फर्जी कागजात बना बेचने में दो दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- एक को 28 हजार तो दूसरे को छह हजार रुपये देना होगा जुर्माना
- अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डुंगराकोटी ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** बाइक चोरी करने के बाद फर्जी कागजात बनाकर उनकी बिक्री करने वाले दो दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डूंगराकोटी ने पांच -पांच साल की सजा सुनाई। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अपर शासकीय अधिवक्ता नंदन बाबू ने की।

सुनगढ़ी थाने में दरोगा राकेश सिंह की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया था कि दो जून 2016 को नौगवा चौराहे पर चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति टनकपुर रोड की तरफ से आया और पुलिस को चेकिंग करता देख मंडी मार्ग पर बाइक मोड़कर भागने लगा। उसे रेलवे क्रासिंग के पास से पकड़ लिया गया। उसने अपना नाम न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर पकड़िया निवासी विक्रम सिंह उर्फ विक्का पुत्र गुरुदेव बताया। उसकी तलाशी लेने पर तमंचा और चार कारतूस बरामद हुए। उसके पास मिली बाइक भी चोरी की निकली। आरोपी से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने शाहजहांपुर जिले के थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम बुढ़ानपुर निवासी इकबाल उर्फ लाला को भी गिरफ्तार किया। उसके घर से भी चोरी की दो बाइकें बरामद हुईं, जिनमें फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थीं। आरोपी बाइक चोरी करने के बाद फर्जी नंबर प्लेट लगाकर और फर्जी कागजात बनाकर उसकी ब्रिकी करते थे। पुलिस ने विवेचना के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने मुकदमे की सुनवाई के दोषी पाते हुए विक्रम सिंह उर्फ विक्का को पांच साल कैद और 28 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। जबकि अभियुक्त इकबाल को पांच वर्ष कैद और छह हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। विक्रम उर्फ विक्का को आयुध अधिनियम में भी दो वर्ष कैद और तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# धान के खेतों में गन्ने की फसल दिखाकर बना दिए गए सट्टे

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचार :** विकास खंड मरौरी के गांव चिड़िया दाह के कुछ किसानों ने डीएम से शिकायत की है।

शिकायत में कहा गया है कि सर्किल क्षेत्र एक गन्ना पर्यवेक्षक ने कुछ गन्ना विहीन किसानों एवं गन्ना माफियाओं से सांठगाठ कर उनके नाम गन्ना क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल दर्शाकर फर्जी सट्टा बना दिया। जबकि राजस्व अभिलेखों के मुताबिक रकवे में गन्ने के अलावा धान, गेहूं आदि की फसलें बोई गई हैं। गन्ना पर्यवेक्षक ने पूरी भूमि पर गन्ने की फसल दर्शा दिया। बताया कि एक गन्ना माफिया पर गांव के किसानों की जमीन ठेके पर लेकर गन्ने की फसल बोई थी। इस गन्ना माफिया के गन्ना सर्वे रिपोर्ट में धांधलेबाजी करते हुए फर्जी सट्टा बना दिया गया। अब गन्ना माफिया ठेके पर ली गई गन्ने की फसल के साथ छोटे किसानों से गन्ना खरीदकर अपनी गन्ना पर्चियों से बेसिक कोटा बढ़वाने के लिए गन्ने की आपूर्ति कर रहा है। डीएम संजय कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला गन्ना अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# लालच देकर उड़ा लिए जेवरात

पीलीभीत कार्यालय

- सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के रूपपुर कमालू गांव की घटना


थाने में शिकायत करने पहुंची महिलाएं।

**अमृत विचार :** बर्तन बिक्री करने गांव आई चार महिलाओं ने सात घरों की महिलाओं को झांसे में लेकर लाखों रुपये के जेवरात उड़ा लिए। पीड़ित महिलाओं के मुताबिक आरोपी महिलाओं ने उनको सम्मोहित कर घटना को अंजाम दिया। महिलाओं से शिकायत मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस जांच में जुटी है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव रूपपुर कमालू की सात परिवारों की महिलाओं ने सोमवार को थाना सुनगढ़ी पुलिस को दी तहरीर में कहा गया कि करीब दो माह से उनके गांव में चार महिलाएं बर्तन बेचने के लिए आ रही थीं जो पुराने बर्तनों को लेकर उन्हें नए बर्तन दे रही थीं। काफी दिनों से आने के कारण महिलाओं को उन पर विश्वास हो गया। कुछ दिनों के बाद महिलाओं ने चांदी व गारंटी की पायलें बदलकर लोगों को नई पायलें देने की बात कही। लालच देने पर कुछ महिलाएं उनके झांसे में आ गईं। इसके बाद सोना -चांदी के जेवरात और बर्तन आरोपियों ने उड़ा लिए। गांव निवासी चमन पत्नी ओमप्रकाश के घर से एक जोड़ झाले, सुनीता पत्नी धर्मपाल के घर से अंगूठी, मंगलसूत्र, चांदी की करधनी, पीतल की बाल्टी, पीतल के ही पांच बर्तन, उर्मिला पत्नी बाबूराम के घर से चांदी की जेवरी, अंजू पत्नी सचिन के घर से तीन पैंडल का सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, एक जोड़ जेवरी, मनीक्षा पत्नी रवि ओम का एक पैंडल, मंगलसूत्र, पीतल के बर्तन, कुकर, नत्थो देवी पत्नी ओमकार पांच पीतल के बर्तन और सीमा पत्नी विकास के चांदी की पायलें व चांदी के खरुआ ले गई। पीड़ितओं का कहना है कि उन्हें कुछ देर बाद इसकी भनक लगी। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला ने बताया कि महिलाओं ने शिकायती पत्र दिया है।

# निमोनिया से हुई थी भालू के शावक की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

- चिकित्सकीय पैनल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**अमृत विचार:** तीन दिन पहले हरीपुर रेंज के जंगल में भालू के शावक का शव मिलने से खलबली मच गई थी। मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वन अफसरों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भालू की मौत निमोनिया से होने की पुष्टि हुई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की हरीपुर रेंज के कंपार्टमेंट 84 से एक किमी दूर आबादी है। शुक्रवार सुबह नौ बजे यहां भालू के शावक का शव मिला था। बताया जा रहा कि शावक की उम्र लगभग एक महीने थी। मौत का कारण जानने के लिए रेंज में ही पीटीआर के पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार समेत अन्य पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। भालू के शावक की मौत के बाद वन्यजीवों की निगरानी को लेकर भी सवाल उठने लगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सभी शंकाओं पर विराम लगा दिया। वन अफसरों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भालू के शावक की मौत निमोनिया से हुई है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल ने बताया कि हरीपुर रेंज में भालू के शावक का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में निमोनिया से उसकी मौत की बात सामने आई है।

## सिरसा जंगल में बाघ ने बछड़े को बनाया निवाला

**पूरनपुर।** सिरसा के जंगल में पिछले कई दिनों से बाघ की चहलकदमी दिखी जा रही है। बाघ ने गोपालपुर बीट में छुट्चा घूम रहे बछड़े का शिकार कर दिया। जंगल किनारे मौजूद खेतों में ग्रामीण काम कर रहे थे। बछड़े के शव के पास बाघ को देखकर ग्रामीण गांव की ओर दौड़े और गांव पहुंचकर अन्य लोगों को इसके बारे में बताया। ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। बाघ देखे जाने के बाद से उन्होंने खेतों की ओर जाना छोड़ दिया है। सामाजिक वानिकी के रेंजर पीयूष मोहन ने बताया कि गोपालपुर बीट में बाघ देखा गया है।

# मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीलीभीत टीम रही उपविजेता

पीलीभीत कार्यालय

- बरेली के डोरीलाल स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित हुई प्रतियोगिता
- अब 15 फरवरी को लखनऊ में स्टेट प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीलीभीत की टीम उपविजेता रही। जबकि बरेली की टीम विजेता चुनी गई है। मंडल स्तरीय पर उपविजेता चुनने जाने के बाद जिले की टीम लखनऊ में होने वाली राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। बीएसए ने टीम और उनके प्रशिक्षिकों को बधाई दी।

सोमवार को बरेली के डोरीलाल स्पोर्टस स्टेडियम में मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बरेली के अलावा शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत की टीम ने प्रतिभाग किया था। जिले से जिला व्यायाम शिक्षक राजीव मिश्र, पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति के प्रदेश संगठन मंत्री प्रखर मिश्र आदि अपनी टीम के साथ पहुंचे।

लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती और चक्का फेंक आदि प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें ओवरऑल चैंपियन में बरेली विजेता और पीलीभीत की टीम उपविजेता चुनी गई।

अब पीलीभीत की टीम 15 फरवरी को लखनऊ में होने वाली राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। जिसमें 50 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिला व्यायाम शिक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि पीलीभीत के इतिहास में पहली बार बेसिक शिक्षा में 50 से अधिक खिलाड़ी लखनऊ में स्टेट खेलने के लिए जाएंगे।

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
20 फरवरी 2024, मंगलवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
अग्रवाल धर्मशाला
तिलहर, शाहजहाँपुर
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • सामान्य दवाईयां मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त।
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें:
1. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/– रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/– रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
2. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से :
अग्रवाल सेवा समिति, तिलहर, शाहजहाँपुर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

# तमंचे के बल पर ई-रिक्शा लूट ले गए बदमाश

सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर

- शहर से रौरा जाने के लिए सवारी के तौर पर ई-रिक्शा पर हुए थे सवार

**अमृत विचार:** रौरा रोड पर सवारी के रूप में बैठे तीन बदमाशों ने चालक को तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और ई-रिक्शा लूटकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी सुधीर पाल ने बताया कि उसके गांव के रहने वाले पंकज अपने ई-रिक्शा पर रविवार को दिन में चार बजे अनूप गुप्ता नर्सिंग होम केरूगंज से एक मरीज व दो व्यक्तियों को बैठाकर सेहरामऊ दक्षिणी के गांव रौरा जा रहे थे। ई-रिक्शा जब कनेंग तिराहे पर पहुंचा तभी उसकी बैटरी डाउन हो गई। इस पर पंकज ने उसे फोन करके कहा कि ई-रिक्शा की बैटरी डाउन हो गई है अपना ई-रिक्शा लेकर आ जाओ और सवारी को बादशाहनगर छोड़ दो। वह अपने बुआ के बेटे शोभित निवासी नगला जाजू थाना कांट के साथ कनेंग तिराहे पर पहुंचा। जहां पंकज ने अपने ई-रिक्शे पर बैठे तीनों लोगों को उसके रिक्शे पर बैठा दिया। सुधीर तीनों को लेकर सेहरामऊ आया, जहां तीनों बदमाशों ने कहा कि रौरा गांव तक छोड़ दो।

मियापुर मोड़ पर पहुंचने पर बदमाशों ने लघुशंका करने के बहाने ई-रिक्शा रुकवा लिया। इसके बाद बदमाशों ने तमंचा निकाल लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए सुधीर व शोभित को ई-रिक्शा से धक्का दे दिया। आरोप है कि बदमाश ई-रिक्शा लूटकर ले गए।

> तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस बदमाशों और ई-रिक्शा की तलाश कर रही है।---
> **रोहित सिंह,** थानाध्यक्ष

## नशे में गाली-गलौज कर रहे कर्मचारी को हटाया

**पूरनपुर ।** किसान सहकारी चीनी मिल में ड्यूटी पर तैनात एक कर्मचारी लगातार दूसरी रात नशे में गाली-गलौज और हंगामा करते पाया गया। प्रबंधन ने उसे नौकरी से हटा दिया। कर्मचारी ने चीफ गन्ना अधिकारी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर मारपीट का आरोप लगाया है। शिवम मिश्रा चीनी मिल में हेल्पर के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि शनिवार रात वह नशे की हालत में थे। जीएम दीप्ति देव यादव यार्ड में जांच के लिए पहुंच गए, जहां कर्मचारी का तमाशा देखकर उन्होंने फटकार लगाई। सुधार की हिदायत देकर छोड़ दिया। अगले दिन रविवार की रात चीफ गन्ना अधिकारी अजय यादव यार्ड का निरीक्षण कर रहे थे। आरोप है कि कर्मचारी काम छोड़कर नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहा था। इस पर सीसीओ ने कार्रवाई की चेतावनी दी। लगातार दूसरे दिन मिल में अनुशासनहीनता करने पर प्रबंधन ने उन्हें गन्ना हेल्पर को हटा दिया। सोमवार को किसान नेताओं के साथ नारेबाजी करते हुए शिवम मिश्रा कोतवाली पहुंचे। उन्होंने शिकायती पत्र में खुद को गन्ना लिपिक बताते हुए सीसीओ पर मारपीट का आरोप लगाया। वहीं, सीसीओ का कहना था कि शिवम मिश्रा लिपिक नहीं बल्कि हेल्पर के रूप में कार्यरत थे। अनुपस्थित मिलने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। बाकी आरोप निराधार हैं। उधर, कोतवाली पुलिस दी गई तहरीर की जांच कर रही है।

मुफ्त स्वास्थ्य शिविर
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
नाक, कान, गला रोग विभाग
दूरबीन द्वारा मुफ्त नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन (बिना चीरे के)
दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 तक
समय : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
शिविर में आये हुए मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
• ब्लड शुगर मुफ्त • आँख की सिरिंजिंग मुफ्त
• खून की जाँच (CBC) मुफ्त
• गुर्दे की जाँच (KFT) व लीवर की जाँच (LFT) मुफ्त
• दूरबीन से नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन मुफ्त (दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• CT Scan 50% छूट पर
• SERUM ELECTROLYTE 50% छूट पर
• VIRAL MARKERS (एच.आई.वी., एच.सी.वी., हेपेटाइटिस बी) 50% छूट पर


निम्न रोगों का मुफ्त परामर्श :-
• आँखों से ज्यादा आँसू बहना, नासूर में ब्लॉकेज, आँख के पास सूजन/आँख से मवाद आना।
ओ.पी.डी. पंजीकरण शुल्क मात्र 50/– रुपये
पर्चा बनवाने के लिए OPD पंजीकरण काउंटर नं. 61 पर जायें।
स्थान : कमरा नं. 248 नाक, कान एवं गला रोग ओ.पी.डी.
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
Mob. 7521001988, 7521001989

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**गोला गोकर्णनाथ।** मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर निवासी अजेश कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल, शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार के ग्राम सुखचैनापुर निवासी दीपा देवी पत्नी रामनिवास गिरि और मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम परसपुर निवासी रविन्द्र यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर में डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### प्राथमिक स्कूल में चोरी

**निघासन।** मझगई थाना क्षेत्र के छेदुई पतिया के प्राथमिक विद्यालय में में बीती रात में चोरों ने राशन समेत हजारों का सामन चोरी कर लिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक हनुमत शरण तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी कि तीन कमरों का ताला तोड़ दो पंखा, एक भट्ठी, एक कुर्सी आदि सामान चोरी कर लिया।

### निघासन में करीब पांच किलोमीटर में बहने वाली नदी वर्तमान में 50 मीटर में सिमट कर रह गई

# अतिक्रमण और लापरवाही में मिट रहा श्रीराम की 'सरयू नदी' का अस्तित्व

**संवाददाता, निघासन (खीरी)**

**अमृत विचार:** श्रीराम की सबसे प्यारी नदी सरयू जिले से होकर निकली है, लेकिन अतिक्रमण और जिम्मेदारों की लापरवाही में इसका अस्तित्व खतरे में पड़ा है। निघासन में सरयू घाट के नाम से पहचानी जाने वाली नदी सिमट गई है।

पांच किलोमीटर के दायरे में बहने वाली नदी बमुश्किल 50 मीटर में बह रही है, वह हिस्सा भी गंदगी से अटा है। अतिक्रमणकारियों ने धीरे-धीरे नदी के बीच की धारा को खेतों में तब्दील कर दिया, जिसमें गन्ना व लाही की फसलें लहलहा रही हैं। कुछ तटीय क्षेत्रों में शकरकंद व मूंगफली की खेती की जा रही है। इधर, जिम्मेदार बेखबर होकर सरयू घाट का सौंदर्यीकरण कराने में भी रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे घाट पर भी गंदगी का अंबार है।

सरयू के किनारे अंतिम संस्कार करने की प्रथा भी चली आ रही है। दाह संस्कार करने के बाद मृतक के कपड़ों व उनसे जुड़ी चीजें भी सरयू घाट पर फेंकी जाती हैं। पुराने कपड़े घाट के चारों ओर फैले रहते हैं। जनप्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अधिकारी, किसी स्तर पर सरयू का ध्यान नहीं रखा गया। यहां तक वर्षों से नदी की सफाई तक नहीं हुई। यही वजह है कि गंदगी बढ़ती जा रही है।

**चार पुलों से होते हुए निघासन से सिंगाही तक बहती थी सरयू नदी**

> सरयू नदी की सफाई के लिए नहर विभाग को अभिलेख बगैरह दिए थे, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अब नक्शे में देखना पड़ेगा कि यह अभिलेखों में कितना दर्ज हैं। अगर अतिक्रमण में नदी की जमीन शामिल है तो जांच कराई जाएगी। जमीन को खाली करवाकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> – **भीमचंद**, तहसीलदार


सरयू नदी पुल व जलकुंभी से घिरी नदी। ● अमृत विचार

#### निघासन इलाके में पांच नदियां बढ़ाती हैं शोभा

जंगल और नदियों से घिरा निघासन इलाके में मुख्य नदियां ( सुहेली, मोहाना, शारदा, घाघरा सहित सरयू) जंगलों के बीच होकर गुजरती हैं। सरयू जौहरा में विलय होने के बाद बहराइच बॉर्डर के पास घाघरा में विलय हो जाती है। दुधवा होते हुए मोहाना से भी जुड़ती है। प्रसिद्ध रामदास बाबा के स्थान पर घाट बना है, जहां दूर दूर के श्रद्धालु आकर स्नान करते हैं।

#### शास्त्रों के अनुसार विष्णु की मानस पुत्री हैं सरयू

शास्त्रों में सरयू के बारे जितनी पवित्रता का गुणगान किया जाता है। उससे कहीं ज्यादा इंसानों ने सरयू को गंदा बना दिया है। सिंगाही रोड पर मोटे बाबा स्थान के पास सरयू घाट पर हालत बेहद दयनीय हैं। यहां मृत पशुओं को भी नदी के बीचों बीच फेंका जाता है। नदी के बहाव में जलकुंभी और लकड़ियां पटी पड़ी हैं, गंदा पानी होने के कारण लोग स्नान करने में भी परहेज करते हैं, जबकि शास्त्रों में भगवान विष्णु के नेत्रों से सरयू के प्रकट होने का जिक्र किया गया है। सरयू को धरती पर लाने में महर्षि वशिष्ठ को श्रेय जाता है।

## शारदा नहर से युवक का शव बरामद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना शारदा नगर क्षेत्र में रौली पुल के निकट शारदा नहर से शव मिला है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। एसआई देवेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक का शव शारदा नहर में बहता हुआ रौली पुल की तरफ जा रहा है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव नहर से बाहर निकाला। युवक की उम्र करीब 30 साल है। वह क्रीम सफेद नीले रंग की जैकेट, नारंगी रंग की टीशर्ट, मेंहदी रंग की बनियान पहने है। बैंगनी रंग का लोवर जिसमें महाराजा लिखा है एवं उसके नीचे नीले रंग को लोवर व अंडरवियर पहना है। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

# शिक्षकों को जनवरी का वेतन नहीं मिला

**संवाददाता, पसगवां**

**अमृत विचार :** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को जनवरी माह का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इससे उनके समक्ष परेशानियां बढ़ी हैं। अभी तक आधिकारिक तौर पर यह निश्चित नहीं हो पाया है कि वेतन कब निर्गत होगा। जिले में करीब 800 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी इससे परेशान हैं। शासन ने जनवरी माह का वेतन मानव सम्पदा पोर्टल से निर्गत करने का आदेश था।

सहायता प्राप्त माध्यमिक कॉलेजों के शिक्षक मानव सम्पदा पोर्टल में तकनीकी खामी आने से दिक्कत में रहे। फीडिंग पूरी न होने के कारण वेतन लटक गया। संबंधित कालेजों से वेतन बिल पूर्व की भांति लिया गया, लेकिन अभी निर्गत इसलिए नहीं हुआ है, क्योंकि ऊपर से आदेश नहीं आया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वेतन न मिलने से शिक्षकों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शादी ब्याह का मौसम है, लेकिन मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर फीडिंग पूरी न होने के कारण वेतन रोका गया है।

> नव संपदा पोर्टल की खामी का शिकार शिक्षकों को बनाया जा रहा है। शासन की मंशानुसार पहली तारीख को वेतन मिल जाना चाहिए। समस्या का समाधान कर वेतन जल्द निर्गत किया जाए। –**धीरेंद्र सिंह**, अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# शिक्षा का हालः बेसिक स्कूलों में शिक्षकों के 6447 पद खाली

### जिले के कई विद्यालयों में एक भी शिक्षक नहीं हैं, नगर क्षेत्र के विद्यालयों की हालत सबसे ज्यादा खराब

**अमित गुप्ता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। सृजित पदों के सापेक्ष रिक्त पदों का फासला बढ़ते-बढ़ते करीब 50 फीसदी तक पहुंच गया है। कई प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक भी शिक्षक तैनात नहीं हैं, जिससे उन विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था एकदम चौपट हो गई है। कई विद्यालय ऐसे भी हैं, जो शिक्षकविहीन होने के कारण शिक्षामित्र या अनुदेशक के सहारे ही संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान समय में प्राथमिक विद्यालयों में करीब 4006 पद रिक्त तो वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी शिक्षकों के 2441 पद खाली हैं।

सरकार जहां परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प कराने के साथ शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर बढ़ाने को लेकर तमाम दावे कर रही है। प्रति वर्ष निपुण असेसमेंट टेस्ट (नैट) परीक्षा का आयोजन करा रही है। साथ ही बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए विद्यालयों में लाइब्रेरी बनाने को पैसा खर्च कर रही है। बच्चों के खेलने के लिए विद्यालयों को खेल सामग्री खरीदने के लिए बजट दे रही है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके, लेकिन शिक्षकों के तमाम पद रिक्त होने से शैक्षिक स्तर लगातार गिरता जा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार की गरीब बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा दिलाने के दावों में दम नजर नहीं आ रही है। इससे परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है।

बेसिक शिक्षा विभाग के 3106 परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती के आंकड़ों पर गौर करें तो प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के 10619 पद सृजित हैं, जिसके सापेक्ष 6613 शिक्षक तैनात हैं। जबकि शिक्षकों के 4006 पद रिक्त हैं। इसी तरह उच्च प्राथमिक विद्यालयों कुल 4306 पद शिक्षकों के स्वीकृत हैं, जिसके सापेक्ष वर्तमान में 1865 शिक्षक ही तैनात हैं। जबकि 2441 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। कई विद्यालय शिक्षक विहीन हो चुके हैं, जिससे कई विद्यालयों में तालाबंदी होने के हालात बने हैं।


संविलियन विद्यालय महाराजनगर में शिक्षिका नदारद, बच्चे मचा रहे धमाचौकड़ी।

**बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में ऐसे तो नहीं सुधर सकती है शैक्षिक गुणवत्ता**

#### नगर क्षेत्र के 32 विद्यालयों में मात्र 14 शिक्षकों की तैनाती

नगर क्षेत्र लखीमपुर, गोला और मोहम्मदी में 32 परिषदीय विद्यालय हैं, जिनमें से छह विद्यालयों में एक भी शिक्षक व शिक्षामित्र नहीं है। इन विद्यालयों में 4010 बच्चे पंजीकृत हैं, जिन्हें पढ़ाने के लिए पांच प्रधानाध्यापक व नौ सहायक अध्यापक कुल 14 शिक्षक तैनात हैं। 22 शिक्षामित्र भी कार्यरत हैं। शहर के प्राथमिक विद्यालय जहूरबाग में सिर्फ एक शिक्षामित्र तैनात हैं। प्राथमिक विद्यालय कल्लूमल में 24 बच्चे पंजीकृत हैं, लेकिन इन्हें पढ़ाने के लिए न शिक्षक और न ही शिक्षामित्र तैनात हैं। प्राथमिक विद्यालय कमलापुर में 245 बच्चे पंजीकृत हैं, लेकिन यहां बच्चों को पढ़ाने के लिए एक भी शिक्षक या शिक्षामित्र तैनात नहीं है। अब सवाल यह है कि बच्चों को कौन पढ़ रहा है। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय ईदगाह, एसपी बाजपेई, सेठ प्यारेलाल में भी न तो एक भी शिक्षक है और न ही शिक्षामित्र तैनात हैं। गोला नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय आदर्श में 116 बच्चे पंजीकृत हैं, लेकिन एक भी शिक्षक या शिक्षामित्र की तैनाती नहीं है। ऐसे ही अन्य ज्यादातर विद्यालयों में शिक्षक न होने के कारण सिर्फ एकल शिक्षामित्र के सहारे विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है।

> परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, जिससे कुछ विद्यालयों में एक भी शिक्षक न होने से वहां शिक्षामित्र के सहारे संचालन करना मजबूरी है। शिक्षकों की कमी से शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। नगर क्षेत्र के विद्यालयों में प्रशिक्षु शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही हैं। देहात क्षेत्र के विद्यालयों में भी शिक्षकों की कमी को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर सूचना शासन को भेजी जा चुकी है।
> –**प्रवीण कुमार तिवारी**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

### हादसे में युवक घायल

**पीलीभीत।** बरेली रोड पर बाइक सवार सामने अचानक गोवंश आने से गिरकर घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

# बिजुआ पर्यटन सुविधा केंद्र का बजट टाइगर डैन में खपाया

**लखीमपुर खीरी कार्यालय**

**अमृत विचारः** बिजुआ में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य ठप होने के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। निर्माण कार्य के लिए मिले बजट को कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम ने अधिकारियों की जानकारी में लाए बिना ही दूसरी जगह डायवर्ट कर दिया। बिजुआ में सुविधा केंद्र निर्माण के लिए मिला बजट खुर्द-बुर्द होने से निर्माण कार्य शुरूआती दिनों में ही बंद कर दिया।

वर्ष 2011-12 में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए चार स्थानों में पलिया में टाइगर डैन, रवहीं, सिंगाही रोड निघासन और बिजुआ में पर्यटक सुविधा केंद्र बनाने की शुरूआत हुई थी। निर्माण के लिए चार-चार करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया था। पर्यटन विभाग की देखरेख में पर्यटक सुविधा केंद्र बनाने के लिए जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को मिली थी। कार्यदायी संस्था ने पलिया, निघासन और रवहीं में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण कराया, लेकिन बिजुआ में निर्माण कार्य ठप कर दिया। कई सालों से निर्माण कार्य ठप पड़ा है। सैकड़ों बोरी सीमेंट पत्थर बन चुकी है। संबंधित अधिकारियों ने मामले में चुप्पी साध रखी है। सूत्रों ने बिजुआ पर्यटक सुविधा केंद्र के निर्माण में हुई अनियमितताओं का खुलासा करते हुए बताया है कि कार्यदायी संस्था ने बिजुआ का पैसा पलिया के टाइगर डैन में निर्मित पर्यटक सुविधा केंद्र में लगा दिया था। तब कार्यदायी संस्था ने बिजुआ के लिए पुनः प्रस्ताव के सहारे और धनराशि सरकार से हासिल करने का प्लान बनाया था। बताते हैं कि इसके लिए कार्यदायी संस्था ने फिर से प्रस्ताव भेजा था मगर शासन ने रिवाइज स्टीमेट की मांग खारिज कर दी है। इससे बिजुआ स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र के पुनः निर्माण कराने की उम्मीदों को झटका लगा है।

**बिजुआ में पर्यटक सुविधा केंद्र के निर्माण की संभावनाएं हुई धूमिल**

**रिवाइज स्टीमेट को शासन से नहीं मिली स्वीकृति**

# दहेज में बाइक देने से इंकार पर रिश्ता तोड़ा

**लखीमपुर खीरी कार्यालय**

**अमृत विचारः** थाना सिंगाही क्षेत्र में शादी की तारीख तय होने के बाद दहेज में मांगी गई बाइक देने से इंकार करने पर दूल्हा पक्ष ने रिश्ता ठुकरा दिया। काफी बातचीत के बाद जब वह राजी नहीं हुआ तो युवती के भाई ने उसके खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और दहेज उत्पीड़न अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिंगाही क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन की शादी छह महीने पहले गांव के ही राहुल के साथ तय की थी। 6 मार्च को बारात आनी थी। रिश्ता तय होने के बाद राहुल का उसके घर पर आना जाना शुरू हो गया और वह बहन से मिलने जुलने लगा। शादी तय होने की वजह से परिवार के लोगों ने भी कोई आपत्ति नहीं की। कई बार बहन से छेड़छाड़ भी की, लेकिन तीन दिन पहले आरोपी राहुल ने दहेज में बाइक देने की मांग रख दी। पीड़ित भाई ने बताया कि आर्थिक स्थित काफी कमजोर होने के कारण उसने बाइक देने से इंकार कर दिया। इस पर आरोपी ने रिश्ता तोड़ दिया। काफी समझाने पर भी वह नहीं माना।

उन्होंने परिवार वालों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर उसे काफी समझाया बुझाया, लेकिन वह अब शादी करने के लिए तैयार नहीं है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाना सिंगाही पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने छेड़छाड़ और दहेज उत्पीड़न अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ जेबी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पीड़ित परिवार ने छेड़छाड़ और दहेज उत्पीड़न की धारा में लड़के के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**एक ही गांव के हैं लड़का-लड़की, लड़की के घर पर युवक का आना-जाना भी था**

# मिठाई व्यापारी को मिली जान से मारने की धमकी, दहशत

**लखीमपुर खीरी कार्यालय**

**अमृत विचारः** शहर के प्रमुख स्वीट्स व्यापारी शिव दयाल गुप्ता को अज्ञात युवक ने मोबाइल पर कॉल कर गालीगलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दी है। व्यापारी के कोतवाली पहुंचने पर पुलिस ने कॉलर से बात की तो उसने पुलिस से भी अभद्रता की। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला ईदगाह निवासी शिव दयाल गुप्ता प्रमुख मिष्ठान कारोबारी हैं। उन्होंने बताया कि घटना 10 फरवरी की शाम की है। वह अपने घर पर थे। शाम करीब 4.30 बजे उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही कॉलर अभद्रता करते हुए गालीगलौज करने लगा। उन्होंने गालीगलौज का विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी और कॉल काट दी। व्यापारी के अनुसार वह कोतवाली सदर पहुंचे और पूरी घटना बताई। पुलिस ने कॉलर से मोबाइल पर कॉल कर बात की तो वह पुलिस से भी उलझ गया और खरीखोटी सुनाते हुए अभद्रता करने लगा। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सेप्टिक सीमिया से हुई थी किशोरी की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** मोहम्मदी कोतवाली के गांव नौगवां में रविवार को गन्ने के खेत में किशोरी का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक किशोरी की मौत सेप्टिक सीमिया बीमारी से हुई थी।

कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव नौगवां निवासी श्रीराम की 16 वर्षीय पुत्री रचना मानसिक रूप से बीमार थी। वह 23 जनवरी को लापता हो गई थी। पुलिस ने 24 जनवरी को किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की थी। रविवार को किशोरी का शव गांव से तकरीबन 200 मीटर दूर गन्ने के खेत में बरामद हुआ था। उसकी हत्या होने की आशंका जताई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे* | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी–पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी कक्षा-10 की अंकतालिका वर्ष 2017-2018 अनुक्रमांक 0443112 वास्तव में कहीं खो गई है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। प्रीति पुत्री श्री रघुराज सिंह निवासी दीनपुर कलां मा. गांव नगला ताली पोस्ट थराचीतरा तहसील सहावर व जिला कासगंज

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी आशा रानी की मृत्यु दिनांक 12.04.2018 को हो चुकी है। इनके नाम आवासीय मकान मोहल्ला बिहारमान नगला, मुंशीनगर बरेली में है। इस सम्पत्ति पर पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेन्स लि. से लोन चल रहा था जोकि पूरा हो चुका है। इस सम्पत्ति के कागजात श्री तरूण सक्सेना पति स्व. आशा रानी को पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि. से छुड़ाने हैं। श्री तरूण सक्सेना पति स्व. श्रीमती आशा रानी 115/11 नियर सर्किट हाउस, बरेली।

NOTICE
This is to notify that my wife has expired on dated 12.04.2018. A residential house in Mohalla Bihar man Nagla, Munshinagar, Bareilly is on his name. A Loan was released by Piramal Capital and Housing Finance Ltd. On this property whose all installment are cleared. I want the papers of this property in my name. Tarun Saxena H/o Late Asha Rani R/o 115/11, Near Circuit House, Bareilly

सूचना
सूचित किया जाता है, कि मेरा आवासीय प्लाट 46.47 वर्गमीटर टाउन एरिया, न्यूरिया हुसैनपुर गाटा सं.-309/2 का अंश भाग है जिसको मोहम्मद उमर पुत्र अब्दुल जब्बार से दिनांक 13.05.2011 को पंजीकृत बैनामे द्वारा क्रय किया था इस प्लाट के पूर्व स्वामित्व का मूल बैनामा 25.11.2004 जिल्द सं. 2550 के पृष्ठ सं.-205/218 पर क्रमांक 9337 पर अंकित है, जोकि मोहम्मद इसराईल द्वारा मोहम्मद उमर के पक्ष में किया गया था, दिनांक 01.02.2024 मोहल्ला मोहम्मद यार खां न्यूरिया स्थित अपने घर से बाजार में बैनामे की फोटोकॉपी करवाने गया था, रास्ते में मूल बैनामा कही गिरकर खो गया है, इसका प्रयोग अवैध होगा। मुजीब अहमद पुत्र दिलावर हुसैन निवासी मोहल्ला मो. यार खां कस्वा व थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत

NOTICE
This is to be notify that my daugher's name is wrongly written as Shivnya Yadav in her school record whereas her actual name is Shivnya Singh. Sanjana Singh C/o Manender Singh, 7/46 D Jawahar Nagar Khandri Agra

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्री आशी का नाम बदलकर आशी माहेश्वरी रख दिया है। अब भविष्य में मेरी पुत्री को आशी माहेश्वरी पुत्री भुवनेश माहेश्वरी निवासी मो. नं. 1 बिल्सी, तहसील बिल्सी, जिला बदायूँ उ.प्र. के नाम से जाना व पुकारा जाये।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी सं. 214452193 में मेरा नाम राजकुमार दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में भी मेरा नाम रवि कुमार दर्ज है। राजकुमार व रविकुमार दोनों नाम मेरे ही हैं तथा मैं इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ। रवि कुमार पुत्र सीताराम निवासी पिपरिया भागवन्त, परगना खुटार, तह. पुवायां, जिला शाहजहाँपुर।

बड़ा बाजार, बरेली कपड़ा शोरूम में
आवश्यकता है
पानी पिलाने और साफ सफाई हेतु, बाजार में माल पहुंचाने हेतु और दुकान पर हेल्पर हेतु लड़को की।
संपर्क करें : 7300704276

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# धर्म दर्शन



# जीवात्मा का स्वरूप

जीवात्मा के स्वरूप का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है जो गुणों से सम्बद्ध, फलप्रद कर्म का कर्ता और उस किए हुए कर्म का उपभोग करने वाला है, वह विभिन्न रूपों वाला, त्रिगुणमय, तीन मार्गों से भ्रमण करने वाला प्राणों का अधिष्ठाता जीव अपने कर्मों के अनुसार गमन करता है।

यहां पर गुणों से बंधे हुए जीव के स्वरूप का वर्णन किया गया है, गुणातीत का स्वरूप इससे भिन्न है। जीवात्मा सत्व, रज, तम इन तीन गुणों में बंधा हुआ है, अतः वह नाना प्रकार के कर्म भोगरूपी फल की प्राप्ति के लिए करता है और अपने किए हुए उन कर्मों का फल भोगने के लिए नाना योनियों में जन्म लेकर विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। मृत्यु के अनंतर उसकी कर्मानुसार तीन गतियां होती हैं अर्थात् शरीर छोड़ने पर वह तीन मार्गों से देवयान, पितृयान और तीसरा निरंतर जन्ममृत्यु के चक्र से जाता है। जब तक प्राणों का अधिपति यह जीवात्मा मुक्त नहीं हो जाता, तब तक अपने किए हुए कर्मों से प्रेरित होकर नाना लोकों में भिन्न-भिन्न योनियों में घूमता रहता है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

यह जीवात्मा अंगूठे के बराबर प्रमाणवाला, सूर्य के समान ज्योतिस्वरूप, संकल्प और अहंकार से युक्त तथा बुद्धि और शरीर के गुणों से भी युक्त है। मनुष्य का हृदय अंगूठे के नाप का माना गया है। हृदय में ही जीवात्मा का निवास है इसलिए उसे अंगूठे के माप का कहा जाता है। जीवात्मा का वास्तविक स्वरूप सूर्य की भांति प्रकाशमान (विज्ञानमय) है। उसे अज्ञान रूपी अंधकार छू तक नहीं गया है। संकल्प और अहंकार से युक्त होकर ममता, अहंता आदि से आबद्ध होने के कारण ही यह सूजे की नोंक के समान सूक्ष्म आकार वाला है और इसी कारण परमात्मा से भिन्न है। जीव के तत्व को जानने वाले ज्ञानी पुरुषों ने गुणों से युक्त हुए जीवात्मा का स्वरूप ऐसा ही देखा है।

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते।।

जीव की सूक्ष्मता को आगे स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सौ भागों में विभक्त किया हुआ जो केश के अग्रभाग का सौवां भाग है, उस जीव को उसके बराबर जानना चाहिए किंतु वही अनंत रूप हो जाता है।

एक बाल की नोंक के हम सौ टुकड़े कर लें फिर उनमें से एक टुकड़े के पुनः सौ टुकड़े कर लें। यह एक टुकड़ा जितना सूक्ष्म हो सकता है अर्थात् बाल की नोंक के दस हजारवें भाग के समान जीवात्मा को सूक्ष्म समझना चाहिए। यह उसकी सूक्ष्मता का लक्ष्य कराने के लिए केवल उदाहरण स्वरूप ही है। वास्तव में चेतन और सूक्ष्म वस्तु का स्वरूप जड़ और स्थूल वस्तु की उपमा से नहीं समझा जा सकता। यह सूक्ष्म होने पर भी स्थूल वस्तु में सर्वत्र व्याप्त रह सकता है। इसीलिए कहा गया है कि वह इतना सूक्ष्म होने पर भी अनंत भाव से युक्त होने में अर्थात असीम होने में समर्थ है। वह जड़ जगत में सर्वत्र व्याप्त है लेकिन बुद्धि के गुण संकल्प और अपने गुणरूप अहंकार से युक्त होने के कारण ही एकदेशीय बन रहा है।

यह जीवात्मा वास्तव में न तो स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। वह जब जिस शरीर को ग्रहण करता है उस समय उससे संयुक्त होकर वैसा ही बन जाता है। जीवात्मा सर्वभेदशून्य है, सारी उपाधियों से रहित है।

# सुसंगत है मां सरस्वती का पुत्री और पत्नी होना

मां सरस्वती के संबंध में अनेक धर्मग्रंथों में प्रसंग आता है कि वह त्रिदेवों में सृजन के देवता ब्रह्मा की पत्नी और पुत्री दोनों थीं। इस प्रसंग की गहराई में उतरने के पहले लौकिक जीवन में मां सरस्वती की पत्नी और पुत्री की स्थिति पर गौर करने की जरूरत है। जहां एक नारी पत्नी बनकर जीवन-यात्रा में सहधर्मिणी होती है वहीं पुत्री के रूप एक नारी का पोषण पिता करता है। इस भाव पर दृष्टि डालने से स्थिति स्पष्ट हो जाती है। जब ज्ञान से अबोध शिशु विद्या को अर्जित करता है तब विद्या पुत्री के रूप में होती है क्योंकि नवजात शिशु की तरह विद्या और ज्ञान को संजो-संजो कर मस्तिष्क में संचित करना पड़ता है। जब विद्या शिशु रूप से पुष्ट हो जाती है तब वही विद्या जीवन-संचालन में सहधर्मिणी बन जाती है और उसी ज्ञान एवं विद्या से जीविकोपार्जन होता है। यानी मस्तिष्क और विद्या का रूप समयानुसार बदल जाता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

पंच भौतिक तत्वों के सम्मिलन से जीव की संरचना होती है और वह इस संसार-सरोवर में जन्म लेता है तो इस सरोवर में तैरने और प्रवाहित होने की क्षमता पंच ज्ञानेन्द्रियों से संचालित मन-मस्तिष्क, बुद्धि, ज्ञान और विवेक से ही संभव है। इनमें जो जिस स्तर तक प्रखर होता है, उसकी छलांग उतनी ही ऊंचाई पर होती है। सरस्वती शब्द में सर (सरोवर, नवनीत आदि) शब्द 'सृ धातु (जिसका अर्थ गतिशील या प्रवहमान होना है) और अच् प्रत्यय से मिलकर बना है। सरस्वती शब्द में 'सर' शब्द सरोवर का सूचक है। सरोवर शब्द 'सरस्' शब्द+असुन' प्रत्यय से निर्मित है। वाणी एवं ज्ञान की देवी के अर्थ में सरस्वती शब्द की व्युत्पत्ति सरस्वत्+ङीप् प्रत्यय से हुई है। इस तरह सरस्वती का अर्थ सरोवर, प्रवाह होता है। यह प्रवाह वैचारिक और मानसिक स्तर पर मनुष्य को कितनी ऊंचाई तक ले जा सकता है, उसका द्योतक है। क्योंकि मनुष्य पशु के नजदीक का प्राणी है। सनातन संस्कृति के 10 अवतारों में भी जलकर-थलचर पशु अवतार का वर्णन है। मनुष्य पशु ही रहना चाहता है या वह देवता बनना चाहता है, यह उसकी साधना पर निर्भर है। इस साधना में विवेक के देवता प्रथम देव गणेश जी होते हैं तथा विद्या की देवी मां सरस्वती होती हैं। माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश-चतुर्थी का पर्व इसीलिए रखा गया क्योंकि अंधकार में ही विवेक के प्रकाश की जरूरत पड़ती है। माता पुत्र के विवेक के लिए ही व्रत-पूजा करती है तो इसी महीने के शुक्ल पक्ष में पंचमी तिथि को माता की पूजा की व्यवस्था ऋषियों ने की। गणेश की चतुर्थी तिथि की पूजा चतुर्दिक दिशाओं में विवेक-युक्त जीवन यात्रा के साथ पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष के लिए सकारात्मक प्राप्ति की कामना परिलक्षित होती है। मां सरस्वती की पूजा पंच ज्ञानेन्द्रियों का उस विवेक से आबद्ध रहने का सूचक है।



सरस्वती के हाथ में प्रमुख रूप से वीणा विद्यमान है। इसका तुम्बा नीचे की ओर है। वीणा सात तारों से बजने वाला वाद्य यंत्र है। मनुष्य यदि पंच ज्ञानेन्द्रियों के सात द्वारों को नियंत्रित करने के लिए यदि भौतिक-कामनाओं के विलोम में जीने की शक्ति अर्जित कर ले तो श्रेष्ठता की ओर कदम स्वतः ही बढ़ने लगेंगे। क्योंकि इंद्रियां लौकिक सुख के पीछे दौड़ती हैं और अधोगामी बनाने में सहायक होती हैं। वीणा का तुम्बा मनुष्य के सिर की तरह नीचे और पैर वाला हिस्सा ऊपर है। इसी वीणा के बल पर नारद हर लोक की सुध-बुध ही नहीं लेते थे बल्कि त्रिदेव तक उनकी बातों और सूचनाओं को तरजीह देते थे। नारद कभी माया के अधीन नहीं बल्कि मायाधीश नारायण के अधीन रहे। जब विश्वमोहिनी पर अनुरक्त हुए और उससे विवाह करने की कामना जागी तब वे नारायण के पास जाकर यह नहीं कहते कि मेरा विवाह विश्वमोहिनी से हो ही जाए बल्कि 'जेहिं विधि होहि नाथ हित मोरा' कहते हैं। मन में जागी किसी अवांछित कामना को विवेक की कसौटी पर कसने से अवांछित कामनाएं विनष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति में मां सरस्वती मनुष्य भवसागर में डूबने नहीं देती। विद्या और ज्ञान के पतवार के सहारे मनुष्य श्रेष्ठतम मानव बन जाता है।

# ब्रह्म और जीव दोनों चेतन

संन्यासी बनने के बाद रामानुजाचार्य अथवा यतिरामानुजम् की शिष्य मंडली बड़ी तेजी से बढ़ने लगी। उनकी कीर्ति यहां तक बढ़ी कि उनके पूर्व गुरू यादव प्रकाश ने भी, इनका शिष्यत्व स्वीकार किया और "यतिसमुच्चय" नामक ग्रंथ की रचना की। उनके अधीन वैदिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से शिष्य आने लगे। एक दिन उनके गुरू यमुनाचार्य के पुत्र वरदरंगम् आचार्य के पास आ पहुंचे और उनसे श्रीरंगपुरम चल कर वहां के अध्यक्ष पद को स्वीकार करने को सहमत किया। श्रीरंगम् आकर रामानुजम् ने वहां के मंत्रों के ख्याति प्राप्त आचार्य गोष्ठी पूर्ण से दीक्षा ली। गोष्ठी पूर्ण के मना करने पर भी रामानुज ने मंत्रों का रहस्य जन सामान्य के हित में मान उद्घाटित करना शुरू कर दिया। गोष्ठी पूर्ण से यह मंत्र रहस्य जान कर कि मंत्रों में वह सामर्थ्य है कि इनका श्रद्धापूर्वक नियमित पाठ, मनुष्य के मोक्ष या मुक्ति में सहायक हो सकता है, उन परम गोपनीय मंत्रों को खुले आम सार्वजनिक करना शुरु कर दिया। उन्होंने जनहित में मंत्र रहस्य को सार्वजनिक करने के लिए गुरू गोष्ठी पूर्ण को सहमत कर लिया। प्रसन्नता पूर्वक गुरू गोष्ठी पूर्ण ने उनको आशीष दिया कि, "आज से विशिष्टाद्वैत मत तुम्हारे नाम पर 'रामानुजदर्शन' के नाम से विख्यात होगा।" मैसूर के तत्कालीन नरेश राजा विट्टिदेव की सहायता से आचार्य श्री रामानुजने, "श्रीवैष्णवमत" के चतुर्दिक प्रचार के लिए अपने 74 सुयोग्य शिष्यों को नियुक्त किया। इस प्रकार अपना सारा जीवन भजन-साधन तथा वैष्णव धर्म एवं विशिष्टाद्वैत मत के चतुर्दिकसुप्रचार में लगा कर अंततः विक्रम संवत् 1194 में श्री हरि षिष्णु के दिव्य धाम के लिए प्रस्थान किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यतिराराज रामानुजम् या रामानुजाचार्य ने अपने मत की पुष्टि के लिए जिन अनेक ग्रंथों की रचना की, उनमें उनके सुख्यात् "श्रीभाष्य" के अति रिक्त, वेदान्त संग्रह, वेदान्त प्रदीप, वेदान्तसार, वेदान्ततत्वसार, गीताभाष्य, गद्यत्रय, भगवदारा धनक्रम बहुत लोकप्रिय हुए। इसके अतिरिक्त अष्टादशरहस्य, कंटकोद्धार, कूटसंदेह, ईशावास्योपनिषदभाष्य, गुणरत्नकोश, चक्रोल्लास, दिव्यंसूरिप्रकाश दीपिका, देवतास्वारस्य, नारायणमंत्रार्थ, न्यायरत्नमाला, मुंडकोपनिषदव्याख्या, दिव्यसंरिपूरभावदीपिका, योगसूत्रभाष्य, रामपाल, नित्यपद्धति, रामपद्धति, रामपूजापद्धति, रेमरहस्य, राममंत्रपद्धति, विशिष्टाद्वैतभाष्य, विष्णुसहस्रनामभाष्य, शतदूषणी, वेदार्थसंग्रह, संकल्प सूर्योदय टीका, श्वेताश्वतरोपनिषद्व्याख्या, सच्चरित्ररक्षा आदि। दुर्भाग्य वश, इन रचनाओं का कालक्रम निर्धारण असंभव है। इनकी सभी कृतियां संस्कृत में हैं। रामानुज ने गुरू यमुनाचार्य के सिद्धांतों की विस्तृत और बोधगम्य प्रस्तुति को लोक प्रिय बनाया यह भी तीन ही मौलिक पदार्थों का अस्तित्व मानते हैं - चित् (जीव), अचित् (जड़जगत या समूह) तथा ईश्वर या पुरूषोत्तम।

इनके अनुसार स्थूल-सूक्ष्म, चेतन-अचेतन विशिष्ट ब्रह्म ही ईश्वर है। अनंत जीव और जगत उनका शरीर है। वही इस शरीर की आत्मा है। ब्रह्म अशेष गुणों का आलय या आवास है। उसमें निकृष्ट या हेय कुछ भी नहीं है। सर्वेश्वरत्व, सर्वग्यत्व, सर्वनियनतृत्व आदि इसके गुण या लक्षण हैं। यह सूक्ष्म चिंतन और अचेतन रूप में जगत का उपादान (प्राप्ति या प्राप्त करना) कारण है। संकल्प विशिष्ट रूप से निमित्त कारण है। जीव और जगत इसका शरीर है। यही सृष्टि का निर्माता और संहारकर्ता है। यही अंतर्यामी और पूजनार्थ अवतार भेद से शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी चतुर्भुज है। श्री, भू और लीला देवी सहित किरीट आदि आभूषणों से अलंकृत है। जड़जगत, ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म ही जगत का उपादान और निमित्त कारण है। यह जगत रूप में प्रकट होकर भी विकार (दोष रहित या निर्दोष) है। यह जगत सत्य है, मिथ्या नहीं है। जीव भी ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म और जीव दोनों चेतन हैं ब्रह्मविभु (सर्वव्यापक) तथा जीव अणु है। ब्रेक पूर्ण तथा जीव खण्डित है। प्रत्येक शरीर में जीव भिन्न या पृथक् है।

## आसपास

# तौकीर से न डरे जनता, इस बार जरूर की जाएगी कार्रवाई

## भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा- लखनऊ में हो गई है बात, कार्रवाई के लिए बनाई जा रही योजना

बरेली कार्यालय





भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल। ● अमृत विचार

- बोले- चुनाव से पहले हर बार होती है उछलकूद, वरिष्ठ नेताओं से की है जांच की मांग
- कार्रवाई कराने के लिए ही आया हूं दिल्ली से, अल्पसंख्यकों को भड़काते हैं मौलाना

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा है कि मौलाना तौकीर रजा की धमकियों से जनता को डरने की जरूरत नहीं है। तौकीर पर इस बार कार्रवाई जरूर होगी। वह इसीलिए दिल्ली से आए हैं। लखनऊ में बात हो गई है, प्लान भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले जब भी राजनीतिक घटनाक्रम शुरू होते हैं, मौलाना की ओर से यह उछलकूद शुरू हो जाती है। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं को इससे अवगत कराकर इसकी जांच कराने को कहा है। मौलाना अल्पसंख्यकों को भड़काते हैं लेकिन उनका जनाधार होता तो शहर का मेयर उन्हीं की पार्टी आईएमसी का होता।

राजेश अग्रवाल ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2010 और 2012 का वह मंजर बरेली की जनता नहीं भूल सकती, जब कर्फ्यू होने के बावजूद मौलाना तौकीर ने इस्लामिया ग्राउंड पर हजारों की भीड़ इकट्ठी कर ली थी। तब कालीबाड़ी, फाल्तूनगंज और सिकलापुर के लोगों ने सड़क पर आकर तौकीर रजा की योजना को फेल कर दिया था। तब सरकार ने मौलाना पर केस तो दर्ज किया था लेकिन कार्रवाई नहीं की। लेकिन अब वह बरेली की जनता को आश्वासन दे रहे हैं कि मौलाना पर कार्रवाई होगी। वह इसीलिए दिल्ली से बरेली आए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने खुलासा किया कि 2010 के दंगे के बाद मौलाना तौकीर रजा पर दर्ज केस वापस लिया जा चुका है। यह भी कहा कि केस क्यों वापस लिया गया, यह उस समय की सरकार को ही पता होगा। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा के सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सभी को अपशब्द कहने के बाद भी कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई, यह प्रशासन बता सकता है। यह बात वह भी प्रशासन से पूछेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पार्टी प्रवक्ता बंटी ठाकुर और उमेश कठेरिया भी मौजूद रहे।

### बरेली हवाई अड्डे के नामकरण का मामला दिल्ली में लंबित

भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा कि बरेली में असुरों के गुरु शुक्राचार्य और पांडवों का निर्मित शिवमंदिर है। जनता के सहयोग से बरेली नाथ नगरी का रूप ले चुकी है। जब वह प्रदेश के वित्तमंत्री थे, तब उन्होंने एयर टर्मिनल बनाने को बजट आवंटित किया था। उसी फाइल के नोट में बरेली एयर टर्मिनल का नाम नाथ नगरी एयर टर्मिनल रखने की बात दर्ज की थी। यह मामला अभी दिल्ली में लंबित है।

### तौकीर अगर दोषी हैं तो पहले मुझे गिरफ्तार करें

**बरेली, अमृत विचार :** खानकाह-ए-तहसीनिया के प्रबंधक और इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत मिशन के अध्यक्ष मौलाना सुहैब रजा खां ने एक बयान में कहा है कि अगर किसी को लगता है कि तौकीर मियां दोषी हैं तो पहले उन्हें गिरफ्तार किया जाए। क्योंकि पुराना शहर की कयादत उनके जिम्मे थी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपशब्द कहने का भी आरोप निराधार हैं। शुक्रवार को मौलाना की ओर से प्रदर्शन संविधान के दायरे में रहकर किया गया।

प्रदर्शनकारियों की ओर से किसी भी हिंसा की शुरुआत नहीं की गई। जो लोग मौलाना पर आरोप लगा रहे हैं, उन्हें सच्चाई का पता लगाना चाहिए। सुहैब मियां ने कहा कि वह खुद शहामतगंज में मौजूद थे और प्रशासन के कहने पर उन्होंने धरना स्थगित करने का एलान किया था। इसके बाद लोग चौराहा खाली करके शांति से अपने घर चले गए थे। पत्थरबाजी की शुरुआत गुड़ मंडी की तरफ से हुई। इसमें प्रदर्शन से लौट रहे छह लोगों को गंभीर चोट भी आई हैं। झूठे मुकदमे लगाने के बजाय असल दोषियों को चिह्नित किया जाना चाहिए। सरकार निष्पक्ष कार्रवाई करे तो यह सराहनीय कदम होगा।

# संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 26 को

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- डीएम ने तैयारियों की समीक्षा की, नेपाल बॉर्डर से सटे यूपी के आठ जिलों में मनेगा महोत्सव

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए नेपाल बॉर्डर से सटे यूपी के आठ जिलों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद खीरी में 26 फरवरी को चंदन चौकी में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन होगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले में महोत्सव आयोजन के संबंध में अफसरों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य तराई सीमा क्षेत्र से संबंधित जिलों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों को प्रदेश के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करना है। महोत्सव से भारत-नेपाल के संबंध को मजबूत बनाते हुए दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य किया जाएगा। महोत्सव को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए जनपद खीरी को प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य की ओर से दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। डीएम ने आयोजन स्थल चंदन चौकी में महोत्सव पर साज-सज्जा के निर्देश दिए।

कार्यक्रम स्थल के प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ एसडीएम कार्तिकेय सिंह, पीओ यूके सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल, एडीआईओ नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गोरखपुर से आए चार बहन-भाई बरेली की बजाए चन्दौसी पहुंच गए

- आरपीएफ बच्चों को आज गोरखपुर परिजनों के सुपुर्द करने जाएगी
- बच्चे बरेली में अपनी बहन और बहनोई के घर का पता नहीं बता पा रहे

**चन्दौसी, अमृत विचार:** गोरखपुर से बरेली जाने को बापूधाम मोतिहारी से आनंद विहार जाने वाली चम्पारन सत्याग्रह एक्सप्रेस में बैठे चार भाई-बहन चन्दौसी पहुंच गए। ट्रेन यहां रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो आरपीएफ ने बच्चों को उतार लिया। बच्चों को बरेली में अपनी बड़ी बहन के घर जाना था। उक्त ट्रेन बरेली नहीं जाती है, बल्कि चनहेटी से वाया चन्दौसी आती है। बाल कल्याण समिति ने बच्चों को माता-पिता के घर छोड़ने के आदेश दिए हैं। बच्चे बरेली में अपनी बहन व बहनोई के घर का पता नहीं बता पा रहे हैं। गोरखपुर के श्रीकृष्णा कालोनी निवासी किशन कुमार मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता है। उनकी बड़ी पुत्री पूजा की शादी बरेली में अमन नामक युवक से हुई है। पूजा के छोटे चार बहन-भाई अपनी बड़ी बहन के घर बरेली जाने की की जिद कर रहे थे। पिता ने अपनी पुत्री निशा 15 वर्ष, निभा 11 वर्ष, अमिता 7 वर्ष व पुत्र कन्हैया 9 वर्ष को रविवार की रात गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बापूधाम मोतिहारी से आनंद विहार तक जाने वाली चम्पारन सत्याग्रह एक्सप्रेस के जनरल कोच में बरेली जाने को बैठा दिया। मगर वह यह नहीं जानते थे कि उक्त ट्रेन बरेली रेलवे स्टेशन पर नहीं जाती है। सोमवार की सुबह 12 बजे जब एक्सप्रेस ट्रेन चनहेटी से वाया चन्दौसी आने लगी तो ट्रेन में सवार बच्चे रोने लगे। कोच में सवार यात्रियों ने घटना से ट्रेन में टीटी से संपर्क किया और बच्चों के गलत ट्रेन में बैठने की बात बताई। तब टीटी से आरपीएफ चन्दौसी को सूचना दी और बच्चों को रेलवे स्टेशन पर उतारने को कहा। दोपहर दो बजे ट्रेन चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर पहुंची।

# रिपोर्ट कराने पर पति ने वायरल किए अश्लील फोटो

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे नाराज पति ने महिला के अश्लील फोटो वायरल कर दिए। भाइयों को अश्लील फोटो भेजकर पांच लाख रुपयों की मांग की। बारादरी पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला के मुताबिक नवाबगंज निवासी युवक से उसकी शादी वर्ष 2021 में हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसने बारादरी थाना में वर्ष 2023 में पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। इससे पति रंजिश मानने लगा और उसके फोटो और वीडियो एडिट करके व्हाट्सएप पर वायरल कर दिए। उसके भाइयों के व्हाट्सएप पर भी अश्लील फोटो और वीडियो भेजे हैं।

# नाथ कॉरिडोर : तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग चौड़ीकरण में देरी

बरेली कार्यालय

- सात शिव मंदिरों को जोड़ने वाले मार्गों का किया जा रहा है चौड़ीकरण

**अमृत विचार :** नाथ कॉरिडोर के तहत शहर के सात शिव मंदिरों को जोड़ने के लिए सड़कों के चौड़ीकरण का काम पीडब्ल्यूडी ने शुरू कर दिया है। दो सड़कों का काम पिछले महीने शुरू हो गया है और आठ के टेंडरों का परीक्षण हो रहा है लेकिन तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण में देरी हो सकती है, क्योंकि इसके लिए रेलवे की एनओसी लेनी पड़ेगी। सुभाषनगर अंडरपास से रेलवे कॉलोनी होते हुए 1.29 किमी लंबा मार्ग साढ़े तीन से पांच मीटर तक चौड़ा है। सभी मार्गों से इसकी चौड़ाई सबसे कम है। इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए पिछले दिनों टेंडर निकाला गया था। सिंगल टेंडर प्राप्त होने पर इसे रिजेक्ट कर फिर से अपलोड किया गया। अब दोबारा टेंडर 21 फरवरी को खुलेगा। अफसरों का दावा है कि नाथ कॉरिडर में शामिल सभी 11 सड़कें कम से कम सात मीटर और अधिकतम दस मीटर चौड़ी की जाएंगी। दिसंबर 2023 में आठ और जनवरी 2024 में नाथ कॉरिडोर की तीन सड़कों के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री ने बजट दिया था। जिसके बाद सबसे पहले डेलापीर तिराहा से सूद धर्मकांटा और यहां से त्रिबटीनाथ मंदिर मार्ग पर काम शुरू किया। वनखंडीनाथ मंदिर से पशुपतिनाथ मंदिर, किला क्रॉसिंग से अलखनाथ मंदिर समेत आठ मार्गों के लिए टेंडर हाल ही में निकाले गए थे। पोर्टल पर प्राप्त हुए टेंडरों का अभी परीक्षण चल रहा है, जबकि तपेश्वरनाथ मंदिर के लिए सुभाषनगर नगर अंडर पास से होते हुए जाने वाले मार्ग को लेकर प्रक्रिया चल रही है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के मुताबिक तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण में देरी हो सकती है, क्योंकि इसके लिए रेलवे से अनुमति लेनी होगी।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री, मेयर और कमिश्नर के बाद अब वनमंत्री ने दी चेतावनी

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** वैसे तो कुतुबखाना पुल लगभग बन चुका है लेकिन अब वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने भी सेतु निगम के अफसरों को यह कहते हुए उसे एक मार्च तक हर हालत में शुरू करने की चेतावनी दी है कि यह आखिरी डेडलाइन है। हालांकि अब सेतु निगम के अफसर भी आश्वस्त हैं कि पुल एक मार्च को शुरू हो जाएगा। इससे पहले पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने 15 फरवरी तक पुल शुरू करने का अल्टीमेटम दिया था। कमिश्नर की ओर से कई बार इस तरह की चेतावनी दी जा चुकी है। सांसद संतोष गंगवार पिछले साल से ही लगातार दबाव बनाए हुए हैं।

वन मंत्री डॉ. अरुण सोमवार को कैंट विधायक संजीव अग्रवाज और जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल के साथ पहुंचे और एक बार फिर कार्यदायी संस्था, सेतु निगम और स्मार्ट सिटी के अफसरों के साथ कोहाड़ापीर से कोतवाली तक पुल पर पैदल चलकर निरीक्षण किया। पुल से उतरते ही व्यापारियों ने वन मंत्री को घेरकर अपनी समस्याएं बताई तो उन्होंने वादा किया कि अफसरों का अब कोई बहाना नहीं चलेगा। पहली मार्च को पुल शुरू करने की आखिरी डेडलाइन तय कर दी गई है। हर हाल में इस तारीख पर पुल जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

बता दें कि कुतुबखाना पुल का निर्माण शुरू होते वक्त उसे पूरा करने की मियाद छह महीने घोषित की गई थी। लेकिन छह महीने में 25 फीसदी काम भी नहीं हो पाया। कभी दो और कभी तीन महीने बढ़ते हुए पुल पूरा होने में करीब डेढ़ साल लग गया। लोकसभा चुनाव नजदीक आने के बाद जनप्रतिनिधियों में बेचैनी बढ़ी तो जल्द निर्माण पूरा करने का दबाव शुरू हुआ। कमिश्नर ने कई बार निरीक्षण कर तय समयसीमा में काम पूरा करने का निर्देश दिया। पिछले महीने जितिन प्रसाद ने सांसद संतोष गंगवार के साथ पुल का निरीक्षण कर सेतु निगम के जीएम को हर हाल में 15 फरवरी को पुल शुरू की चेतावनी दी।

### मुख्यमंत्री कर सकते हैं पुल का उद्घाटन

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि यह पुल बरेली की लाइफलाइन साबित होगा। व्यापारियों ने इस पुल की वजह से काफी दिक्कतें झेली हैं। अब पुल बनने से कोहाड़ापीर से कोतवाली होते हुए सिविल लाइंस और रेलवे स्टेशन जाने वालों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि इस पुल का उद्घाटन करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आ सकते हैं। पिछले महीने पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने 15 फरवरी तक कुतुबखाना पुल का निर्माण पूरा करने का अल्टीमेटम दिया था। इस पर कार्यदायी संस्था मंटेना के प्रोजेक्टर मैनेजर एमके सिंह और सेतु निगम के महाप्रबंधक केएन ओझा ने वादा किया था कि इस दिन तक हर हाल में पुल का उद्घाटन हो जाएगा।

## एक नजर

### आधा दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं

बरेली। ट्रेनों के देरी से पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। बरेली जंक्शन पर सोमवार को करीब आधा दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे। जंक्शन पर 12232 चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस एक घंटा 26 मिनट, 13307 गंगा सतलुज एक घंटा, 13009 दून दो घंटा 30 मिनट, 14649 सरयू यमुना एक घंटा 52 मिनट, 15715 गरीब नवाज एक घंटा 10 मिनट, 12317 अकाल तख्त एक्सप्रेस एक घंटा 34 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। वहीं 14674 शहीद एक्सप्रेस, 12210 कानपुर सेंट्रल गरीबरथ और 14229 प्रयागराज योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें निरस्त रहने से यात्री परेशान हुए।

### एलएलबी छात्रों को आज बंटेंगे स्मार्टफोन

बरेली। बरेली कॉलेज के सत्र 2022-23 के एलएलबी छात्रों को मंगलवार को नए परीक्षा भवन में स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। छात्र लंबे समय से टैबलेट वितरण की मांग कर रहे थे। इसके लिए कई बार प्राचार्य का घेराव भी किया गया था। प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया कि चयनित छात्रों की सूची कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है। छात्रों को आईडी कार्ड, फीस रसीद, फाइनल सेमेस्टर की मार्कशीट की छायाप्रति जमा करनी होगी। किसी रिश्तेदार को स्मार्टफोन नहीं दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने दी हिदायत, संतों व आगंतुकों को न हो दिक्कत

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री कल्कि धाम के लिए बनने वाले गर्भगृह और हेलीपैड का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता,संभल



संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में भाजपा पदाधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाते मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार:** संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों को देखा। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाये। यह भी ध्यान रखें कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को कोई परेशानी न झेलनी पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सुबह 11 बजकर 18 मिनट पर हेलीकॉप्टर से ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। यहां कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम व भाजपा पदाधिकारियों के साथ प्रमुख सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा व डीजीपी प्रशांत कुमार आदि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल्कि धाम शिलान्यास का कार्यक्रम स्थल पर गर्भगृह, सभा मंच और हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों के बारे में विस्तार से जाना साथ ही अधिकारियों से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने साफ कहा कि आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह व डीएम मनीष बंसल आदि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाके को समतल करा लिया गया है। साथ ही मिट्टी से गड्ढे भरवा लिए गए हैं। इसके अलावा छह हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, डीआईजी मुनिराज, डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू आदि मौजूद रहे।

### सड़कों की साफ-सफाई और सौंदर्यकरण कराएं

संभल। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐंचोड़ा कंबोह तक आने वाले सभी मार्गों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया जाए। साथ ही शौचालय और पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाए। हेलीपैड को भी समय पर पूरा करा लिया जाए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहे और एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

▸▸ ऐंचोड़ा कंबोह में श्री कल्कि धाम का शिलान्यास करने प्रधानमंत्री मोदी 19 को आयेंगे

**हादसे में महिला की मौत :** फतेहगंज पूर्वी। सोमवार की सुबह हाईवे पर ग्राम टिसुआ फ्लाईओवर पर एक ट्रक खराब खड़ा था। अचानक बरेली की तरफ आ रही मैजिक पीछे से ट्रक में घुस गई, जिससे उसमें सवार चांदनी (36) वर्ष निवासी ग्राम लालपुर थाना मंडी जिला मुजफ्फरनगर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका पति प्रकाश राय, पुत्र आकाश और चालक रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घायलों को उपचार के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर शाम को परिजन अस्पताल पहुंचे।

# सिर्फ पांच हजार देने हैं... फिर चाहकर भी फेल नहीं हो सकते

आसिफ अंसारी, बरेली

▸▸ ढाई सौ से ज्यादा अत्याधुनिक सेंसर और सीसीटीवी कैमरों से लैस ऑटोमेटिक ट्रैक को भी कमाने-खाने वालों ने किया फेल

▸▸ ऑटोमेटिक ट्रैक पर बिचौलियों का कब्जा, पैसे देकर पास कराने की पूरी गारंटी

▸▸ पास होने वालों की संख्या अचानक बढ़ने के बाद भी संज्ञान नहीं ले रहे अफसर

**अमृत विचार :** परसाखेड़ा में ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक इसलिए बनाया गया था ताकि मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी हों लेकिन हर हाल में कमाने-खाने के रास्ते तलाश कर लेने वाले सिस्टम ने इसे भी फेल कर दिया है। अब यहां ड्राइविंग टेस्ट में पास होने के लिए ड्राइविंग आनी जरूरी नहीं रह गई है। अगर पांच हजार रुपये का अतिरिक्त खर्च करने का माद्दा है तो बगैर किसी दिक्कत के ड्राइविंग लाइसेंस बन जाएगा। कथित हाईटेक ट्रैक पर इस गारंटी के साथ यह ठेका लिया जा रहा है कि पैसे देने के बाद कोई चाहकर भी फेल नहीं हो सकता।

आरटीओ में तमाम काम पूरी तरह खुले तौर पर बिचौलियों के जरिए होते हैं, अब ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर भी अफसरों की साठगांठ से बिचौलियों का कब्जा हो गया है। बाइक ड्राइविंग का लाइसेंस बनवाना हो या कार का, बिचौलियों के जरिए यह काम कराना बेहद आसान हो गया है। इसकी पुष्टि सोमवार को तब हुई जब अमृत विचार संवाददाता ने खुद एक बिचौलिये से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए बात की। बिचौलिये ने पांच हजार रुपये देने पर टेस्ट में पास कराने की गारंटी ली। फेल होने की आशंका जताने पर बोला, पैसे किस बात के ले रहे हैं। चाहकर भी फेल नहीं हो सकते, जिम्मेदारी हमारी है। बता दें कि परसाखेड़ा के ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर ढाई सौ से ज्यादा अत्याधुनिक सेंसर और सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। शुरुआत के वक्त दावा किया गया था कि इस ट्रैक पर कोई धांधली नहीं हो सकती लेकिन कुछ ही समय बाद इस दावे को गलत साबित कर दिया गया। पैसे लेकर ड्राइविंग टेस्ट में पास किए जाने की शिकायतों के बाद सितंबर 2022 में जांच की गई तो पता चला कि ट्रैक पर लगे ढाई सौ सेंसरों में से करीब आधे सेंसर खराब कर दिए गए हैं। परिवहन विभाग के अफसरों और बिचौलियों ने आपस में साठगांठ कर ड्राइविंग टेस्टिंग के ऑटोमेटिक सिस्टम को मटियामेट करने का क्या रास्ता तलाश किया है, यह नई जांच का विषय है।

### पहले पास होने का औसत एक प्रतिशत, अब 20

शुरुआत में टेस्ट पास बड़ी चुनौती था। विभाग ने उस वक्त कार ड्राइविंग का टेस्ट देने वाले 1789 लोगों में से सिर्फ 18 लोगों के पास होने को मिसाल बताया था। अब यह स्थिति है कि रोज यहां 40 से 50 लोगों का टेस्ट होता है जिनमें से 10 से 12 लोग पास होते हैं। कई लोग ऐसे भी हैं जो पहले टेस्ट में फेल हुए और कुछ दिन बाद पैसे देकर लाइसेंस बनवाने में सफल हो गए।

### धीरे-धीरे आसान होती गईं सारी मुश्किलें

पांच हजार वर्गमीटर में बना ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक कानपुर के बाद प्रदेश का दूसरा ऑटोमेटिक ट्रैक है। ट्रैक पर एच, एफ, एस, पार्किंग, यूटर्न के साथ आठ जेब्रा क्रॉसिंग और प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल बनाए गए हैं। सभी जगह सेंसर लगे हैं, जिन्हें कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया गया है। जरा सी गलती करने वाला कोई भी आवेदक इस पर फेल हो जा रहा था लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### साठगांठ न होती तो कुछ तो कार्रवाई होती

जुलाई 2022 से शुरू हुए ट्रैक पर सितंबर तक एक दिन में अधिकतम तीन-चार लोगों के पास होने का औसत था। अक्टूबर से यह संख्या बढ़ने लगी। 29 अक्टूबर 2022 को एक ही दिन में 40 आवेदक पास होने के बाद जांच हुई तो पता चला कि ट्रैक का सुपरवाइजर रात नौ बजे तक आवेदकों को अपनी गाड़ी से टेस्ट दिलाकर पास कराता रहा। इस जांच के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो साबित हो गया कि इस भ्रष्टाचार में ऊपर तक अफसर शामिल थे।

> परसाखेड़ा ट्रैक पर जो लोग टेस्ट में पास हो रहे हैं, उन्हीं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। अगर पैसे लेकर कोई पास कराने की गारंटी दे रहा है तो प्रूफ दीजिए। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
> –मनोज सिंह, एआरटीओ प्रशासन

## जनप्रतिनिधियों से हाल पूछ संभल रवाना हो गए मुख्यमंत्री

**बरेली, अमृत विचार :** संभल में प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर चल रही तैयारियों का जायजा लेने जाते समय सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। हाल चाल पूछने के बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से संभल रवाना हो गए। 19 फरवरी को संभल में कल्कि धाम का शिलान्यास होना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जा सकते हैं। तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री सोमवार को लखनऊ से हेलीकॉप्टर से करीब 10.30 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां पांच मिनट के चेंजओवर के दौरान सांसद आंवला धर्मेंद्र कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, बरेली जिलाध्यक्ष पवन शर्मा आदि भाजपा नेता मिले। मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा और फिर संभल रवाना हो गए।

# नर्सिंग की परीक्षा के केंद्र निर्धारित, समय भी बदला

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। इसके अलावा परीक्षा की पाली में भी बदलाव किया है। पहले परीक्षा सुबह 8:30 बजे से निर्धारित थी लेकिन छात्रों ने परेशानी जताई तो इसे बदलकर अब दोपहर 2:30 बजे से कर दिया गया है। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी। वहीं परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा भी 20 से शुरू होगी। इसके अलावा सोमवार को विधि की एलएलबी और बीएएलएलबी की परीक्षा समाप्त हो गई।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग व पैरामेडिकल, एमएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल की मुख्य व पूरक परीक्षा 2023 के केंद्र तय कर दिए गए हैं। 16 महाविद्यालयों के केंद्र बरेली कॉलेज, राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज मीरगंज, एसएस कॉलेज शाहजहांपुर, राजकीय संघटक कॉलेज फैजल्लाहगंज मुरादाबाद, हिंदू कॉलेज मुरादाबाद, आरबीडी कॉलेज बिजनौर और राजकीय संघटक कॉलेज हसनपुर अमरोहा में बनाए गए हैं।

### व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म 16 से भरे जाएंगे

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों बीएससी गृह विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, बॉयोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबॉयोलॉजी, ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स व कम्प्यूटर, एमएससी गृह विज्ञान और विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और बीपीएड और बीएलएड के संस्थागत व भूतपूर्व परीक्षा के फार्म 16 फरवरी से 29 फरवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को 2 मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

### कॉलेजों से बीएड और एमएड छात्रों की सूची मांगी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने महाविद्यालयों से बीएड और एमएड छात्रों की सूची मांगी है। बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म 20 फरवरी से भरे जाना प्रस्तावित है।

## गाय के बाद भेड़ और पोनी को भी पंजीकृत करेगा आईवीआरआई

▸▸ रुहेलखंड में बरेली, बदायूं, पीलीभीत के आठ ब्लॉकों और 54 गावों में 312 गायों का किया जा चुका वर्गीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** जल्द ही भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा रुहेलखंड क्षेत्र में भेड़ व पोनी का भी वर्गीकरण कर पंजीकृत किया जाएगा। आईवीआरआई द्वारा यह काम एनबीएजीआर करनाल के सहयोग से किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को बैठक में आईवीआरआई के निदेशक व कुलपति डा. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि पहले गाय पर जोर दिया गया था। अब भेड़ व पोनी को भी शामिल किया गया है। वैज्ञानिकों की एक टीम इस प्रोजेक्ट पर जल्द काम शुरु करेगी। नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेज (एनबीएजीआर) करनाल के निदेशक डा. बीपी मिश्रा ने बताया कि पशुधन का पंजीकरण कराना बहुत अनिवार्य है। पशुओं का वर्गीकरण कर पंजीकृत करने से उस प्रजाति को संरक्षित किया जा सकता है। इससे उसके उत्पादों को प्रसिद्ध किया जा सकता है।

## केरल व तेलंगाना की तर्ज पर बरात घरों को मंजूरी नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा ब्लॉक के तीन गांवों में केरल, तेलंगाना की तर्ज पर संचालित होने वाले अत्याधुनिक बरात घरों की उम्मीदों को झटका लग सकता है। जिला पंचायती राज विभाग की ओर से भेजे गए प्रपोजल को अभी शासन से मंजूरी नहीं मिली है। मंजूरी मिलने में देरी और आचार संहिता लग जाने से मामला लंबा खिंच सकता है। पिछले दिनों भोजीपुरा ब्लॉक के मुड़िया हाफिजनगर, खजुआ जागीर, बिलवा में पांच-पांच करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक बरात घर बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। यह बरात घर महाराष्ट्र, तेलंगाना और केरल की तर्ज पर संचालित होंगे। बरात घरों के संचालन और देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की होगी। पंचायत राज विभाग की ओर से राजस्व विभाग से बातचीत करके जमीन की तलाश कर ली गई है। एक बरात घर के लिए 1500 वर्ग मीटर जमीन की जरूरत है। बरात घर में पार्किंग की भी व्यवस्था रहेगी, जिससे वाहनों को खड़ा करने में असुविधा न हो। बरात घरों का निर्माण इस हिसाब से होगा कि एक साथ 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए बड़े हाल का निर्माण किया जाएगा। बरात घर बुकिंग के लिए पैसे देने पड़ेंगे, इससे ग्राम पंचायतों को आमदनी भी होगी। मंजूरी मिलते ही काम शुरू हो जाएगा।

## मंडलीय प्रतियोगिताओं में भी अव्यवस्थाओं से जूझे खिलाड़ी

**बरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग की शनिवार को हुईं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अव्यवस्थाएं इस कदर हावी रहीं कि बच्चे चोटिल तक हो गए। विभाग ने इससे कोई सबक नहीं लिया और मंडलीय खेल प्रतियोगिताओं में भी अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। ऊंची कूद में प्रतिभाग कर रहे कई बच्चे गद्दे से नीचे आकर गिरे। सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की 37वीं मंडलीय परिषदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ऊंची कूद में भाग ले रहे खिलाड़ियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया गया। ऊंची कूद के लिए एक ही गद्दे का इस्तेमाल किया गया, जबकि कम से कम दो गद्दे होने चाहिए।


**न्यायालय सिविल जज (शहर) बरेली**
**मूलवाद सं. 74 सन् 2023**

1. नोटिस बनाम केशव कुमार पुत्र स्व. सरदार सिंह निवासी 1-93 रेलवे हॉस्पिटल कालोनी हाल निवासी बसन्त बिहार कालोनी रहपुरा चौधरी, थाना इज्जतनगर पर. सदर तह. व जिला बरेली
2. दुलारो देवी पत्नी रूप लाल निवासी बसन्त बिहार कालोनी रहपुरा चौधरी थाना इज्जतनगर पर. सदर तह. जनपद बरेली

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्रीमती भगवती देवी पत्नी स्व. सरदार सिंह निवासी निकट होली चौराहा बसन्द बिहार चहपुरा चौधरी थाना इज्जतनगर पर. सदर तह. व जिला बरेली द्वारा उक्त वाद बैनामा निरस्तीकरण हेतु स्पेसफिक परफारमेन्स एक्ट 1963 के तहत इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

अत: आपको आदेशित किया जाता है कि आप उक्त वाद के सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 17.02.24 को 10:00 बजे तक प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकतरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 02.02.24 को जारी किया गया।

आदेश
न्यायालय सिविल जज (शहर) बरेली



**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
122, सिविल लाइन्स, बरेली Email: upavp.bly@rediffmail.com
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय/व्यावसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या सेक्टर/खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
| 1. | स्व.प्रेम वी वानी पुत्र स्व. बी.डी. वानी | भवन सं०- सी-100 राजेन्द्र नगर, बरेली | 07.03.2004 | श्रीमती नीलू वानी पत्नी स्व० प्रेम वी वानी | श्री ऋषि वानी एवं श्रीमती रिंकू वानी | पुत्र/पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा, तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। सम्पत्ति प्रबन्धक



**कार्यालय ग्राम पंचायत शीशमखेड़ा, वि.खं. मीरगंज (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा/ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के लिए आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरणुसार कार्यो के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | आलम खां के घर से जाबिर खां के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य। | 2,93,019.00 |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म मुहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 16.02.24 को अपरान्ह 2:00 बजे तक जमा कर सकते हैं, जिसे उसी दिन 4:00 बजे खोला जायेगा। प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सर्वदा कम दरों के अन्तर्गत आने वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

ग्राम प्रधान-सरवरी बेगम — सचिव-नरेश दिवाकर



**कार्यालय ग्राम पंचायत डोहरिया, विकास खंड बिथरी चैनपुर, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | कार्य की मात्रा/नग | वित्त पोषक योजना | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट | 01 | SBM(G) | 22,000/- | - | - | 3 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | 02 | FFC | 1,15,200/- | 2% | - | 3 माह |
| 3. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (ISWMC) | 01 | SBM(G) | 5,33,198/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसिनेटर (भस्मक) | 01 | FFC | 15,000/- | - | - | 3 माह |
| 5. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 03 | FFC | 66,000/- | - | - | 3 माह |
| 6. | फिल्टर चैंबर (तालाबों/जलाशयों) | 02 | FFC | 84,742/- | - | - | 3 माह |
| 7. | सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | 01 | FFC | 17,000/- | - | - | 3 माह |
| 8. | मलीय कचरा प्रबंधन हेतु ट्रेंचिंग | 01 | SBM(G) | 15,000/- | - | - | 3 माह |

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 13.02.2024 को 10 बजे से दिनांक 21.02.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यो का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत अधिकारी



**कार्यालय ग्राम पंचायत अहिलादपुर, विकास खंड बिथरी चैनपुर, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | कार्य की मात्रा/नग | वित्त पोषक योजना | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट | 05 | FFC | 1,10,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | 01 | SBM(G) | 57,600/- | 2% | - | 3 माह |
| 3. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (ISWMC) | 01 | SBM(G) | 4,33,474/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसिनेटर (भस्मक) | 01 | FFC | 15,002/- | - | - | 3 माह |
| 5. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 01 | SBM(G) | 22,000/- | - | - | 3 माह |
| 6. | फिल्टर चैंबर (तालाबों/जलाशयों) | 03 | FFC | 1,35,744/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 7. | सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | 01 | FFC | 17,000/- | - | - | 3 माह |
| 8. | मलीय कचरा प्रबंधन हेतु ट्रेंचिंग सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | 01 | SBM(G) | 10,000/- | - | - | 3 माह |
| 9. | कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा) | 01 | SBM(G) | 1,25,000/- | 2% | 200 | 3 माह |

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 13.02.2024 को 10 बजे से दिनांक 19.02.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यो का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत अधिकारी



**कार्यालय ग्राम पंचायत पुरनापुर, विकास खंड बिथरी चैनपुर, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | कार्य की मात्रा/नग | वित्त पोषक योजना | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट | 06 | FFC | 1,29,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | 01 | SBM(G) | 57,600/- | - | - | 3 माह |
| 3. | कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा) | 01 | SBM(G) | 1,25,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 4. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (ISWMC) | 01 | SBM(G) | 6,37,038/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 5. | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसिनेटर (भस्मक) | 02 | FFC | 30,000/- | - | - | 3 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 06 | FFC | 1,18,980/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 7. | फिल्टर चैंबर (तालाबों/जलाशयों) | 01 | SBM(G) | 40,000/- | - | - | 3 माह |
| 8. | सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | 03 | FFC | 51,000/- | - | - | 3 माह |
| 9. | मलीय कचरा प्रबंधन हेतु ट्रेंचिंग | 02 | SBM(G) | 30,000/- | - | - | 3 माह |
| 10. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | 01 | FFC | 57,600/- | - | - | 3 माह |
| 11. | कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा) | 01 | SBM(G) | 20,000/- | - | - | 3 माह |
| 12. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | 01 | FFC | 57,600/- | - | - | 3 माह |

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 13.02.2024 को 10 बजे से दिनांक 20.02.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यो का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत अधिकारी



**कार्यालय ग्राम पंचायत कुण्डरिया ईख्लासपुर, वि.खं. मझगवां (बरेली)**

**निविदा सूचना**

केन्द्रीय वित्त आयोग की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | मद |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रेमबाबू जाटव के घर से राम सिंह हरिजन के घर तक सी.सी. व एल. टाईप नाली निर्माण कार्य | 2,16,248.00 | पंचम राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त आयोग |

उपरोक्त कार्य हेतु जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म निविदा हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/02/2024 से दिनांक 16/02/2024 दोपहर 12:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है और उसी दिन निविदा अपरान्ह 02:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

प्रधान-मुन्नी देवी — सचिव-हेमन्त श्याम



**कार्यालय ग्राम पंचायत आलमपुर गजरौला, वि.ख. बिथरीचैनपुर, बरेली**

पत्रांक : 010/निविदा/2023-24 — **अति अल्पकालीन निविदा सूचना** — 12 फरवरी 2024

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-आलमपुर गजरौला में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, रोड़ी आदि जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है। गुणवत्तानुसार उच्च, कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 16.02.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 16.02.2024 दोपहर 01:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्यदिवस में सायं काल 04:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र, निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा जमा कर ग्राम पंचायत से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. सामग्री लागत |
|---|---|---|
| 1. | मोहन के घर से नन्दलाल के घर तक सीसी/नाली निर्माण | 1.09 लाख |
| 2. | आछू बाबू के घर से अशोक सिंह के घर तक सीसी/नाली निर्माण | 2.77 लाख |

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा।

(युधिष्ठिर सिंह)-सचिव — (श्रीमती हमशीरन) ग्राम प्रधान



**कार्यालय ग्राम पंचायत सियाथू विकास खण्ड बेहजम-खीरी**

पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023- 24 — दिनांक- 12.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सियाथू में वर्ष 2023-24 मनरेगा के अंतर्गत कार्य कराए जाने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहरबंद निविदा दिनांक 13.02.2024 से 17.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय सियाथू में दिनांक 17-02-2024 को अपरान्ह 04 बजे खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में अंबेडकर पार्क निर्माण कार्य | ईटा, मौरंग,बालू, सरिया, सीमेंट, गिट्टी, रोड़ा, मिट्टी इत्यादि | 544959.00 |

रमेश चन्द्र-सचिव — ग्राम पंचायत सियाथू — श्रीमती श्यामा देवी-प्रधान



**कार्यालय ग्राम पंचायत गिदौली, वि.खं. मझगवां (बरेली)**

**निविदा सूचना**

केन्द्रीय वित्त आयोग की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत | मद |
|---|---|---|---|
| 1. | मस्जिद से सार्वजनिक शौचालय तक सी.सी. रोड व एल टाईप नाली निर्माण | 4,20,875.00 | पंचम राज्य वित्त एवं 15वां वित्त आयोग |
| 2. | गुल्लू के घर से कौशर खां के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3,26,833.00 | " |
| 3. | नदीम के घर से तश्दीक के घर तक सी.सी. रोड व एल टाईप नाली निर्माण कार्य | 2,94,177.00 | " |

उपरोक्त कार्य हेतु जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म निविदा हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/02/2024 से दिनांक 16/02/2024 दोपहर 12:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है और उसी दिन निविदा अपरान्ह 03:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

प्रधान-रिफा बेगम — सचिव-हेमन्त श्याम

अङ्णवेदी वसुधा कुल्या जलधिः स्थली च पातालम्।
वल्मीकश्च सुमेरुः कृतप्रतिज्ञस्य वीरस्य।

दृढ़ संकल्पित योद्धा के लिए संपूर्ण वसुधा कुटुंब रूपी आंगन के समान है। सागर नदी के समान है। सुमेरु जैसा पर्वत भी चींटियों का धाम ही है।


## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

कतर में मौत की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के आठ पूर्व जवानों की सकुशल घर वापसी को मुमकिन बनाने के कतर के अमीर के फैसले की सराहना की जानी चाहिए। ध्यान रहे कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर, 2023 को भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई थी। साल 2022 में कतर की एक कंपनी में काम करने वाले इन अधिकारियों पर जासूसी का आरोप लगाकर वहां की सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। ये सभी पूर्व अधिकारी वहां की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज' नाम की कंपनी के लिए काम कर रहे थे। सवाल उठा कि क्या सरकार इन्हें बचा पाएगी, वो क्या रास्ता निकालेगी और उन्हें लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर क्या कदम उठाएंगे? इन पर जासूसी के आरोप लगे थे। इनकी वापसी नामुमकिन सी थी, लेकिन भारत सरकार की कूटनीति और रणनीति काम आई। इन्हें रिहा कराने के लिए भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर मजबूत रणनीति बनाई। दरअसल भारत और कतर के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। कतर में आठ लाख से भी ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं। भारत अपनी 40 फीसदी तरल प्राकृतिक गैस या एलएनजी कतर से हासिल करता है। पैट्रोनैट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। ऐसे में भारत ने शुरू से ही इस मामले को लेकर कतर से बातचीत जारी रखी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल दिसंबर में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्द अल-थानी से दुबई में हुए सीओपी 28 सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी।

इस बैठक में पीएम मोदी ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के मसले पर बात की। जानकारों के मुताबिक कतर एक ऐसा देश रहा है जो हमेशा मध्यस्थता करके दो देशों के विवादों को सुलझाने में मदद के लिए जाना गया है। इजराइल और हमास के बीच भी कतर ने मध्यस्थता की। इस पूरे घटनाक्रम के बीच 2014 की संधि को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता, जिसमें तय किया गया था कि अगर किसी कारण से दोनों देशों के नागरिकों को सजा मिलती है तो वो अपने देश में सजा काट सकते हैं। चर्चा इस बात की थी कि भारत सरकार ने इस मामले को कूटनीतिक नजरिए से उठाते हुए अमेरिका और तुर्किए से भी बातचीत की थी। वैश्विक स्तर पर भारत की इस ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता के पीछे दुनिया में भारत का बढ़ता कद भी रहा। भारत ने जिस तरह मामले को उठाया, उसके आगे कतर को कैदियों को राहत देनी पड़ी।

# आईसीएआर की पृष्ठभूमि में स्वामीनाथन की भविष्य दृष्टि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया।

98 वर्ष की उम्र में प्रो.मन्कोम्बू संबाशिवम स्वामीनाथन जिन्हें हम एमएस स्वामीनाथन कहते हैं का देहांत 28 सितंबर 2023 को हुआ। चार महीने बाद 9 फरवरी 2024 को प्रो.स्वामीनाथन को मृत्योपरांत भारत रत्न देने की घोषणा भारत सरकार ने की तब इनके बारे समाचार माध्यमों में चर्चा पुनः शुरू हुई। स्वामीनाथन भारत में कृषि क्षेत्र में पोस्ट-कॉलोनियल रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन के जरिए 'हरित क्रांति का पितामह' कहे जाने के कारण लोकस्मृति का स्थायी हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय कृषि को कम उत्पादन, मानसून पर ही निर्भरता संबंधी कठिनाई, कृषि भूमि की गिरती हुई उर्वरता, छोटी और अनुत्पादक जोत, फसलों की सिंचाई के लिए पानी और तकनीकि संसाधनों की कमी, कीट-पतंगों के प्रबंधन और इनकी भूमिका के बारे में निम्न स्तर की समझ, कृषि शिक्षा और वैज्ञानिक शोध के स्तर का स्थिर हो जाना, नए बीजों के रचनाक्रम और इनके अभाव, पुराने एवं पारंपरिक बीजों (फार्मर्स वेरायटीज) का संरक्षण किये जाने और इनके जैव-द्रव (जर्मप्लाज्म) को सुरक्षित करने की व्यवस्था के अभाव, कृषि शोध कार्य की कमी की वजह से प्रकाशन की मात्रा का कम होने और किसान कल्याण के लिए प्रबंधकीय, वित्तीय और प्रशासकीय व्यवस्था के भीतर उपेक्षाभाव दूर करने संबधी निर्णयों के अभाव जैसे संकटों से निकालने के लिए जो नेतृत्व प्रदान किया इस वजह से उन्हें श्रृद्धापूर्वक याद किया जाएगा। साफ़ तौर से कहें तो इनके नेतृत्व में और राजनैतिक और वित्तीय संसाधनों की आश्वत मदद और इंटर-मिनिस्टीरियल सपोर्ट, जैसे कि मिनिस्ट्रीज़ ऑफ़ फाइनेंस, ट्रांसपोर्ट एंड रेलवेज़, बिजली और सिंचाई, इंडस्ट्रीज, केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स, फर्टिलायिज़र्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थ और एग्रीकल्चर फारेस्ट एंड एनिमल हसबेंडरी के अनेक सहायक इंस्टिट्यूट्स और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नीचे सन 1965 के बाद विशिष्ट सेवा के लिए स्थापित किए गए अनुसंधान संस्थानों के बिना 'हरित-क्रांति' संभव ही न थी। यह तो नहीं कह सकते कि देश में सन 1967 से 1978 के बीच चालू रहे 'ग्रीन रेवलुशन' अर्थात हरित क्रांति का प्रारंभ और सफल आयोजन प्रो.स्वामीनाथन के बिना संभव ही न था लेकिन राजनैतिक इच्छाशक्ति

आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था।

और विज्ञान के अद्भुत मेल को लेकर अगर इसे एक ऐतिहासिक दृष्टि से गहरे और समीक्षात्मक नज़रिए से परखा जाए तो किसी को तो भारत से भूख का निर्वासन करने के लिए नेतृत्व देना ही था। संयोगवश इस नेतृत्व के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्रव्यापी काम के लिए प्रो. स्वामीनाथन को पहचाना और इन्हें इसका जिम्मा सौंपा ताकि देश को अनाज उत्पादन में आत्म निर्भर बनाया जा सके। इंदिरा जी की उम्मीदों को पूरा करने के लिए वे एक तेज़ जज्बे और उत्साह से जुटे और खरे उतरकर अगले दस साल में यह काम कर दिखाया। उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की समस्त वैज्ञानिक तकनीकी प्रतिभाओं की बौद्धिक क्षमता का समर्थन प्राप्त हुआ था। प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन और इसकी मॉनिटरिंग के मामले में प्रो. स्वामीनाथन की ही अग्रणी भूमिका रही। इसके अलावा देश के लोगों के न्यूट्रीशनल स्टेटस को सही स्तर पर रखने के लिए जिस प्रकार के अनाज उगाना जरूरी समझा गया उन्हीं 'हाई ईल्डिंग हाइब्रिड सीड्स' को विकास करके उच्च पोषक मान वाली किस्मों की खेती को लोकप्रिय बनाया गया। हरित क्रांति के दौरान अधिकतर जोर पंजाब-हरयाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य और दक्षिण भारत के सिंचित कृषि क्षेत्रों पर रहा। फसल उत्पाद के सुरक्षित भंडारण और वितरण का काम कैसे छोड़ा जा सकता था। इसकी जिम्मेवारी सन 1965 में स्थापित फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया और पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को क्रमशः दी गई थी। कुल मिलाकर हरित क्रांति का प्रभाव आशातीत रहा क्योंकि पंच-वर्षीय योजनाओं के दौरान पूंजी के भारी निवेश और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अलावा देश के किसानों के अपेक्षित सहयोग से भारत की स्थिति एक अकाल पीड़ित, कुपोषित और क्षुधाग्रस्त लोगों की भीड़ से ऊपर उठकर सन 1990 तक एक अन्न निर्यातक देश के रूप में प्रतिष्ठित हुई। सन 1947 में 50 मिलियन टन से भी कम अनाज का उत्पादन करने वाला देश सन 2021 तक सालाना 290 मिलयन टन विभिन्न प्रकार के अनाज का उत्पादन करने में सक्षम हो चुका था। हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया। इसके आधार पर कंसोलिडेशन का काम तीव्र गति से हुआ। हरितक्रांति के लिए यह सब तैयारी जरूरी थी।

प्रो.स्वामीनाथन को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्य में नेतृत्व प्रदान करने के लिए जो इज्ज़त भारत और विदेश में हासिल हुई उसके पीछे की कहानी कॉलोलियल भारत में अंग्रेजों द्वारा खेतीबाड़ी और सिंचाई के मामले में सन 1830 के बाद से दी गई तवज्जो से शुरू होती है। सन 1927 में 'रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर' ने भारत में बैठकें की। इसकी सिफारिश पर सन1929 में 'इम्पीरियल कौंसिल ऑफ़ एग्रीकल्चरल रिसर्च' की स्थापना बिहार के पूसा में की गई थी। बिहार में आये भीषण भूकंप से हुई तबाही के बाद इसे दिल्ली रिज़ के पश्चिमी ओर टोडापुर गांव की जमीन पर स्थापित किया गया। देश में कृषि अनुसंधान का काम धीरे-धीरे विशाल आकार लेता रहा और जैसे-जैसे अनुसंधान की जरूरतें बढ़ी और हरित क्रांति जैसी प्राथमिकताएं बनीं, कृषि अनुसंधान के लिए नए संस्थान बनाए जाने की जरूरत महसूस की गई। आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था। यही किस्में दुनिया के गेहूं उत्पादक देशों में अब सर्वाधिक बोई जाती हैं और इनसे प्राप्त अनाज ही प्राथमिकता से खाया जाता है। मुद्दा यह बताना है कि ग्रीन रेवलुशन से बहुत पहले ही भारत में कृषि और पशुओं के बारे आधुनिक तरीके से अधिक उपज देने वाली और रोगरहित फसलों के अनुसंधान और विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका था। हरित क्रांति का आगाज़ एक ऐसे कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया जिसके लिए एक नई दृष्टि और तकनीकों का अपनाया जाना अर्थात अपग्रेड या उन्नत करना अपरिहार्य हुआ। मध्य 18 वीं सदी से लेकर सन 1943 तक देश में दसियों बार-अधिकतर अनावृष्टि के कारण, भीषण दुर्भिक्ष पड़े जिसके असर से करोड़ों मनुष्य और पशु कालकलवित हुए थे। परंपरा से प्रचलित कृषि ज्ञान और प्रौद्योगिकी से देश में बढ़ती हुई आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में अन्न सुलभ करा पाना मुश्किल हो गया था।

इस कारण से अमरीका के पब्लिक लॉ-480 के अंतर्गत, आस्ट्रेलिया और रूस से देश में गेहूं का बड़ी मात्रा में आयात किए जाने से सम्मान को जो ठेस पहुंच रही थी उसे हरित क्रांति के द्वारा दूर कर दिया गया। देश में फ़ूड सिक्यूरिटी और जनसंख्या में पोषण को उचित स्तर को बनाए रखने के लिए न केवल गेहूं बल्कि धान, दालों और तिलहनों की खेती और हॉर्टिकल्चर को नई सोच से विकसित किया गया। इसमें भी प्रो.स्वामीनाथन और हज़ारों अन्य वैज्ञानिकों की दूर-दृष्टि ने काम किया। अब सवाल यह कि प्रो.स्वामीनाथन और हरित क्रांति के बाद आईसीएआर के अंतर्गत काम करने वाले संस्थान आईएआरआई की शोध दृष्टि अब किस ओर गई है और अगले 30-50 साल के लिए किस सोच से काम करने को यह उद्धत है? जाहिर है इस बारे में आईसीएआर का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार है जिसमें फोकस रहेगा फसलों को जहर मुक्त रखना, क्लाइमेट चेंज के अनुसार फसलों को ढालने की टेक्नोलॉजी विकसित करना। हरित क्रांति के जो दुष्प्रभाव बाद में पैदा हुए उनसे बचाव करते हुए देश के किसानों को सजग रखना और उत्पादन एक स्तर से नीचे न चला जाए इस प्रकार से कुदरती खेती के उपाय भी करना। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में महत्त्व का ऐतिहासिक दस्तावेज़ है डॉ.महेंद्र सिंह रंधावा द्वारा चार खंडों में लिखी गई 'हिस्ट्री ऑफ़ इंडियन एग्रीकल्चर'।

## व्यंग्य

# गाय मार कर जूता दान

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है।

अभी पांच महानुभावों को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को देने तथा पाने वालों से क्षमा मांगते हुए निवेदन कर रहा हूं। लालकृष्ण आडवाणी देश के भूतपूर्व गृहमंत्री होने के साथ जनसंघ तथा भाजपा के शीर्ष पुरुष रहे एवं रामजन्म भूमि मुक्ति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया है। भाजपा सरकार ने उन्हें यह सम्मान देकर उत्कृष्ट कार्य किया है। लेकिन आडवाणी को अधिक आयु का हवाला देकर जिस तरह से उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर किया गया तथा अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास व प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से अलग किया गया, उसकी शायद ही कोई प्रशंसा करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम जन्मभूमि न्यास के सचिव चंपत राय ने उनके न आने के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया था, शायद ही कोई आडवाणी जी जैसों के लिए वैसी भाषा का प्रयोग करना चाहेगा। बेहतर होता, आडवाणी विनय पूर्वक इस सम्मान को अस्वीकार कर देते क्योंकि इसके मिलने या न मिलने से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है। संसद में वित्तमंत्री जी ने श्वेतपत्र जारी कर पिछली कांग्रेस सरकारों को जिस तरह धोया है, उससे यह सम्मान मेल नहीं खाता। इसी तरह श्वेत पत्र में 10 वर्ष तक लगातार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह को भी निशाना बनाया गया जबकि राज्यसभा के कार्यकाल की समाप्ति पर उनकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुक्तकंठ से किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह भी अब भारत रत्न हो गए हैं। किसानों के नेता कभी दलबदल के मसीहा हुआ करते थे तथा वह ऐसे एकमात्र प्रधानमंत्री रहे हैं जिन्होंने एक दिन भी सदन को नहीं झेला। आसन्न चुनावी वैतरणी पार करने में संभवतः वह पतवार का कार्य करेंगे। कर्पूरी ठाकुर भी भारत रत्न हो गए, मरणोपरांत ही सही। सामाजिक न्याय के पुरोधा को यह पुरस्कार पहले ही मिलना चाहिए था लेकिन आगामी चुनाव में पिछड़ों को साधने हेतु विलंब से ही सही,यह कार्य कर दिया गया। डा. स्वामीनाथन को भी यह सम्मान परणोपरांत ही दिया गया।


विरोध प्रदर्शन के समय व्यक्ति की भर्त्सना करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उसी की प्रशंसा करना या सम्मानित करना राजनीति का एक दांव है और यह साम, दाम, दंड, भेद नीति का एक हिस्सा है, इसे इसी रूप में देखा जाना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर बाला साहब ठाकरे, नीतीश कुमार, शरद पवार, लालू यादव आदि को भी ऐसे सम्मानित किया जाए तो आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

कभी विचार आता है कि योग्य व्यक्तियों को उनके जीवन काल में उचित सम्मान क्यों नही मिलता, उनके दिवंगत होने की प्रतीक्षा क्यों की जाती है? देश में हरित क्रांति के पुरोधा डाक्टर स्वामीनाथन को पुरस्कृत करने में सभी सरकारों ने इतना विलंब क्यों किया? शायद उनके पास किसी जाति, धर्म का वोट बैंक नहीं था। देश में ऐसे बहुत से सपूत रहे हैं जो अशोभनीय, असम्मानित और अगाथा चले गए या अंतिम गति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मृत्योपरांत पुरस्कृत करना सेना एवं सुरक्षाकर्मी के लिए तो उचित है लेकिन जीवित व्यक्तियों को उनके जीवनकाल में उपेक्षित करना उनका अनादर है। यदि सरकार साहस कर ऐसे व्यक्तियों को उचित सम्मान दे सके तो राष्ट्र और समाज हित में होगा।

# विवेकवाद बनाम मज़हबों का अयुक्तिवाद

सभी मज़हबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत क़ीमत चुकाकर, कई विद्वानों और जिओर्दनो ब्रूनो जैसे वैज्ञानिकों को चौराहों पर ज़िंदा जलाकर, पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हज़ार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद, इस चीज़ को समझा और पुनर्जागरण, धर्म सुधार तथा ज्ञानोदय की आग में तपकर औद्योगिक क्रांति की यात्रा की जिसने दुनिया बदल दी।

हर मज़हब मूलतः सत्ता-संगठन है। मनुष्य के जीवन में गुणात्मक उत्थान लाने से अधिक उन्हें अपने अनुयायियों की संख्या बढ़ाने में संलग्न देखा जाता है। मनुष्य का चरित्र और स्वभाव कैसा भी हो, उसे अपने मज़हब में दीक्षित करने को मज़हबी कर्तव्य माना जाता है। माना जाता है कि पूरी दुनिया को संबंधित मज़हब में दीक्षित करने में सफल होने तक यह कर्तव्य प्रासंगिक बना रहेगा। यह इस प्रमेय पर आधारित है कि संबंधित मज़हब में दीक्षित होते ही मनुष्य स्वभाव व चरित्र से कैसा भी हो, उसका उद्धार हो जाएगा। जीवन का सीधा और सही मार्ग एक ही है, जैसे दो बिंदुओं को जोड़ने वाली सीधी रेखा एक ही हो सकती है। संबधित मज़हब को ही वे एकमात्र सीधी रेखा और इसलिए एकमात्र सही मज़हब मानते हैं। तर्कणा बात सही होती अगर मज़हब मनुष्य के स्वभाव और चरित्र को बदलकर उसे बेहतर मनुष्य बना देता। किंतु व्यवहार में ऐसा होता दिखाई नहीं पड़ता। मज़हब कोई भी हो, उसके अनुयायी एक से चरित्र और स्वभाव के नहीं पाए जाते। हर मज़हब में अच्छे-बुरे, ईमानदार-बेईमान, भांति-भांति के इंसान दिखाई पड़ते हैं। यहां तक कि कोई भी दो अनुयायी स्वभाव और चरित्र में हूबहू एक-से नहीं होते। यह



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला।

तथ्यात्मक सच्चाई है जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। अस्तु, सीधी रेखा सिर्फ़ इंसानियत की हो सकती है, किसी मज़हब की नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मज़हब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं जो पिछड़े देशों में मज़हब के प्रचार-कार्य में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व-शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज़ को सबसे स्पष्ट तरीक़े से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक क़िस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक क़िस्म का। जैसे हमारे यहां वर्तमान में 'हिंदुत्व' के प्रति 'राजनीतिक क़िस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी मानते हैं, कभी-कभी कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मज़हबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मज़हब के अयुक्तिवाद को दूसरे मज़हब के अयुक्तिवाद से ज़्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को ग़लत बताने लगते हैं। अरे भाई, जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या। जिसके पास तीनों का समंजित योग ज्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो, रहती तो है। किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज़्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा। और ज्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है जो ज्यादा बड़ा झूठ होता है। बिल्कुल सीधी बात है। तो विवेकवाद के आधार पर किसी मज़हब को सही या ग़लत ठहराने का क्या तुक?

जो जैसा है, वैसा है। विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है। उसमें भी तो बहुत कुछ अस्तित्ववाद संबंधी मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना पड़ता है-इसके बारे में फ़िलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से, निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा, बता दूंगा। जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है, वह आगे ज्ञात हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता। लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से जिया जा सकता है। तो विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है, या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अस्तु, विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

## सोशल फोरम

# कहानी त्रेतायुग से जुड़ी है

उन दिनों चोरी के लिए मृत्युदंड का विधान था। हमारे गांव में तो आज भी ताला लगाने का रिवाज कम ही है। फैले खेतों से आलू मूली या फल चुराने की कुछ घटनाएं होती हैंलेकिन घर फिलहाल डौणूं में सुरक्षित ही मिलते हैं। राजा सुरथ के राजमहल में ब्राह्म मूहुर्त में चोरों ने करामात दिखा दी लेकिन जाग हो जाने से पहरेदारों ने चोरों का पीछा शुरू कर दिया। झिटपुट अंधेरे में तो चोर भागते रहे लेकिन ज्यों ही प्रकाश का प्रभाव हुआ वे महामुनि मांडव्य के आश्रम में छुप गए।

माण्डव्य उस समय अष्टांग योग की आठवीं स्थिति अर्थात समाधि लगाए बैठे थे। पहरे दारों ने चोरों को खोज निकाला और यह समझ कर कि मुनि इन चोरों का मुखिया है समाधिस्थ ही उठा ले गए। चोरों को एक-एक करके शूली पर चढ़ा दिया गया। माण्डव्य की समाधि (बंध) यथावत ही रहा और शूली उनके अपामार्ग में किंचित मात्र घुस तो गई लेकिन शरीर छेदन नहीं कर पाई। दंडाधिकारियों को समझ में नहीं आया तो राजा को बुलाया और राजा समझ गए कि अनर्थ हो गया आनन-फानन में त्रृषि के शरीर को शूली से उतारने का उपक्रम किया गया लेकिन शूली की नोंक नहीं निकल सकी और उसे काट दिया गया। समाधि अवस्था समाप्त होने के बाद जब मुनि जागे तो राजा ने पैर पकड़कर क्षमा मांगी और पूरा प्रसंग बताया। त्रृषि ने कहा राजन दोष तुम्हारा नहीं है इसलिए क्षमा करता हूं लेकिन धर्मराज से पूछूंगा कि यह नोंक घुसी रहने का दंड क्यों? प्राण त्याग कर जब धर्म राज के पास पहुंचे तो वहीं प्रश्न। धर्मराज ने कहा कि बाल्यकाल में आप छोटे पतंगों के शरीर में कांटा चुभाकर छोड़ दिया करते थे इसलिए यह दंड देना पड़ा।'बाल्यकाल में पाप पुण्य की जानकारी न होने पर किए गए कार्य का इतना कठोर दंड देकर आपने क्षुद्रबुद्धि का कार्य किया है, इसलिए आप शूद्र बनकर मृत्यु लोक में स्थान प्राप्त करोगे'। आगे की कहानी लंबी है। द्वापर युग में धर्मराज को जन्म लेना पड़ा। इस कलियुग में जो आईएएस अधिकारी समाधि लगाए बैठे रहते हैं उनको ध्यान रखना चाहिए कि उनके आश्रम में चोरों का शरणस्थल तो नहीं बन गया है ताकि दंड का भागी न होना पड़े।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

-फेसबुक वॉल से

# लखनऊ की सुधि कब

इन दिनों प्रकट कारणों वश मुग़ल काल में बनाई गई कतिपय मस्जिदों को हटाकर वहां स्थित हिंदू पवित्र स्थलों को मुक्त कराने का अभियान चल रहा है। इस क्रम में अयोध्या खूब खबरों में रहा और अभी रक्खा जायगा, जहां बाबरी मस्जिद ध्वंस तो बहुत पहले ही हो चुका था, किंतु मंदिर बनाने का मार्ग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कुछ वर्ष पूर्व ही प्रशस्त किया गया। अब मंदिर निर्माणाधीन है, किंतु गर्भ गृह में मूर्ति स्थापन और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की संपन्नता हो चुकी है। आगे के भाजपाई एजेंडे में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर से सटे इस्लामिक स्थापत्यों का हटाया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाभारत काल में पांडवों ने कौरवों से पांच गांव ही मांगे थे,किंतु कौरव 'सुई की नोक बराबर'भी भूमि उन्हें देने को तैयार नहीं हुए, तब महाभारत हुआ था। उनकी (भाजपा की) तो मांग केवल तीन स्थलों की ही थी, जिनमें एक वाया अदालत मिल पाया, अब दो बाकी हैं। यदि ये न मिले तो महाभारत होगा। अर्थात् अब केवल मथुरा और काशी बाकी है।

इस प्रसंग में मुझे यह कहना है कि मांग इतनी सीमित क्यों है? फिलहाल मैं लखनऊ को इसमें शामिल करने पर जोर दे रहा हूं, जहां राम के अनुज और सदा साथ रहे लक्ष्मण जी के महल के ध्वंसावशेषों पर औरंगज़ेब ने मस्जिद बनवाई। वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है। कहा जाता है कि एक मंदिर वर्तमान मस्जिद के अंदर भी था, जिसे तोड़ा गया था। निकट ही सूर्यकुंड है, जो इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि यह स्थान सूर्यवंशी राजावों की पीठिका रहा है। मालूम हो की श्रीराम सूर्यवंशी ही थे। इस टीले का नाम लक्ष्मण




रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है।

टीला आदि से ही विख्यात है, जिसका विस्तार मेडिकल कालेज और बिरहाना तक था। कथित सेकुलर सरकारों ने इसकी पुरातात्विक खुदाई नहीं करवाई, लेकिन अब तो राम वाली ही सरकार है। न तो लक्ष्मण का महत्व कम है और न लखनऊ का। मुस्लिम लेखक भी इस टीले की संबद्धता लक्ष्मण से बताते हैं। अब्दुल हलीम शरर कहते हैं 'उस टीले पर एक गहरा गार या कुंवा था, जिसकी किसी को थाह न मिलती थी, और लोगों में मशहूर था कि यह शेषनाग तक चला गया है। इस ख़याल ने जज़बाते अकीदत को हरक़त दी और हिंदू लोग खुश एतिदाती से आ आकर इसमें फूल पानी डालने लगे"(गुजश्तः लखनऊ-पेज 28)। ऐसा होते हुए भी राजधानी की सुधि न लेना तो चिराग़ तले अंधेरा है। नगरों और स्थानों के नाम परिवर्तन श्रृंखला में भी यह नगर उपेक्षित रहा। कई वर्ष पूर्व जब मंत्री और गवर्नर रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.लालजी टण्डन की पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' प्रकाशित हुई थी, तब कुछ आस बंधी थी कि अब नगर का नाम भी बदलेगा और लक्ष्मण टीला मस्जिद मुक्त होगा तथा यहां बने मंदिर और हिंदू धर्म प्रतीकों का जीर्णोद्धार होकर पूजा अर्चना प्रारंभ होगी, किंतु निराशा ही हाथ लगी। अब इस पर ध्यान दिया जाएगा।

# बिंब और भाषा

कोई संदेह नहीं कि चिंतन एक आंतरिक प्रक्रिया है परंतु यह भी सही है कि जिन बिंबों की भाषा से यह प्रक्रिया चलती है, वे बिंब बाह्य परिवेश में प्राप्त होते हैं। मनुष्य जिस परिवेश में रहता है, उसका बिंब उसके मन पर अंकित हो जाता है। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य बाह्य परिवेश को संवेदना शक्ति के द्वारा (पंच ज्ञानेन्द्रिय और मन के द्वारा :देखकर, सुनकर, सूंघकर, चखकर, छूकर तथा अनुभव करके) आंतरिक बना लेता है। इस प्रकार वह परिवेश स्मृति के द्वारा मनुष्य की चेतना का अंग और अंश बन जाता है। जिस प्रकार जलाशय के तट पर स्थित वृक्ष-आदि का बिंब जलाशय में दृश्यमान होकर जलाशय का अंग और अंश बन जाता है, उसी प्रकार मनुष्य अपने चारों ओर के संसार को जो चित्र मन में बनाता है, वह उसका आधारभूत ज्ञान या अनुभव होता है। आधारभूत इसलिए कि मनुष्य जब भी कोई नया अनुभव करेगा, तो वह पूर्व-अर्जित-अनुभव, उस नए अनुभव का माध्यम बनेगा। उदाहरण के लिए बालक ने गरम दूध पिया तो उसका मुंह और जीभ झुलस गए, यह उसका आधारभूत-अनुभव हुआ। इसके बाद कभी किसी दिन उसे मठा (छाछ) दी गई, तो उसका दूध पीने का आधारभूत-अनुभव स्मृति के द्वारा सजीव हो गया। कहावत है कि 'दूध का जला छाछ को फूंक- फूंककर पीता है।' जब उसे दूध और छाछ का अंतर ज्ञात हो गया तो यह उसका नया ज्ञान हुआ। इस प्रकार पूर्वार्जित बिंब आगे के चिंतन और ज्ञान का माध्यम बन जाता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस से भिड़ी कार, 5 युवक जिंदा जले

## डिवाइडर से टकरा क्षतिग्रस्त हुई बस, पीछे से आ रही कार बस से भिड़ी

संवाददाता, मथुरा/ फिरोजाबाद



दुर्घटना के बाद जलती बस और कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार सुबह करीब सात बजे मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। यहां स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गई। इसी दौरान पीछे आ रही कार भी बस से भिड़ गई। इसी बीच धमाका हुआ और दोनों गाड़ियां जलने लगीं। इस हादसे में कार सवार पांचों लोगों की जलने से मौत हो गयी। ये हादसा थाना महावन क्षेत्र माइल स्टोन 116 पर हुआ। हादसे के बाद बस की सवारियों ने आनन- फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई।

कार में जले पांचों युवकों की पहचान अंशुमान पुत्र मनोज यादव निवासी ककरारा थाना खैरगढ़, अतिन कुमार यादव निवासी एटा चौराहा शिकोहाबाद और फिरोजाबाद निवासी शिव किशन रावत, जायद खान, सरवर हुसैन के रूप में हुई है। पांचों आपस में दोस्त थे। मुख्यमंत्री ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**▶▶ दोनों वाहनों में लगी आग, मरने वाले युवक आपस में थे दोस्त**

### 12 मार्च को थी अतिन की शादी

अतिन दिल्ली में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अतिन की 12 मार्च की शादी थी। जैसे ही उनकी मौत की खबर परिवार को लगी तो शादी वाले घर में कोहराम मच गया।

### ड्यूटी के लिए निकले थे

अंशुमान की मौत पर उसकी पत्नी विशाखा के अलावा पिता मनोज कुमार, बड़ी बहन अंशिका यादव तथा मां पुष्पा देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। शिकोहाबाद से अंशुमान अपनी स्विफ्ट डिजाइर कार को लेकर नोयडा नौकरी के लिए सोमवार सुबह घर से निकले थे। उसके साथ दोस्त अतिन समेत पांच लोग थे। अंशुमान अपने पिता की इकलौती संतान थे। उसकी एक साल पूर्व शादी हुई थी। जैद सईद खान दिल्ली एनसीआर में कॉल सेंटर पर नौकरी करते थे। सरवर हुसैन और शिव किशन सुहाग गुड़गांव में जॉब करते थे।

## उप्र. में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ नजर आएंगी प्रियंका

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में अगले सप्ताह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। उप्र. में कांग्रेस की महासचिव और राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी भी इस यात्रा में नजर आएंगी। राहुल की यात्रा पूर्वांचल से रास्ते उप्र. में प्रवेश करेगी और बुंदेलखंड के रास्ते मध्य प्रदेश चली जाएगी।

राहुल की यात्रा अब लखनऊ और वहां से कानपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रवेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस की उप्र. इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटा दिया है।

प्रवक्ता ने बताया कि उप्र. में पहले यह यात्रा 16 फरवरी से 26 फरवरी तक होनी थी लेकिन अब 22 फरवरी को शुरू हो रही है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 20 फरवरी को रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वह एक रोड शो में भी राहुल के साथ भाग ले सकते हैं।

# पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती: आज से डाउनलोड कर सकेंगे एडमिट कार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ परीक्षा विभिन्न जिलों में 17 और 18 को आयोजित कराई जाएगी**

**▶▶ 23 दिसंबर को जारी हुई थी कॉन्स्टेबल भर्ती की अधिसूचना**

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड का बेसब्री से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। अभ्यर्थी उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर मंगलवार 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की थी। परीक्षा 17 और 18 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। मिशन रोजगार के तहत राज्य सरकार ने 23 दिसंबर को शिक्षित युवाओं को राहत देते हुए राज्य की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती की अधिसूचना जारी की थी। युवा काफी समय से उप्र. पुलिस में सिपाही के 60 हजार से ज्यादा रिक्त पदों की भर्ती का इंतजार कर रहे थे।

**35 लाख से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा :** उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अब तक की सबसे बड़ी भर्ती के लिए लगभग 50 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। परीक्षा के लिए विभिन्न जिलों में 6484 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 35 लाख से अधिक अभ्यर्थी अपनी परीक्षा देंगे।

### अभ्यर्थी ऐसे डाउनलोड कर सकेंगे अपना एडमिट कार्ड

- बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाएं।
- होमपेज पर नोटिस टैब पर क्लिक करें।
- इसके बाद, उप्र. पुलिस में रिजर्व सिविल पुलिस के पदों के लिए सीधी भर्ती–2023 के तहत लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड लिंक पर क्लिक करें।
- अपने लॉगिन विवरण दर्ज कर सबमिट करें और डाउनलोड करें।

## सार-संक्षेप

### इंजीनियर्स एसोसिएशन करेगा प्रदेश व्यापी आंदोलन

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के अभियंत्रण विभागों एवं प्राधिकरण में अभियंताओं एवं अधिकारियों के साथ किये जा रहे अमर्यादित व्यवहार से नाराज उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा। इस सम्बंध में एसोसिएशन के महासचिव आशीष यादव ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेज दिया है। उन्होंने लिखा है कि सरकार की मंशा के अनुरूप अभियंता प्रदेश के विकास में मेहनत और निष्ठा के साथ योगदान दे रहे हैं। छह फरवरी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सहायक और अवर अभियंता को जिलाधिकारी ने विभागीय बैठक से पुलिस हिरासत में भेज दिया। यह कृत्य संविधान में प्रावधानित व्यवस्था के विपरीत है। ऐसी घटनाओं से अधिकारियों और अभियंताओं का मनोबल गिरता है और विकास कार्य प्रभावित होता है। एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि यदि दोबारा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ऐसी कार्यवाही दोहराई गयी तो न्यायालय की शरण में जाने के साथ प्रदेश व्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### अशरफ की पत्नी जैनब के मकान को गिराने की तैयारी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** माफिया अशरफ की पत्नी के मकान के साथ तीन अन्य मकानों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण बुलडोजर चलाने की तैयारी कर रहा है। पुरामफ्ती में बने बफबोर्ड की जमीन पर बने आलीशान मकान में अतीक के भाई अशरफ की बीवी जैनब फातिमा रह रही थी। जिस मकान को प्लविकास प्राधिकरण ने पुलिस टीम के साथ कुर्क किया था। इस आलीशान मकान के साथ अन्य तीन मकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। प्रशासन व प्राधिकरण ने इसकी तैयारी कर ली है, मगर इस मामले में अभी कोई कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। मालूम हो कि अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ़ अशरफ ने वक्फबोर्ड की जमीन पर कब्जा करके अवैध तरीके से एक आलीशान बंगला बनवाया था। जिसमें अशरफ की बीवी जैनब फातिमा रहती थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रही जैनब के इस मकान को सील किया गया था। इसके बाद से इस मकान के साथ अन्य तीन मकानों को भी पीडीए ने चिन्हित किया है। अब इन सभी मकानों को प्रयागराज विकास प्राधिकरण बल्डोजर चलाकर ध्वस्त कराएगा।

### रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों के गठबंधन से रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा दिख रहा है। दरअसल, उप्र. में विपक्षी दलों की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते सपा ने निर्णायक भूमिका में आते हुए रालोद के लिए जहां सात सीटें तय कीं वहीं कांग्रेस को 11 सीटें प्रस्तावित कीं। रालोद के अलग होने के बाद कांग्रेस को और सीटें मिलने की संभावना नजर आ रही है। इस बीच उप्र. में लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के तहत सपा और कांग्रेस के बीच बातचीत जारी है। कांग्रेस के ओर से उप्र. में 20 लोकसभा सीटों की मांग सपा के सामने रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उप्र. पहुंचने से पहले इस गठबंधन की घोषणा हो सकती है।

### राज्यसभा: सपा की ओर से अलोक रंजन का नाम भी आगे

**लखनऊ ,अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव के लिए सपा की तरफ से जिन दो प्रत्याशियों का नाम सामने आ रहा है, उसमें मौजूदा राज्यसभा सदस्य जया बच्चन और सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबी व सेवानिवृत आईएएस अफसर, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का नाम सबसे आगे है।जया बच्चन पहली बार 2004 में राज्यसभा गई थीं। तब से अब तक वह कुल चार बार राज्यसभा की सदस्य रह चुकी हैं और अब उम्मीद है की पांचवीं बार फिर से पार्टी उन्हें राज्यसभा भेज सकती है।वहीं उप्र. के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को भी राज्यसभा भेजने की चर्चा सपा खेमे में ही चल रही है। अखिलेश सरकार के दौरान आलोक रंजन मुख्य सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बतौर मुख्य सलाहकार भी कार्य कर चुके हैं।

# व्यास तहखाना में पूजा रोकने के मामले की सुनवाई 15 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी द्वारा खारिज किए जाने की मांग लेकर दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। घंटे भर चली सुनवाई में दोनों पक्षों के द्वारा दिए गए तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले को आगामी 15 फरवरी को सूचीबद्ध कर दिया है।

मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने तर्क दिया कि वाराणसी जिला न्यायाधीश के 31 जनवरी 2024 के आदेश में हिंदू पक्षकारों को तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने के पीछे कोई ठोस कारण नहीं है। उक्त आदेश स्वयं दर्शाता है कि यह सीपीसी के किसी भी प्रावधान के तहत पारित नहीं किया गया है बल्कि वादी के प्रभाव में पारित हुआ है। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने आगे तर्क दिया कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा था और स्थिति बदल रहा था तो निर्णय के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए था। व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादियों के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दे तय होने के बाद ही तय किए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि तहखाने के अंदर पूजा की अनुमति देना सही नहीं है। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के समक्ष चल रही है।

## सुलतानपुर में रामभक्त पर उपद्रवियों ने किया पथराव

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अयोध्या धाम में बने दिव्य व भव्य भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ का एक युवक उलटे पांव अयोध्या धाम की यात्रा कर रहा है। उसके सुलतानपुर जिले की सीमा में प्रवेश करते ही कुछ अराजक तत्वों ने पथराव कर अभद्रता की। डीएम ने सीओ सिटी शिवम मिश्र को आगे की यात्रा में समस्या न आए इसके लिए विशेष बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ गांव निवासी युवा मेहुल लखानी रविवार की शाम जब अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग से अयोध्या धाम की तरफ उलटे पांव आगे बढ़ते हुए जिले की सीमा में प्रवेश किया तो सुलतानपुर की सीमा में कुछ अराजक तत्वों ने उन पर पथराव कर उनसे अभद्रता की।

# 13 आईटीआई कालेज सौर ऊर्जा से लैस होंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**▶▶ हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर बाराबंकी, मथुरा व आगरा आदि के आईटीआई को मिलेगा लाभ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासन ने 3.10 करोड़ रुपये की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि जारी की है। इसके जरिए हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त बनाने की प्रक्रिया को गति देने में मदद मिलेगी।

प्रदेश में अयोध्या व वाराणसी को मॉडल सोलर सिटी बन रही है। सरकारी विभागों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भी रूफटॉप सोलर पैनल इंपैनलमेंट प्रोजेक्ट के लिए धनावंटन के बाद अब 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्रों से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इनकी क्षमता 40 किलोवॉट होगी। इसमें प्रत्येक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को 23.88 लाख रुपये से रूफटॉप इनेबल्ड सोलर पैनल इंपैनलमेंट व सोलर पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन के कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। जिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा उनमें हरदोई का पिहानी, पीलीभीत का बरखेड़ा, कुशीनगर का नौरंगिया व हाटा, बाराबंकी का फतेहपुर, मथुरा का गोवर्धन, महाराजगंज का माधोनगर, निचलौल व नौतनवा, कन्नौज का छिबरामऊ व तिर्वा, देवरिया का बरहज तथा आगरा का एत्मादपुर प्रमुख हैं। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा सभी 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा युक्त करने का कार्य प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निदेशक की देखरेख में होगा। इन सभी क्रय व संचालन कार्यों को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक अनुसार पूरा किया जाएगा। उच्च गुणवत्ता समेत तमाम मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा।

## दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ किये रामलला के दर्शन

# भव्य राममंदिर विश्व के लिए सौभाग्य की बात

अयोध्या कार्यालय



रामलला का दर्शन करते अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान आदि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूरे विश्व, देश और समाज के लिए सौभाग्य की बात है कि रामलला का इतना भव्य और सुंदर मंदिर बनकर तैयार हुआ है। आज रामलला के दर्शन कर असीम शांति की अनुभूति हुई। इसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। ये बातें सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहीं।

वो अपनी पत्नी, माता-पिता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, उनकी पत्नी व माँ के साथ श्रीराम के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। केजरीवाल ने कहा कि यहां रोज दर्शन करने आ रहे लाखों रामभक्तों को देखकर दिल गदगद हो गया। आज मैं ने भी सुख, शांति और देश की तरक्की की प्रार्थना की है।

इससे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार दोपहर करीब 1:50 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिल राम मंदिर के लिए रवाना हो गया। राम मंदिर पहुंचे दोनों मुख्यमंत्रियों के काफिले को वीवीआईपी गेट नंबर 11 से मंदिर में प्रवेश कराया गया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्रीराम जन्मभमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल से मंदिर निर्माण को लेकर विस्तार से जानकारी भी ली।

### रामलला का दर्शन कर मन अह्लादित : मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि लंबे समय से यहां आने की इच्छा थी, जो आज पूरी हुई। परिवार के साथ रामलला का दर्शन मन अह्लादिल हो गया। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। रामलला से एक ही प्रार्थना की है कि सभी लोग खुश रहें। आपस में भाईचार बना रहे और देश की तरक्की हो। उन्होंने कहा कि भारत धार्मिक आस्था वाला देश है। यहां कोई पर्व और त्योहार जब मनाया जाता है तो हम लोक एकत्र होकर उसे मनाते हैं।

## 509 परीक्षा केन्द्रों पर मदरसा बोर्ड परीक्षा आज से

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मंगलवार से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक का कहना है कि कंट्रोल रूम और सीसीटीवी के सहारे परीक्षाओं पर निगरानी रखी जाएगी।

मंगलवार से आरंभ हो रही मदरसा बोर्ड परीक्षा प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित होगी। जिसमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कुल 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों में छात्रों की संख्या 71 हजार 702 रहेगी। जबकि छात्राएं 69 हजार 413 सम्मिलित होंगी।

## वर्ग पहेली-341

**बाएं से दाएं**

4.1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5.1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्राय: देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण–चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद–पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7.1. कक्षा–प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना–सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा,मद्य।

11.1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

1.1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2.1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढ़ने से होने वाली आवाज़।

3.1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न, रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो, तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6.1. स्थान, जगह, ठौर 2. दरवाज़ा, द्वार 3. दहलीज़।, अंदर,में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर, झामक, (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति, बहनोई।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | | | | | |
| 4 | | | | | |
| | | | 5 | 6 | |
| | 7 | | | | |
| 8 | | | | | 9 |
| 10 | | | | 11 | |

### वर्ग पहेली - 340का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | | 2 छु | ई | 3 मु | ई |
| ठ | | | | ख़ | |
| ना | | 4 वे | | ता | |
| | 5 फ़ो | ज | दा | री | |
| | | यं | | | 6 फे |
| 7 पो | षि | त | | | ला |
| | | | 8 क | ढ़ा | व |

## सुडोकू -58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | | | | 4 | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 3 | 5 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 8 | |
| | | 3 | | | 8 | 9 | | |
| | 9 | | | | 1 | | | 7 |
| | | 6 | | | | | 7 | 9 |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| 5 | | | 9 | | | | | 6 |

### सुडोकू - 57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–चतुर्थी 14 .41 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष :** आज घर के किसी सदस्य की अस्वस्थता आपको परेशान कर सकती है। आवश्यक कार्यों को दिन के तीसरे पहर में करना लाभप्रद होगा। व्यापार में स्थितियां संभलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

**वृष :** आज कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। एक साथ दो मामलों को निपटाना पड़ सकता है। ज्यादा आदर्शवादी होने से भी नुकसान होने की संभावना है। किसी के भी सामने स्वयं अपने मुख से अपनी प्रशन्सा न करें।

**मिथुन :** आज रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। मित्रों के साथ फोन पर बात होगी। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं।

**कर्क :** आज चुस्ती फुर्ती के लिए व्यायाम अवश्य करें। दोपहर के बाद कुछ तनाव में आ सकते हैं। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर न फोड़ें। आपके व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण लोग अचरज में आ सकते हैं।

**सिंह :** आज दांपत्य संबंधों में मधुरता होगी। अचानक से बजट में कमी आ सकती है। नए कार्यों में धन निवेश कर सकते हैं। ऐसे मुद्दों पर चर्चा से दूर रहें, जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की मदद करेंगे।

**कन्या :** आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्यों को लेकर भ्रमित न हों। दोपहर के बाद काम में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला :** आज व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। अटकी हुई पेमेन्ट आपको वापस मिल सकती है। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा।

**वृश्चिक :** आज आपको हाल में ही शुरू किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध रोमान्टिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। किसी भी काम को कल पर न टालें। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा।


**धनु :** आज आय में वृद्धि होने की संभावना है। फुटकर व्यापारी नए सामान की खेप मंगवा सकते हैं। आपको भागदौड़ काफी ज्यादा करनी पड़ेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर :** आज जॉब में उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। मन में नए और क्रियेटिव विचार उत्पन्न हो सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हिस्सेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ :** आज नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अध्ययन को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार आयेगा। धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा।

**मीन :** आज का दिन कुछ प्रतिकूल हो सकता है। शांतिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। अपनी किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है। अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**– उत्तर। **ऋतु**–शिशिर।
चन्द्रबल–वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–उत्तर भाद्रपद 12 .35 तक तत्पश्चात उत्तर रेवती।

## आज की फिल्में

| फिल्म | समय |
|---|---|
| आज का अर्जुन | सुबह : 09 .00 |
| हम साथ साथ है | रात : 09 .00 |
| पीके | सुबह : 09 .00 |
| कबीर सिंह | शाम : 06 .00 |
| हम दो हमारे दो | सुबह : 07 .00 |
| एक विलन | रात : 07 .30 |
| हमेशा | दोपहर :12 .40 |
| केदारनाथ | रात : 07 .00 |
| नकाब | सुबह : 07 .00 |
| ऐ दिल है मुश्किल | शाम : 06 .58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात–07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दोस्त – तेरी बीवी कुछ कहती नहीं, जब शाम को दारू पीकर घर जाता है?
बब्लू – कहती नहीं, बोलती है...
दोस्त – क्या...?
बब्लू – बोलती है, कीड़े पड़ेंगे तुम्हारे दोस्तों को जिन्होंने तुम्हें बिगाड़ा...!

एक बार पति–पत्नी में जमकर लड़ाई हो गई।
गुस्से में आकर पत्नी (पति से) बोली– अब तो हद हो गई, पानी सिर से ऊपर चला गया है, मैं अपनी मां के घर जा रही हूं और कभी वापस नहीं आऊंगी...
पति– जाने से पहले एक खुशखबरी सुनती जाओ, कल तुम्हारी मां भी अपने पति से लड़कर अपने मायके चली गई है...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1865, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1435, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1545, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो.) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**- हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# श्रीलंका, मॉरीशस में यूपीआई सेवा शुरू

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों के लिए इसे विशेष दिन बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी से जोड़ने वाला बताया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ ने भी हिस्सा लिया। अपनी टिप्पणी में मोदी ने उम्मीद जताई कि नई फिनटेक सेवाएं दोनों देशों की मदद करेंगी।


उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत के साथ साझेदारी को एकजुट करने की नई जिम्मेदारियों को क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा-आज हिंद महासागर क्षेत्र के तीन मित्र देशों के



लिए एक विशेष दिन है क्योंकि हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ जोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा-मुझे विश्वास है कि यूपीआई प्रणाली से श्रीलंका और मॉरीशस को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे से भारत में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने 'पड़ोस प्रथम' नीति पर भारत की केंद्रित नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा-चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो, स्वास्थ्य से जुड़ी हो, आर्थिक या अंतर्राष्ट्रीय मंच पर समर्थन, भारत ने सबसे पहले प्रतिक्रिया दी है। भारत आगे भी यह जारी रखेगा।

श्रीलंका और मॉरीशस में भारतीय सेवाओं की शुरुआत दोनों देशों के साथ भारत के बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पृष्ठभूमि में हुई है। इससे श्रीलंका और मॉरीशस की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के साथ ही भारत की यात्रा करने वाले इन देशों के नागरिकों के लिए यूपीआई की सेवा उपलब्ध होगी।

### यूपीआई को लेकर कई देश दिखा रहे हैं रुचिः दास



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) को लेकर कई अन्य देशों ने रुचि दिखाई है और उनके साथ बातचीत जारी है। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए अगले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बिल्कुल उपयुक्त है। यूपीआई के बारे में उन्होंने कहा-कई देशों ने यूपीआई और रूपे कार्ड को लेकर रुचि दिखायी है और इस संदर्भ में उनके साथ बातचीत जारी है। हालांकि, दास ने उन देशों के नाम नहीं बताए, जिन्होंने यूपीआई को लेकर रुचि दिखायी है। उन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सुविधा और भारत और श्रीलंका के बीच यूपीआई कनेक्टिविटी की जानकारी देते हुए यह बात कही। इसके साथ मॉरीशस जाने वाले भारतीय यात्री एक व्यापारी को वहां यूपीआई के जरिए भुगतान कर सकेंगे।

# आरबीआई का पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के खिलाफ की गई कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार किया। कहा कि यह निर्णय पीपीबीएल के कामकाज के व्यापक मूल्यांकन और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

आरबीआई ने 31 जनवरी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे 29 फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट, फास्टैग और अन्य उत्पादों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-इस समय मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता

▸▸ केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में गवर्नर ने दी जानकारी



हूं कि पीपीबीएल मामले में फैसले की कोई समीक्षा नहीं होगी। यदि आप निर्णय की समीक्षा की उम्मीद कर रहे हैं, तो मैं यह साफ कर दूं कि इसकी कोई समीक्षा नहीं होगी। केंद्रीय निदेशक मंडल की इस बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबोधित किया। गवर्नर ने कहा कि आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कोई भी निर्णय व्यापक मूल्यांकन के बाद ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वित्त-प्रौद्योगिकी क्षेत्र का समर्थन करता रहा है, लेकिन इसके साथ वह ग्राहकों के हितों की रक्षा और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

### पेटीएम बैंक की स्वतंत्र निदेशक मंजू अग्रवाल ने दिया इस्तीफा

पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक की स्वतंत्र निदेशक मंजू अग्रवाल ने निजी कारणों से बोर्ड से इस्तीफा दिया है। पीपीबीएल पर रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को कई तरह की पाबंदियां लगा दी थीं। उसे 29 फरवरी के बाद ग्राहक खातों, वॉलेट, फास्टैग और अन्य साधनों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने को कहा गया है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 73,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 73, 300 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

### अक्टूबर-दिसंबर में बेरोजगारी दर घटकर 6.5% पर

**नई दिल्ली।** भारत के शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर, 2023 के दौरान घटकर 6.5% रह गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की समान अवधि में बेरोजगारी दर 7.2 प्रतिशत थी। समय अंतराल पर श्रमबल आंकड़े उपलब्ध होने के महत्व को ध्यान में रखते हुए एनएसएसओ ने अप्रैल, 2017 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) शुरू किया था। कहा गया कि बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के 6.5% से घटकर अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में 5.8% रह गई।

## मुनाफा वसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 523 अंक लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर धातु एवं बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 523 अंक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 523 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,072.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 71,756.58 अंक के ऊपरी और 70,922.57 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का



निफ्टी भी 166.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूटकर 21,616.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी के 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-खासकर छोटे एवं मझोले शेयरों में गिरावट की स्थिति रही।

### भारत का वनस्पति तेल आयात जनवरी में 28% घटकर 12 लाख टन

**नई दिल्ली।** देश का वनस्पति तेल आयात जनवरी में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 12 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी। जनवरी, 2023 में वनस्पति तेल का आयात 16.61 लाख टन था। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का प्रमुख खरीदार है। चालू तेल वर्ष की पहली तिमाही में कुल आयात 23 प्रतिशत घटकर 36.73 लाख टन रह गया, जो इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 47.73 लाख टन था। एसईए के मुताबिक, आयात किए गए कुल वनस्पति तेलों में लगभग 7,82,983 टन पाम ऑयल और 4,08,938 टन सॉफ्ट ऑयल थे।

## औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर, 2023 में सालाना आधार पर घटकर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले समान महीने में औद्योगिक उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा था।

सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह आंकड़ा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर जारी किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आधिकारिक बयान से पता चलता है कि दिसंबर, 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.9 प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 3.6 प्रतिशत था। दिसंबर, 2023 में खनन उत्पादन 5.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में आईआईपी की कुल वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत रहा था।

▸▸ सरकार की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

## राष्ट्रीय

# भर्ती की प्रक्रिया को बना दिया पूरी तरह पारदर्शी

## रोजगार मेलाः प्रधानमंत्री मोदी बोले-राजग ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार उपलब्ध कराए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्षों की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि उस दौरान नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था तथा इसका फायदा उठाकर 'रिश्वत का

▸▸ एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए



खेल' भी जमकर होता था।

उन्होंने कहा-हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। इतना ही नहीं, सरकार का बहुत जोर है कि भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी कर ली जाए। इससे हर युवा को अपनी योग्यता साबित करने का समान अवसर मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि आज, प्रत्येक युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल की बदौलत नौकरी हासिल कर सकते हैं। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में 1.5 गुना अधिक युवाओं को नौकरी दी है। यह जानकारी देते हुए कि आज रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे में भी भर्ती हो रही है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब यात्रा की बात आती है तो रेलवे आम लोगों की पहली पसंद है।

मोदी ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि भारत में रेलवे बड़े पैमाने पर बदलाव के दौर से गुजर रही है और अगले दशक में इस क्षेत्र का पूरी तरह कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेलवे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था जबकि आज रेल लाइनों का विद्युतीकरण और दोहरीकरण बढ़ा है और साथ ही नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने और यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे ट्रेन यात्रा अनुभव को फिर से नया बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट के तहत वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी 40,000 आधुनिक बोगियां तैयार कर उन्हें सामान्य ट्रेनों में जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों के लिए सुविधा और सहूलियत बढ़ेगी।

### गुरुग्राम में बच्चे ने पानी समझकर पेंट थिनर पीया, मौत

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में पानी समझकर पेंट थिनर पीने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार को थिनर पीने से डेढ़ वर्षीय हकशान पेट में तेज दर्द के कारण बेहोश हो गया और जब उसे गुरुग्राम के एक अस्पताल ले जाया जा रहा था तो उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोहना के कोठड़ा रायपुर गांव की है, जहां हकशान का परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। इसने कहा कि समारोह एक घर में हो रहा था, जिसे कुछ हफ्ते पहले पेंट किया गया था और थिनर तब ही खरीदा गया था। पुलिस ने कहा कि बच्चा खेल रहा था और उसने पानी समझकर थिनर पी लिया। हरियाणा के गुरुग्राम में पानी समझकर पेंट थिनर पीने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

# उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में नहीं जाएगी भारत जोड़ो-न्याय यात्रा

**लखनऊ, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उत्तर प्रदेश में समय घटा दिया गया है और इसके लिए बोर्ड परीक्षाओं का हवाला दिया गया है। अब यह यात्रा 11 दिन के बजाय 6 दिन ही उत्तर प्रदेश में रहेगी। साथ ही कांग्रेस की यात्रा राज्य के पश्चिमी जिलों में नहीं जाएगी। कांग्रेस के एक नेता ने इसकी जानकारी दी।

यह निर्णय उन संकेतों के बाद लिया गया है कि समाजवादी पार्टी की सहयोगी और जयंत सिंह चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा से हाथ मिला सकती है। हालांकि, कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समय घटा दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पूरी यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा भी रहेंगी। राय ने कार्यक्रम रद्द किए जाने संबंधी अटकलों को गलत बताते हुए कहा कि रालोद के मामले से इसका कोई लेना-देना नहीं है।

▸▸ राहुल ने यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटाया

### देश में लोगों को नहीं मिल रही हैं नौकरियांः राहुल



**कोरबा (छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है तथा वे महंगाई की मार झेल रहे हैं। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जागने को कहा और आरोप लगाया कि जनता की जेबें लूटी जा रही हैं तथा उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा-पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासी देश की आबादी का 74 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इन समुदायों का एक भी व्यक्ति भारत की शीर्ष 200 कंपनियों का मालिक या प्रबंधन में शामिल नहीं है, जिन्हें 'देश का सारा पैसा' दिया जा रहा है।

### एक नजर

#### जयपुर के बाल सुधार गृह से 23 नाबालिग कैदी फरार

**जयपुर।** जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार सुबह 23 नाबालिग कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गए। थानाधिकारी जुल्फीकार ने बताया कि सुधार गृह प्रशासन की ओर से इस संबंध में दी गई शिकायत के आधार पर इन नाबालिग कैदियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की अलग अलग टीम फरार नाबालिग कैदियों की तलाश कर रही हैं।

#### सिसोदिया को तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को तीन दिन की जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने क्रमशः केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में 13 से 15 फरवरी तक सिसोदिया को राहत दी।

## टीएमसी नेता शाहजहां ईडी के सामने अब तक नहीं हुए पेश

**कोलकाता, एजेंसी**

**राशन घोटाला**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शाहजहां शेख सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अबतक पेश नहीं हुए। उन्हें कई करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में तीसरा समन जारी किया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी सॉल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दफ्तर में सवालों की सूची के साथ टीएमसी नेता का इंतजार कर रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया कि हम सुबह से शाहजहां शेख का इंतजार कर रहे हैं। वह अबतक सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित हमारे कार्यालय में पेश नहीं हुए हैं। उनकी ओर से कोई भी हमारे अधिकारियों के सामने आज पेश नहीं हुआ है। हम उनकी आज शाम तक प्रतीक्षा करेंगे।" ईडी ने करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर टीएमसी नेता को समन जारी किया था।

### राजस्थान से भाजपा ने गरासिया और मदन राठौर को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

**जयपुर।** भाजपा ने राज्यसभा के लिए राजस्थान से दो उम्मीदवारों के नाम के ऐलान किया है। पार्टी ने चुन्नी लाल गरासिया और मदन राठौर को उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों के नामों पर मुहर लगाई है। राज्यसभा की सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होने हैं। आदिवासी समुदाय से आने वाले गरासिया राज्य सरकार के पूर्व मंत्री हैं, जबकि राठौड़ पूर्व विधायक हैं। मदन राठौर पाली की सुमेरपुर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे हैं। वह 2003 में पहली बार विधायक बने थे। वहीं 2013 में दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे थे। चुन्नीलाल गरासिया पूर्व मंत्री और संगठन में कई पदों पर रहे है। गरासिया वर्तमान में भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष है।

## एक पृथ्वी-एक स्वास्थ पर बनेगी समग्र चिकित्सा नीतिः राजेश

**ब्यूरो, नई दिल्ली**

**अमृत विचारः** यूनानी दिवस पर आयोजित एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य विषयक सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि यूनानी एवं आयुर्वेद सहित भारत में कई ऐसी चिकित्सा पद्धतियां हैं जो कम खर्चे में शर्तिया इलाज संभव बनाती हैं। पूसा परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में कई यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टरों ने भाग लिया।

आयुष मंत्रालय ने केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) द्वारा एपी शिंदे संगोष्ठी हॉल, एनएएससी, पूसा, नई दिल्ली में यूनानी दिवस 2024 और 'यूनानी चिकित्साः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक चिकित्सा में भारत के वैश्विक नेतृत्व की बात की। कार्यक्रम में वैद्य जयंत देवपुजारी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग-नई दिल्ली, प्रो. शकील अहमद रोमशू, कुलपति, इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी-अवंतीपोरा, जम्मू-कश्मीर, डॉ. नजीर अहमद गनी, कुलपति, एसकेयूएएसटी-कश्मीर, डॉ. सुंचू ग्लोरी स्वरूपा, महानिदेशक, राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान-हैदराबाद, डॉ. एम. ए. कासमी, सलाहकार (यूनानी), डॉ. एन. जहीर अहमद आदि रहे।


## लोकसभा चुनाव में भाजपा की 370, राजग की 400 से अधिक सीटों पर होगी जीतः शाह

**अहमदाबाद, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर लोगों के मन में कोई संशय नहीं है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 370 सीट जीतेगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक सीटें जीतेगा।

शाह ने कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के शासन में से पहले पांच साल विपक्षी दल के शासनकाल में खोदे गए "गड्ढे" को भरने में चले गए और अन्य पांच (विकास की) नींव रखने में लगाए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अहमदाबाद नगर

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्री अहमदाबाद में लोस चुनाव नतीजे के बारे में बोले



निगम (एएमसी) की 1,950 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद यहां कहा, "उन्हें (मोदी को) तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। नींव पर एक शानदार इमारत बहुत तेज गति से बनेगी।" शाह ने कहा, "मैं कल कर्नाटक में था और मैंने जनवरी में 11 राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनाव (के नतीजे) के बारे में किसी भी राज्य में कोई संशय नहीं है। पूरे देश में यह माहौल है कि भाजपा को 370 सीट और राजग को 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी।'' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने कई कार्यों को गति और दिशा दी तथा ऐसे लक्ष्य पूरे किए जिनकी कल्पना करना मुश्किल था। शाह ने कहा कि यह 'गुजरात मॉडल' ही था जिसके कारण लोगों ने 2014 में मोदी को देश का प्रधानमंत्री चुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का खाका खींचा और लोगों को भरोसा है कि 2047 में भारत दुनिया में अव्वल होगा।

## प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के पालन के बगैर घरों को ढहा देना फैशन बन गया है

**इंदौर, एजेंसी**

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने धार्मिक नगरी उज्जैन में दो घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने को लेकर कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन किए बगैर किसी भी घर को ढहा देना स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए 'फैशन' बन गया है। अदालत ने दो महिलाओं की याचिका मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की और उन्हें सरकारी खजाने से एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद उज्जैन निवासी राधा लांगरी और विमला गुर्जर की याचिका को स्वीकार किया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चार हफ्तों की तय प्रक्रिया के तहत सुनवाई का अवसर नहीं दिए जाने के कारण उनके घरों के कुछ हिस्सों को उज्जैन नगर निगम द्वारा ढहाए जाने को अवैध करार दिया। दोनों याचिकाकर्ताओं ने उज्जैन के सांदीपनि नगर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की आवास योजना के दो घरों के हिस्सों को स्थानीय प्रशासन द्वारा

**मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने टिप्पणी**



13 दिसंबर 2022 को ढहाए जाने को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था।

उच्च न्यायालय ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन कर मकानों को ढहाए जाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन को लताड़ लगाते हुए कहा कि अदालत द्वारा लगातार देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए रूप-रेखा बनाकर किसी भी घर को ढहा देना 'फैशन' बन गया है। उच्च न्यायालय ने उज्जैन नगर निगम के आयुक्त को उन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिन्होंने याचिकाकर्ताओं के घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने की कार्रवाई के संबंध में मौके पर "फर्जी" पंचनामा बनाया था।



# फाइनल में हारने के बावजूद भारतीय युवाओं का भविष्य उज्ज्वल

## भारतीय टीम अंडर-19 विश्व कप में लगातार पांचवीं बार पहुंची थी फाइनल में, श्रृंखला के दौरान खिलाड़ियों ने दर्शकों का जीता दिल

नई दिल्ली, एजेंसी

उदय सहारन के नेतृत्व में भारत ने अंडर-19 विश्व कप के लगातार पांचवें फाइनल में प्रवेश किया लेकिन इसमें चूकने के बावजूद खिलाड़ियों ने दिल जीत लिया। रिकॉर्ड पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 79 रन से हार गई।



**उदय सहारन :** भारत के अंडर-19 टीम के कप्तान टूर्नामेंट में बल्लेबाजी लाइन अप का आधार रहे और टीम को दबाव से बाहर निकाला। उन्होंने बड़े स्कोर के लिए अच्छी नींव रखी, जिससे वह 397 रन के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे। **सचिन धास :** महाराष्ट्र के बीड के इस खिलाड़ी ने अपनी ' फिनिशिंग ' से सबको आकर्षित किया। धास टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले 5 खिलाड़ियों में है। सेमीफाइनल में उनकी 96 रन की पारी ने भारत की जीत में अंतर पैदा किया क्योंकि टीम ने 32 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। **मुशीर खान :** अपने बड़े भाई सरफराज खान की तरह मुशीर को बल्लेबाजी पसंद है। उन्होंने टूर्नामेंट में दो शतक और एक अर्धशतक से कुल 360 रन बनाए। **सौम्य पांडे :** राजस्थान के भरतपुर के सौम्य ने बाएं हाथ की स्पिन से टूर्नामेंट में भारत को विकेट दिलाए और 18 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। **अर्शिन कुलकर्णी :** महाराष्ट्र के सोलापुर के इस आल राउंडर को अंडर-19 विश्व कप खेलने से पहले ही आईपीएल का अनुबंध मिल गया था। कुलकर्णी को भविष्य का हार्दिक पंड्या कहा जा रहा है। उन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के लिये पारी का आगाज किया। **राज लिम्बानी :** ' कच्छ के रण ' के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लिम्बानी ने नई गेंद से प्रभावित किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने द. अफ्रीका के खिलाफ छक्का जड़कर भारत को नौंवी बार फाइनल में पहुंचाया। अपने सपनों के लिए लिम्बानी को दयापुर गांव छोड़कर बड़ौदा आना पड़ा। **प्रियांशु मोलिया :** मोलिया भी बड़ौदा के हैं और उन्होंने 7 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 144 रन है। मध्यक्रम का यह बल्लेबाज आफ स्पिन गेंदबाजी कर सकता है। **नमन तिवारी :** लखनऊ के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह से यॉर्कर डालना सीखा है। उन्होंने टूर्नामेंट में 19.83 के औसत से 12 विकेट लिए। **मुरुगन अभिषेक :** हैदराबाद का युवा ऑफ स्पिनर आर अश्विन से प्रभावित है। हालांकि वह काफी विकेट नहीं ले सके लेकिन रन गति पर लगाम कसने में सफल रहे। **अरावेली अवनीश :** रवि शास्त्री और आर श्रीधर की अकादमी का यह विकेटकीपर बल्लेबाज हैदराबाद के लिए लिस्ट ए में पदार्पण कर चुका है और उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा था। वह तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले के पोथुगल गांव से हैं। **आदर्श सिंह :** बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के बांग्लादेश के खिलाफ 76 रन की पारी से भारत की आदर्श शुरुआत हुई थी। फाइनल में भी 47 रन की पारी खेली। **रूद्र पटेल :** उन्हें टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिला। वह अपनी कप्तानी में गुजरात को अंडर-16 राज्य चैम्पियनशिप का खिताब दिला चुके हैं। **इनेश महाजन :** वह टीम के रिजर्व विकेटकीपर थे और अवनीश के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। नोएडा के बाएं हाथ के बल्लेबाज इनेश एमएस धोनी के मुरीद हैं। **धनुष गौड़ा :** बेंगलुरु का यह तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ और आर विनय कुमार के नक्शेकदम पर चलना चाहता है। वह कुछ बड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि उनके पिता अपने क्रिकेट सपने को पूरा करने में असफल रहे जबकि चोटों ने उनके बड़े भाई का करियर बरबाद कर दिया। **आराध्य शुक्ला :** गणित शिक्षक के बेटे अराध्य ने लंबा होने के लिए क्रिकेट खेलना शुरू किया। लुधियाना के इस खिलाड़ी ने सीके नायडू ट्रॉफी और कूच बिहार ट्रॉफी में प्रभावित किया जिससे उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली।

# कानिटकर को भरोसा, भारत के लिए खेलेंगे कुछ खिलाड़ी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



भारत के अंडर-19 टीम के मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर को भरोसा है कि उनकी इस टीम के कुछ खिलाड़ी भविष्य में सीनियर टीम से खेलेंगे। कानिटकर ने रविवार को मैच के बाद कहा कि निश्चित रूप से भारत का भविष्य उज्ज्वल है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी, दोनों में ही कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने मुश्किल हालात में परिपक्वता दिखाई जो भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। सहारन पंजाब के लिए खेलते हैं, वह इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नेपाल के खिलाफ शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 81 रन बनाएं। मुशीर टीम के लिए बल्ले से निरंतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे। इन दोनों के अलावा धास ने 'फिनिशर' की भूमिका निभाई और बाएं हाथ के स्पिनर पांडे ने 18 विकेट झटके। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम हमेशा ही आयु ग्रुप में 'पावरहाउस' रही है और अंडर-19 विश्व कप ने विराट कोहली, युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार दिए हैं। मुझे भरोसा है कि इसमें से कुछ खिलाड़ी भारतीय टीम में खेलेंगे।

## खेल डायरी

### उत्तर प्रदेश के कुदरत अली, लोकेश चौधरी और मोहम्मद आजाद रोइंग के राष्ट्रीय अंपायर

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कुदरत अली, लोकेश चौधरी व मोहम्मद आजाद ने रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से हैदराबाद में आयोजित नेशनल अंपायर सेमिनार और परीक्षा को उत्तीर्ण की है। इसके साथ यह तीनों अब रोइंग की स्पर्धाओं में राष्ट्रीय अंपायर की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। प्रदेश के तीन अंपायरों के इस राष्ट्रीय प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल करने पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के चयन कमेटी के चेयरमैन आईपीएस आदित्य मिश्रा, संरक्षक आईपीएस डॉ. आरपी सिंह, आईपीएस राजीव त्रिवेदी, आईपीएस गोपाल गुप्ता सेवानिवृत्त, आईपीएस रेनुका मिश्रा (डीजी पुलिस प्रमोशन व भर्ती बोर्ड), आईजी आगरा रेंज दीपक कुमार (आईपीएस), आईपीएस बिनोद कुमार सिंह व एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने बधाई दी। सुधीर शर्मा ने बताया कि हैदराबाद के बोट क्लब में गत 10 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा को 12 लोगों ने उत्तीर्ण किया। इन राष्ट्रीय अंपायरों को रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव (उपाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ) ने सम्मानित किया था।

### भारत को ग्रेनाडा विश्वकप के जूनियर वर्ग में दो स्वर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में आईएसएसएफ विश्व कप 10 मीटर और जूनियर विश्व कप 10 मीटर के पहले दिन दो स्वर्ण पदक जीते। ईशा अनिल टकसाले ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल में भारत को पहला स्वर्ण दिलाया, जबकि उमामहेश मद्दिनेनी ने पुरुषों की इसी स्पर्धा में पहला स्थान पाया। ईशा ने फाइनल में 251.8 जबकि उमामहेश ने 252.1 का स्कोर किया। पुरुषों के वर्ग में भारत ने क्लीन स्वीप किया। पार्थ माने ने रजत और अजय मलिक ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में संभावी क्षीरसागर ने कांस्य जीता। भारत पहले दिन 5 पदक पाने में सफल रहा।

### पाकिस्तान के सईद से भिड़ेंगे संग्राम सिंह

**मुंबई, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रमंडल हेवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह 6 साल बाद वापसी करते हुए 24 फरवरी को दुबई में 'इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग चैम्पियनशिप' में पाकिस्तान के मोहम्मद सईद के सामने होंगे। इस चैम्पियनशिप की पुरस्कार राशि तीन करोड़ है और इसमें पांच मुकाबले होंगे। इन पांच में से एक मैच संग्राम और सईद के बीच होगा। संग्राम (38 वर्ष) ने 2015 और 2016 में राष्ट्रमंडल हेवीवेट चैमपियनशिप जीती थी। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य फिट इंडिया की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए युवाओं को प्रेरित करना है। सईद के खिलाफ प्रतिस्पर्धा इसका शानदार तरीका है कि उम्र कोई बाधा नहीं है और मैं विश्व पेशेवर कुश्ती द्वारा मुहैया कराए इस भिड़ंत के लिए तैयार हूं।

### स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में भारत 75वें स्थान पर, अमित और सचिन ने जीते स्वर्ण



**सोफिया (बुल्गारिया), एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल और राष्ट्रीय चैंपियन सचिन ने रविवार को यहां 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीते। अमित पंघाल (51 किग्रा) ने मौजूदा विश्व चैंपियन संझार ताशकेनबे पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की। अमित सटीक गति के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी हो गए और एक सेकंड के लिए भी मुकाबले पर पकड़ ढीली नहीं होने दी। सजाख पूरे मुकाबले के दौरान बाहर जाने का रास्ता तलाशते रहे लेकिन अमित डटे रहे और टूर्नामेंट में चौथी बार जीत हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। पहले मैच के विपरीत सचिन (57 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के शाखजोद मुजाफारोव के खिलाफ जमने में कुछ समय लगा। पहले राउंड में दोनों मुक्केबाज समान रूप से हावी थे, हालांकि सचिन इसे 3-2 के मामूली अंतर से जीतने में सफल रहे। हरियाणा के मुक्केबाज ने दूसरे और तीसरे राउंड में अपने मुक्कों का सटीक समय इस्तेमाल करते हुए 5-0 के अंतर से जीत हासिल की।

# केएल राहुल तीसरे टेस्ट से हुए बाहर पडीक्कल टीम में किए गए शामिल

## चौथे और पांचवें टेस्ट में वापसी को क्रिकेट अकादमी में उपचार कराते रहेंगे राहुल

राजकोट, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल 'क्वाड्रिसेप्स' चोट से उबरने में विफल रहे, जिससे सोमवार को वह इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए। इसी चोट के कारण वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेल सके थे। कर्नाटक के बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल टीम में राहुल की जगह लेंगे। बीसीसीआई ने कहा कि केएल राहुल की बाकी बचे 3 टेस्ट मैचों में उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर थी। वह राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। राहुल ने 90 प्रतिशत मैच फिटनेस हासिल कर ली है तथा बीसीसीआई की चिकित्सा टीम की देखरेख में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। राहुल चौथे और पांचवें टेस्ट में वापसी की कवायद में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उपचार कराते रहेंगे। 5 मैच की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। चयनकर्ताओं ने चिकित्सा टीम से हरी झंडी मिलने पर ही राहुल और रविंद्र जडेजा को टीम में शामिल किया था। बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि राहुल राजकोट नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय खिलाड़ी रविंद्र जडेजा टीम से जुड़ चुके हैं। टीम में शामिल होना फिटनेस पर निर्भर था और चिकित्सा टीम को अब भी नहीं लगता कि वह फिट हैं। हाल के रणजी मैच में पडीक्कल ने 151 रन बनाए हैं और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने उनकी पारी देखी थी।



पडीक्कल ने पहले रणजी मैच में पंजाब के खिलाफ 193 और गोवा के खिलाफ 103 रन बनाए। पडीक्कल ने भारत 'ए' के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट की 3 पारियों में 105, 65 और 21 रन बनाए। जहां तक राहुल का संबंध है तो उनका इतना लंबा ब्रेक सवाल खड़े करता है कि क्या सीनियर खिलाड़ी और चिकित्सा टीम कुछ निश्चित खिलाड़ियों की चोट की स्थिति की सही जानकारी दे रही है या नहीं। अगर चिकित्सा टीम को पता था कि राहुल की जांघ की चोट इतनी गंभीर है तो उन्हें संभावित टीम में रखा क्यों गया और खिलाड़ी भी इंस्टाग्राम पर अपनी बल्लेबाजी की वीडियो पोस्ट कर गलत संकेत दे रहा है। हाल में कहा गया कि खराब फॉर्म के कारण एक और खिलाड़ी को बाहर कर दिया जाएगा, वह चोट की आड़ में हट गया, जिसका बोर्ड ने कोई जिक्र नहीं किया।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान चैपल ने कहा- भारत के सामने कड़ी चुनौती

**मेलबर्न, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम टेस्ट में भारत को कड़ी टक्कर देगी, लेकिन उन्होंने मेजबान टीम के जीतने का समर्थन किया। भारत और इंग्लैंड इस समय 5 मैच की श्रृंखला में 1-1 की बराबरी पर हैं। चैपल ने लिखा कि घरेलू टीम होने के नाते भारत को आखिर में इस मुश्किल श्रृंखला को जीतना चाहिए लेकिन उन्हें बचे हुए मुकाबलों में कड़ी चुनौती मिलेगी। स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व वाली टीम जो रूट की अगुआई वाली टीम से बेहतर है जो पिछले दौरे पर स्पिन के आगे पस्त हो गई थी। भारत के 2021 में इंग्लैंड की टीम रूट की अगुवाई में पहला टेस्ट जीतने के बाद श्रृंखला गंवा बैठी थी।

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप, देवदत्त पडिक्कल।

# विराट के न होने से इंग्लैंड के पास जीत का मौका : ब्रॉड

केपटाउन, एजेंसी



इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट श्रृंखला में नहीं होना इस श्रृंखला और खेल के लिए अच्छा नहीं है लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का मौका है। विराट निजी कारणों से बाहर है जबकि भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला में 1-1 कीबराबरी कर ली है। ब्रॉड ने कहा कि विराट किसी भी स्पर्धा को अपने जनून, आक्रामकता और बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं। दर्शक उनका खेल देखने को आतुर रहते हैं, लेकिन निजी मसले हमेशा से बड़े होते हैं। उनका मानना है कि विराट की गैर मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका होगी। इंग्लैंड के लिए 167 टेस्ट में 604 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने कहा कि हमने पिछले टेस्ट में देखा कि यशस्वी जायसवाल ने कैसे दोहरा शतक जड़ा। अगले 3 मैचों में कोई और खिलाड़ी भारत के लिए चमकेगा और हो सकता है कि वह इस लायक हो जाए कि जब विराट खेल को अलविदा कहें तो उनकी जगह ले सके। ब्रॉड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सबसे प्रतिस्पर्धी श्रृंखलाओं में से है और अगले 3 टेस्ट में इंग्लैंड के पास अच्छा मौका है।



### अबुधाबी से राजकोट पहुंची इंग्लैंड की टीम

**राजकोट, एजेंसी।** अबुधाबी में एक सप्ताह बिताने के बाद इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी बचे 3 मैचों में खेलने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। तीसरा मैच 15 फरवरी से खेला जाएगा। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में हार के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ी दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच 10 दिन का अंतर होने से अबुधाबी चले गए थे। इंग्लैंड की टीम मंगलवार सुबह सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में अभ्यास करेगी जबकि भारतीय खिलाड़ी दोपहर के बाद अभ्यास सत्र में भाग लेंगे।

# बीएटीसी में खिताब जीतना चाहेगा भारत

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

### पीवी सिंधु और पुरुष टीम पर फोकस



थॉमस कप चैम्पियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था। टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचने की होगी, जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य जीता था। भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा, जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं होगा। एचएस प्रणय की अगुवाई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। सिंधू के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप 'डब्ल्यू' में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है, जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

# नागल एटीपी एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गए थे। 2019 में बायें हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा कि मैं बहुत भावुक हूं। हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसे बयां करने के लिए शब्द थे। हर कोई रो रहा था। शब्द कम थे, आंसू ज्यादा। मैं अब भी बहुत भावुक हूं। पिछले साल मेरी रैंकिंग 500 थी, जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई और वित्तीय सहयोग भी नहीं था तो पिछला साल काफी मुश्किल रहा।





# नितेश की रामायण में दशरथ होंगे अमिताभ



डायरेक्टर नितेश तिवारी की मेगा बजट फिल्म 'रामायण' लगातार सुर्खियों में है। इसके कास्ट को लेकर आए दिन कोई न कोई अपडेट आ रहे हैं। फिल्म के अनाउंसमेंट के बाद बताया गया था कि इसमें राम के रोल में रणबीर कपूर, सीता के रोल में साईं पल्लवी और रावण के रोल में यश नजर आने वाले हैं। वहीं, फिल्म 'रामायण' की कास्ट को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि फिल्म में मेगास्टार अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई है। इसके साथ ही फिल्म में अमिताभ बच्चन के किरदार का भी खुलासा हो गया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन राजा दशरथ यानी रणबीर कपूर के पिता का रोल करने वाले हैं। हालांकि, मेकर्स और अमिताभ बच्चन की तरफ से 'रामायण' में कास्ट किए जाने को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दिया गया है। फिलहाल, अमिताभ बच्चन के फैंस इस खबर से उत्साहित हैं।

### चिंटू की फ़िल्म फिदा के अगले हिस्से की शूटिंग मुंबई में शुरू




**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी फिल्म जगत के चॉकलेटी हीरो प्रदीप पाण्डेय चिंटू अभिनीत फिल्म फिदा के बाकी हिस्से की शूटिंग मुंबई में शुरू हो गई है। फिल्म फिदा की लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग बीते महीने में उत्तर प्रदेश के बनारस, मिर्जापुर के आस पास की गई है। फिल्म फिदा में बॉर्डर पार के प्रेम सबन्धों और एक सैनिक की अपने देश के प्रति कर्त्तव्य और प्रतिबद्धता के साथ निजी जीवन की मजबूरियों को दिखाने की कोशिश की गई है। प्रदीप पाण्डेय चिंटू ने बताया हमने एक बेहतरीन फिल्म बनाई है और इसकी बेहतरी के लिए ही हमने ये शेड्यूल मुंबई में लगाया है, जिससे कोई कसर बाकी ना रह जाए। पूरी टीम ने मेहनत और ईमानदारी से अपना काम किया है और अब रिजल्ट तो दर्शक ही देंगे।

# राजामौली की फिल्म में महेश संग होगी विदेशी अदाकारा



टॉलीवुड के सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की अपकमिंग जंगल एडवेंचर मूवी 'एसएसएमबी 29' को लेकर दर्शकों में भारी क्रेज है। इस मूवी का मेकर्स ने धांसू ऐलान किया है। महेश बाबू स्टारर निर्देशक एसएस राजामौली की मूवी को लेकर छोटी सी भी जानकारी मिनटों में वायरल होने लगती है। ताजा खबर है कि राजामौली और महेश बाबू की इस मूवी में एक और नामी एक्ट्रेस की एंट्री हो चुकी है। महेश बाबू की मूवी में इंडोनेशियन अदाकारा चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान की एंट्री हुई है। इन खबरों को बल उस वक्त मिला जब हाल ही में चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान ने राजामौली को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया। इससे पहले एक वेबसाइट ने जनवरी में अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि एसएस राजामौली और महेश बाबू की अपकमिंग मूवी में इंडोनेशियन एक्ट्रेस चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान नजर आ सकती हैं। इन खबरों पर फिल्ममेकर्स ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया। अब हाल ही में चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान ने इंस्टाग्राम पर राजामौली को फॉलो किया है। 'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' की सफलता के बाद ये राजामौली की अगली मचअवेटेड मूवी है, जिसमें टॉलीवुड प्रिंस महेश बाबू अलग ही लुक में नजर आएंगे। इस मूवी को मेकर्स पैन वर्ल्ड स्तर पर बनाने की तैयारी में है। इस वजह से फिल्म में विदेशी स्टारकास्ट के भी होने का अनुमान है। अभी तक मेकर्स ने इस फिल्म की स्टारकास्ट का खुलासा नहीं किया है। फिल्म कब तक फ्लोर पर पहुंचेगी। इसे लेकर सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। संभवत ये मूवी इसी साल अंत तक फ्लोर पर पहुंचेगी। तो क्या आप निर्देशक एसएस राजामौली की इस अपकमिंग मूवी को लेकर एक्साइटेड हैं। अपनी राय हमें कमेंट कर बताएं।




# टाइगर श्रॉफ ने शुरू की फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी इन दिनों फिल्म 'सिंघम अगेन' बना रहे हैं। यह फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। फिल्म सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण की मुख्य भूमिका है। टाइगर श्रॉफ इस फिल्म में कैमियो कर रहे हैं। 'सिंघम अगेन' में टाइगर श्रॉफ एसीपी सत्या की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में टाइगर ने फिल्म में अपनी भूमिका का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके कैप्शन में टाइगर ने लिखा, 'एसीपी सत्या रिपोर्टिंग सर'। मेकर्स को उम्मीद है कि फरवरी के अंत तक टाइगर अपने अधिकांश सीन की शूटिंग पूरी कर लेंगे। सिंघम अगेन इस वर्ष रिलीज होगी।

### फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने पहले सप्ताह में कमाए 55.10 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहिद कपूर और कृति सेनन अभिनीत फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने अपने शुरुआती सप्ताहांत में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 55.10 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह फिल्म अमित जोशी तथा आराधना शाह द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह दोनों की पहली फिल्म है। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया ने भी अभिनय किया है। निर्माण कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर फिल्म की तीन दिन की कमाई का आंकड़ा साझा किया और लिखा कि फिल्म ने रिलीज के बाद से दुनिया भर में 55.10 करोड़ रुपये की कमाई की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# एकता-सद्भाव के साथ राष्ट्र का निर्माण करें

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ भागवत ने लोगों से अहिंसा के मार्ग पर चलने का किया आह्वान, बोले अब दुनिया हमारी ओर देख रही



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को लोगों से एकता, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में दर्शन का उच्चतम स्तर है और दुनिया अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी ओर देख रही है।

भागवत ने जैन तीर्थंकर महावीर के 2550वें 'निर्वाण' वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोग अपनी भौतिकवादी जीवन शैली के कारण पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, दुनिया अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद से भारत की ओर देख रही है, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी भौतिकवादी जीवन शैली उन्हें वह खुशी नहीं देती जो हर कोई चाहता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भौतिकवादी चीजों में कोई खुशी नहीं है।

भागवत ने कहा कि सभी के साथ सौहार्दपूर्वक रहें, अहिंसा का पालन करें, धैर्य रखें, चोरी न करें, यही जाने का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पूर्ण सत्य की खोज के लिए अलग-अलग रास्ते चुनता है। रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है।

हमारे समाज में कई तरह के लोग हैं, जैसे जैन, सिख। लेकिन इस देश के लोग होने के नाते हम सब एक हैं और एक रहते हुए, हमें राष्ट्र का निर्माण करना है। भागवत ने कहा कि भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में लोगों ने पूर्ण "सत्य और शाश्वत खुशी" की तलाश में अलग-अलग रास्ते अपनाए, लेकिन भारत की खोज और बाकी दुनिया की खोज के बीच अंतर यह था कि वे इसे बाहर की दृश्य दुनिया में खोजने के बाद रुक गए और हमने, बाहर की खोज के बाद इसे अपने भीतर खोजना शुरू किया और सच्चाई का एहसास किया।

# FASTag केवाईसी 28 फरवरी से पहले अपडेट करना जरूरी

*नई दिल्ली। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कहा है कि 28 फरवरी के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग बंद हो जाएंगे, इससे पहले केवाईसी की अंतिम तारीख 31 जनवरी थी, लेकिन अब दिनांक बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। बता दें, बिना केवाईसी वाले फास्टैग में बैलेंस होने पर भी बंद हो जाएंगे। इसलिए केवाईसी जरूरी है। आईए जानते है इसके बारे में फास्टैग क्या है, और केवाईसी कैसे करें अपडेट।*




### क्या है फास्टैग

फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है जो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी पर बेस्ड है। ये टैग अधिकृत बैंक द्वारा किया जाता है और ऑनलाइन माध्यम से इसे टोल लिया जाता है। इसके उपयोग के कारण आप टोल टैक्स पर लंबे समय में लाइन में लगे बिना ही टोल चुका देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी टोल प्लाजा पर लगे रीडर्स कार की विंडस्क्रीन पर चिपकाए गए टैग को स्कैन करते हैं और लिंक किए गए अकाउंट के माध्यम से चार्ज कट जाता है।

### कितना लगेगा चार्ज

अगर आपने 28 फरवरी तक अपने फास्टैग की केवाईसी बैंक से अपडेट नहीं की तो आपका फास्टैग बंद हो जाएगा। इसके बाद आपको कैश में पेमेंट करना होगा और ये दोगुना वसूला जाएगा। यानी किसी टोल पर अगर 100 रुपये का टैक्स है तो आपको इसके लिए दो सौ रुपये तक देने पड़ सकते हैं।




### फास्टैग क्यों हो रहे अपडेट

एनएचएआई पिछले दिनों एक गाड़ी, एक फास्टैग इनिशिएटिव शुरू किया गया है। मतलब एक गाड़ी के लिए एक ही फास्टैग जारी होगा। ये फास्टैग जिस गाड़ी के लिए जारी हुआ है केवल उसी के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। बिना केवाईसी के फास्टैग जारी करना आरबीआई के नियमों का उल्लंघन है। फास्टैग केवाईसी कैसे अपडेट कर सकते हैं?

### सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाइट से करें अपडेट

ऑनलाइन अपडेट करने के लिए फास्टैग की वेबसाइट (fastag.ihmcl.com) पर जाएं। पेज पर टॉप में लॉगिन आइकन है। वहां रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉगिन करें। पासवर्ड याद नहीं तो मोबाइल दर्ज कर ओटीपी जेनरेट करके भी लॉगिन कर सकते हैं। फिर माय प्रोफाइल पर जाकर केवाईसी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए आईडी व एड्रेस प्रूफ, वाहन की आरसी और पासपोर्ट साइज के फोटो की जरूरत होगी। दूसरा ऑफलाइन तरीका यह है कि आपका फास्टैग जिस बैंक का है, उसकी ब्रांच में जाकर भी केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी टोल प्लाजा जा सकते हैं, या टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल कर सकते हैं। केवाईसी कितने दिन में अपडेट होगा? सभी दस्तावेज सही हुए तो आवेदन सबमिट करने के 7 दिन में केवाईसी अपग्रेड हो जाता है। आप 'माई प्रोफाइल' पेज में ही अपने केवाईसी की स्थिति की जांच कर सकते हैं।

## एक नजर

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फारूक अब्दुल्ला को भेजा समन

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। बता दें कि इससे पहले ईडी ने गत 11 जनवरी को भी उन्हें अपने स्थानीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन डॉ अब्दुल्ला नहीं गए थे। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि डॉ फारूक अब्दुल्ला को जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में हुए घोटाले के मामले में जारी जांच के सिलसिले में बुलाया गया है। जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में जेकेसीए को वर्ष 2001-12 के दौरान बीसीसीआई ने जम्मू कश्मीर में क्रिकेट व संबंधित गतिविधियों के विकास के लिए 112 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई थी।

### अमेरिका: चर्च में अंधाधुंध गोलीबारी में पांच साल का बच्चा घायल

**वाशिंगटन।** ह्यूस्टन में एक चर्च में गोलीबारी की गई। हालांकि, पुलिस ने गोलीबारी करने वाली महिला को मार गिराया। इस दौरान एक छोटे बच्चे समेत दो लोगों को गोली लगी है। शहर के पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने बताया कि पांच साल के एक बच्चे की हालत गंभीर है, जबकि कूल्हे में गोली लगने से घायल 57 वर्षीय एक व्यक्ति की हालत स्थिर है। वहीं, लेकवुड चर्च ने एक्स पर दोपहर में बताया कि एक हमलावर द्वारा लगातार गोलियां चलाई जा रही थीं। जांच में जुटी पुलिस।

### अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, 9 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के खिलाफ पिछले महीने शुरू की गई कार्रवाई से जुड़े मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने लुधियाना में मादक पदार्थ बनाने वाली प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया है। नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में एनसीबी ने मैक्सिको के तीन समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने बताया कि जोनल इकाई ने 15 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन और नौ किलोग्राम स्यूडोएफेड्रिन और अन्य रसायन सामग्री जब्त की है। एनसीबी ने कहा- मोहाली का रहने वाला मुख्य सरगना फरार है। एजेंसी ने कहा कि गिरोह दुबई के अलावा दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और राजस्थान में संचालित होता है और इसके संचालकों में भारतीयों के अलावा मैक्सिको, कनाडा और ब्रिटिश मूल के नागरिक शामिल हैं।

### पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में छह लोगों के शव बरामद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सोमवार को गोलियों से छलनी छह शव बरामद किए। शुरुआत में यह संदेह जताया गया कि ये पांच शव उन श्रमिकों के हैं जिनका पिछले महीने तुरबत के होशाब से अपहरण किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शवों की पहचान की की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अकबर बलूच ने कहा, शव किला अब्दुल्ला के निर्जन इलाके में एक पहाड़ी हिस्से से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रांत में अनसुलझे जनजातीय विवादों के कारण भी कई लक्षित हत्याएं की जाती हैं।

## पाकिस्तान: पीएम बनने की रेस में नवाज, इमरान समर्थित पीटीआई की दो टूक

# विपक्ष में बैठना मंजूर, गठबंधन नहीं करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान में लगभग तय हो गया है कि नवाज शरीफ के नेतृत्व में गठबंधन सरकार सत्तारूढ़ होगी और इमरान खान की पार्टी-पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) विपक्ष में बैठेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन में नवाज की पार्टी-पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के साथ बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) भी होंगी।

पीपीपी का एक वर्ग अभी भी बिलावल के लिए प्रधानमंत्री पद की पैरोकारी कर रहा है। इसलिए पांच वर्ष के सरकार के कार्यकाल में नेतृत्व को लेकर साझेदारी का समझौता संभव है, जिसमें शुरुआती तीन वर्ष पीएमएल एन को और बाद के दो वर्ष पीपीपी को मिल सकते हैं। इस बीच, निर्दलीय सांसदों और विधायकों का पीएमएल एन में शामिल होना जारी है। गठबंधन सरकार की स्थिरता पर शक जताते हुए सोमवार को भी पाकिस्तान के शेयर बाजार में कमजोरी देखी गई और सूचकांक ने एक हजार प्वाइंट का गोता लगाया।

पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने देश में सरकार बनाने के दावे से पीछे हटते हुए सोमवार को कहा कि हम नवाज की पीएमएल एन और पीपीपी के साथ नहीं बैठ सकते। इसलिए हमने उनसे सरकार बनाने के संबंध में बात नहीं की। उनके साथ गठबंधन करके सरकार बनाने से अच्छा है कि हम विपक्ष में बैठें। लेकिन सभी को ध्यान रखना चाहिए कि हम बहुमत में हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव में तमाम गड़बड़ियों के बावजूद पीटीआई के सबसे ज्यादा प्रत्याशी जीतकर नेशनल असेंबली (संसद) में आए हैं। इसलिए मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेंगे। संसद में बैठकर सभी समस्याओं का समाधान करेंगे।

### नवाज शरीफ को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिला



पाकिस्तान में हुए आम चुनाव और उसके परिणामों की घोषणा के बाद रिकॉर्ड पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीटें जीत कर तकनीकी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस बीच, असेंबली में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं होने के कारण पीएमएल-एन गठबंधन की सरकार बनाने में जुटी हुई है। वहीं, पार्टी को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिल गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी में सभी पांच सदस्यों ने सोमवार को शामिल होने का फैसला किया। मालूम हो कि कि एक दिन पहले इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार ने पीएमएल-एन में शामिल हो गया था। वहीं, इन पांच सदस्यों के पीएमएल-एन में शामिल होने के बाद पार्टी को समर्थन करने वाले कुल निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या अब छह हो गई है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ से निर्दलीय नवनिर्वाचित सदस्यों के रूप में सरदार शमशीर मजारी, इमरान अकरम, सोहेल खान, खिज्र हुसैन मजारी और साहिबजादा मोहम्मद गाजिन अब्बासी ने मुलाकात की है।

# बायकॉट: चिंतित अमेरिका, युद्ध विराम में झोंकी ताकत

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को चार महीने से ज्यादा हो चुके हैं। इजराइल का समर्थन करने के कारण अमेरिकी प्रोडक्ट का बहिष्कार हो रहा है। कई अमेरिकी मल्टी नेशनल कंपनियों के उत्पादों का मिडिल- ईस्ट से लेकर एशिया और इंडोनेशिया तक के मुस्लिमों ने बायकॉट किया है।

अपनी कंपनियों को हो रहे नुकसान के चलते अमेरिका ने गाजा में संघर्ष विराम के प्रयास तेज कर दिए हैं। बहिष्कार के चलते अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कतर और मिस्र के बाद यरूशलम की यात्री। इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद चार माह में ब्लिंकन ने पांचवी इजराइल यात्रा की थी, लेकिन ब्लिंकन प्रयासों पर खरे नहीं उतर पाए। इजराइल ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इस पर ब्लिंकन ने कहा हैं कि आतंकी हमले से इजराइल को दूसरों पर क्रूरता का लाइसेंस नहीं मिल जाता है।



**1967** से 1991 तक कोका कोला का इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने किया था बहिष्कार

### बायकॉट अमेरिका अरब से लेकर इंडोनेशिया तक फैला

**मैकडोनल्ड-** इजराइल समर्थन के कारण बहिष्कार हो रहा है। कंपनी के मुताबिक 2023 की आखिरी तिमाही में मिडिल ईस्ट और एशिया में वृद्धि 0.7% रही। एक साल पहले 3.4% थी। कंपनी ने इजराइली सैनिकों को मुफ्त भोजन बांटा था। स्टारबक्स पिछले सप्ताह कॉफी चेन स्टारबक्स ने कंपनी की ग्लोबल ग्रोथ अनुमान 5 से 7% से घटाकर 4-6% कर दिया है। अमेरिकी में इजराइल विरोधी अभियान के कारण वहां भी ग्रोथ कम हुई है। इंडोनेशिया में भी बहिष्कार हो रहा है।

**कोका कोला-** इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने 1967 से 1991 तक कोका कोला का बहिष्कार किया। कोक को मार्केट से हटाने के लिए नवंबर 23 में तुर्किये संसद में वोटिंग हुई। तुर्किये में 2023 की अंतिम तिमाही में बिक्री में 22% कम रही है।

**डोमिनोज-** बहिस्कार करने वालों का दावा है कि डोमिनोज ने भी इजराइली सैनिकों को फ्री फूड दिया। दुनियाभर की फ्रेंचाइजी को झटका लगा है। मलेशिया में डोमिनोज ब्रांड के स्टोर की बिक्री 2023 की दूसरी छमाही में 8.9% कम हो गई।

### इजराइल ने दो बंधकों को मुक्त कराया

**राफा।** इजराइल की सेना ने सोमवार गाजा से दो बंधकों को मुक्त कराया और एक नाटकीय घटनाक्रम में गोलीबारी के बीच बंधकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हमास द्वारा क्षेत्र में बंधक बना कर रखे गए 100 से अधिक बंधकों की देश वापसी की दिशा में इजराइल की यह एक छोटी लेकिन प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण सफलता है। फिलिस्तीनी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। अभियान दक्षिणी गाजा शहर रफह में चलाया गया था।

## ईडी के खिलाफ हेमंत की याचिका पर सुनवाई टली अब 27 को होगी सुनवाई




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका 27 फरवरी के लिए स्थगित कर दी है। अदालत इस दिन फिर से याचिका पर सुनवाई करेगी।

अदालत ने फेडरल एजेंसी से एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। वकील जनरल राजीव रंजन ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। हेमंत के वकील राजीव रंजन ने बताया, 'ईडी को जवाब देने का आदेश दिया गया है। अदालत ने 27 फरवरी की तारीख तय की है। हमें संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है।

## आग के अंगारे...





**आइसलैंड :** प्रिंडाविक आइसलैंड की मुख्य सड़क को पार करते हुए और ब्ल लैगून की ओर जाने वाली सड़क पर बहते हुए लावा का एक दृश्य सामने आया है। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में एक ज्वालामुखी तीसरी बार फटा है। ज्वालामुखी फटने से आकाश में धुएं का गुबार छा गया और द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। ज्वालामुखी विस्फोटे के बाद 3,800 की आबादी वाले द्वीप से सुरक्षाकर्मियों द्वारा लोगों को सुरक्षित जगह ले जाया गया। ● एजेंसी

## कोचर दंपती को अंतरिम जमानत देने के खिलाफ याचिका का निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी



शीर्ष कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर और उनके कारोबारी पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया।

जज बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने याचिका का निस्तारण उस समय कर दिया जब जांच एजेंसी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य मामले में पिछले सप्ताह अपना फैसला सुनाया है लेकिन फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया है। 6 फरवरी को, बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा चंदा कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी को अवैध माना और दंपति को जमानत देने के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश की पुष्टि की।

### नायडू की याचिका पर सुनवाई 26 तक स्थगित

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में पिछले महीने अग्रिम जमानत दी थी। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है। याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए आई और उसने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 26 फरवरी तय की। याचिका न्यायमूर्ति बेला एम.त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई।

## लखीमपुर हिंसा: आरोपी आशीष की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को एक बार फिर शीर्ष अदालत से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह मामले की प्रगति के बारे में निचली अदालत से रिपोर्ट प्राप्त करे और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को पिछले साल 26 सितंबर को दिल्ली के अस्पताल में जाने की अनुमति दे दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उन्हें किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग न लेने और मीडिया से बात नहीं करने का आदेश दिया था।

**विज्ञान** अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के हालिया किए गए शोध से मिली जानकारी

# सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** हमारे सूर्य के खत्म होने के बाद ग्रहों का क्या होगा। सम्भव है कि बृहस्पति जैसे बड़े ग्रह सुरक्षित रहेंगे। शेष ग्रह शायद ही बच पाएं। हालिया बाहरी ग्रहों में किए गए शोध से यह जानकारी निकलकर आई है।

पहले समझा जाता था कि सूर्य के खत्म होने के बाद हमारे अन्य ग्रहों का जीवन भी समाप्त हो जाएगा। मगर हाल में हुए शोध में नई जानकारी सामने आई है। अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक सुसान मुल्ली के नेतृत्व में 34 प्रकाश वर्ष की दूरी पर डब्लू डी 1202-232 और 35 प्रकाश वर्ष दूर डब्लू डी 2105-82 नामक अलग-अलग सफेद बौने सितारों की परिक्रमा करने वाले एक्सोप्लैनेट का अध्ययन किया।



35 प्रकाश वर्ष दूर ग्रह व उसका बौना तारा।

अध्ययन में इनके ग्रहों का द्रव्यमान बृहस्पति के 1 से 7 गुना के बीच पाया गया। जेम्स वेब दूरबीन से देखने पर स्पष्ट पता चल पाया कि अरबों वर्ष पुराने बृहस्पति जैसे यह एक्सोप्लैनेट हैं जो संभवतः अपने सफेद बौने मेजबान सितारों के वायुमंडल को प्रदूषित कर रहे हैं और अपने तारे के खत्म होने के बाद बचे रह गए, जो संभवतः अपने अधिक द्रव्यमान के कारण सुरक्षित रह गए। ज्ञात हो हमारा सूर्य भी खत्म होने के बाद व्हाइट ड्वार्फ बन जाएगा। लिहाजा हमारे सूर्य के सफेद बौने में बदल जाने के बाद बृहस्पति और शनि बचे रह पाएंगे।

### अब तक पांच हजार एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं वैज्ञानिक

ब्रह्मांड के अथाह सागर में वैज्ञानिक अब तक पांच हजार से अधिक एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं। खगोलविद एक्सोप्लैनेट के अपने मेजबान तारे पर पड़ने वाले प्रभावों का निरीक्षण करते आ रहे हैं और इन पर होने वाले प्रभावों के आधार पर अनेक निष्कर्ष निकालते हैं। हाल में की गई यह खोज सौर मंडल के ग्रहों की भविष्य की जानकारी प्रदान करती है। एस्ट्रोनॉमी जनरल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

# यूएई: मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु को दर्शाया

अबू धाबी, एजेंसी

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। पीमए मोदी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को रवाना होंगे। बता दें, यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह-अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा। हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। यहां 100 से अधिक भारतीय स्कूली बच्चे पत्थरों को चित्रित करने में लगे हुए हैं। दरअसल, मंदिर उद्घाटन में शामिल होने वाले सभी मेहमानों को उपहार के तौर पर दिया जाएगा। पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जो संयुक्त अरब अमीरात में पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है। बच्चे तीन महीने से हर रविवार को मंदिर स्थल पर पत्थर सेवा कर रहे हैं और अब छोटे खजाने कहे जाने वाले उपहारों को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। 12 वर्षीय तिथि पटेल के लिए, पत्थर सेवा एक वीकेंड एक्टिविटी है, जिसमें उन्हें काफी मजा आता है। तिथि पटेल ने बताया, हमने मंदिर स्थल पर बचे हुए पत्थर और छोटी चट्टानें इकट्ठा कीं। फिर हमने उन्हें धोया और पॉलिश किया, उसके बाद प्राइमर की एक परत लगाई और फिर पेंट किया। प्रत्येक चट्टान पर एक तरफ एक प्रेरक उद्धरण है और दूसरी तरफ मंदिर के किसी हिस्से को चित्रित किया गया है। 8 वर्षीय रेवा करिया, जिन्होंने इस रविवार को पत्थरों को उपहार बक्सों में पैक किया है, उन्होंने बताया कि उन्होंने उपहार का नाम "छोटा खजानारखा है क्योंकि बच्चे उन्हें अपने छोटे हाथों से इसे बना रहे हैं।

**14** फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करने के लिए आज रवाना होंगे प्रधानमंत्री मोदी



### मंदिर में अयोध्या नगरी को पत्थरों की संरचना में उकेरा

मंदिर में सात देवी-देवता विराजे है, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

### खराब मौसम ने मोदी का कार्यक्रम किया छोटा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'अहलान मोदी' को छोटा कर दिया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि यूएई में खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। दरअसल, रात भर बिजली की चमक के साथ भारी बारिश हुई है, जिसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम और जलभराव की स्थिति है। बता दें, लोगों की भागीदारी की संख्या 80 हजार से घटाकर 35 हजार कर दी गई है।